राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 06 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 127, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

पहले हिंदू बनकर शादी का झांसा दिया फिर बलात्कार किया..02

कानपुर के जेसीपी बने विपिन टाडा, और संकल्प शर्मा ...11

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद यूपी में 'बुलडोज़र जस्टिस' जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली–** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि 'बुलडोज़र जस्टिस' को लेकर सुप्रीम कोर्ट के नवंबर 2024 के आदेश के बावजूद राज्य में इमारतों का दंड देने के उद्देश्य से ध्वस्तीकरण जारी है. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी सवाल किया कि क्या किसी अपराध के घटित होने के तुरंत बाद किसी इमारत को गिराना, कार्यपालिका के विवेकाधिकार का 'छलपूर्ण प्रयोग' नहीं है. जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने यह टिप्पणी फहीमुद्दीन और अन्य द्वारा दायर एक रिट याचिका की सुनवाई के दौरान की. याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उनके एक रिश्तेदार आफ़ान ख़ान पर बीएनएस, पॉक्सो एक्ट, आईटी एक्ट और उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज है. याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि हालांकि उन्हें एफआईआर में सह-आरोपी के रूप में नामित नहीं किया गया है, फिर भी कथित तौर पर जिला पुलिस से मिलीभगत रखने वाली एक भीड़ उन्हें निशाना बना रही है. याचिकाकर्ताओं ने अदालत के समक्ष आशंका जताई कि हमीरपुर स्थित उनकी संपत्तियों, जिसमें एक आवासीय मकान, एक व्यावसायिक लॉज और एक आरा मिल शामिल है, उनको संबंधित अधिकारियों द्वारा ध्वस्त किए जाने के लिए चिह्नित किया गया है. उनका यह भी कहना था कि व्यावसायिक लॉज और आरा मिल को पहले ही प्रतिवादी अधिकारियों द्वारा सील किया जा चुका है. ऐसे में उन्होंने संभावित बुलडोजर कार्रवाई को रोकने के लिए हाईकोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की. याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देते हुए हाईकोर्ट ने सवाल किया कि क्या राज्य को किसी आरोपी के आवास को गिराने का अधिकार है, या फिर उसका दायित्व नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है. पीठ ने टिप्पणी की कि किसी अपराध के तुरंत बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करना, कार्यपालिका के विवेकाधिकार का विकृत या अनुचित प्रयोग हो सकता है. सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि उसके संज्ञान में ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें किसी अपराध के घटित होने के तुरंत बाद ही उस व्यक्ति से जुड़ी इमारतों में रहने वालों को ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी कर दिया गया है. अदालत ने कहा, 'इसके बाद वैधानिक औपचारिकताओं की दिखावटी पूर्ति के बाद आवासीय इमारतों को गिरा दिया गया।'

मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी को तय करते हुए अदालत ने पूछा कि क्या सुप्रीम कोर्ट के नवंबर 2024 के फैसले, विशेष रूप से उसके पैरा 85 और 86 का पालन नहीं किया गया है. अदालत ने सवाल किया, 'क्या तोड़फोड़ करने वाली



प्राधिकरण ने इसे उचित ठहराया, या फिर सार्वजनिक आवश्यकता/उद्देश्य के अभाव में आवासीय इमारतों को न गिराने का राज्य पर कोई दायित्व था?' कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या किसी अपराध के घटित होने के तुरंत बाद ही ध्वंस के लिए कदम उठाए गए थे. हाईकोर्ट ने कहा कि उसके सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें किसी अपराध के तुरंत बाद ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी कर दिया जाता है. अदालत ने दोहराया कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ध्वस्तीकरण को सज़ा के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, क्योंकि सज़ा देने का अधिकार केवल न्यायपालिका के पास है, न कि कार्यपालिका के पास।

इसके अलावा, अदालत ने यह जानना चाहा कि राज्य के वैधानिक अधिकार और एक सामान्य नागरिक के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत प्राप्त मौलिक अधिकारों के बीच टकराव की स्थिति में हाईकोर्ट किस तरह संतुलन स्थापित कर सकता है. अंत में, अदालत ने संबंधित अधिकारियों से यह भी पूछा कि क्या ध्वस्तीकरण की 'उचित आशंका' किसी नागरिक के लिए इस अदालत का दरवाज़ा खटखटाने का आधार बन सकती है, और यदि हां, तो ऐसी 'आशंका' के अस्तित्व को मानने के लिए न्यूनतम मानक क्या होगा. हालांकि, राज्य सरकार ने याचिका पर प्रारंभिक आपत्ति उठाते हुए कहा कि यह समय से पहले दायर की गई है और याचिकाकर्ताओं को उनके खिलाफ जारी नोटिसों का जवाब देना चाहिए. इसके अलावा, हाईकोर्ट को मौखिक आश्वासन भी दिया गया कि कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन किए बिना और याचिकाकर्ताओं को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिए बिना कोई ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा।

## प्रवर्तन निदेशालय के बाद दिल्ली पुलिस का अल फलाह यूनिवर्सिटी पर शिकंजा, चेयरमैन सिद्दीकी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




प्रवर्तन निदेशालय (ED) की कार्रवाई के बाद अब दिल्ली पुलिस ने अल फलाह यूनिवर्सिटी पर शिकंजा कस दिया है. दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई यूजीसी की शिकायत के आधार पर दर्ज दो अलग-अलग एफआईआर के तहत की गई है. इन दोनों एफआईआर में यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी पर फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप लगाए गए हैं. क्राइम ब्रांच ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से पुलिस को चार दिन की कस्टडी रिमांड मिली है. अल फलाह यूनिवर्सिटी का नाम दिल्ली बम ब्लास्ट के दौरान सुर्खियों में आया था. तब इस यूनिवर्सिटी में काम करने वाले दो डॉक्टर्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. इन दोनों डॉक्टर्स के नाम हैं मुजम्मिल अहमद गनई और शाहीन सईद. अब यूनिवर्सिटी के चेयरमैन की गिरफ्तारी हुई है।

### क्यों हुई गिरफ्तारी?

दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद से ही हरियाणा के फरीदाबाद में मौजूद अल फलाह यूनिवर्सिटी संदेह के घेरे में रही. आतंकी मॉड्यूल के खुलासे में भी यूनिवर्सिटी की भूमिका पर सवाल उठे. कई गिरफ्तारियां हुई. इस बीच यूनिवर्सिटी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो एफआईआर दर्ज कीं. इसी मुकदमे के आधार पर ईडी ने भी जांच तेज की।


अल फलाह यूनिवर्सिटी पर आरोप है कि अवैध तरीके से लाभ कमाने के लिए यूनिवर्सिटी ने छात्रों, उनके परिजनों और यूनिवर्सिटी से जुड़े अन्य लोगों को गुमराह करने की साजिश रची. उन्हें एनएएसी से प्रमाणित और यूजीसी मान्यताप्राप्त बताकर झूठ बोला. भ्रम फैलाने वाले कई दावे किए. इन्हीं आरोपों के आधार पर अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दिकी की गिरफ्तारी हुई है. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी जवाद को कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने आरोपी को चार दिन की कस्टडी रिमांड पर भेजा है. कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपपत्र पर सुनवाई के लिए 13 फरवरी की तारीख दी है।

### क्यों खारिज हुई यूनिवर्सिटी की अपील?

सुनवाई के दौरान यूनिवर्सिटी के पक्ष को सुनने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने इस मामले की सुनवाई टाल दी. यूनिवर्सिटी की तरफ से पक्ष रखने वाले वकीलों ने कोर्ट में कहा कि पुलिस के आरोपपत्र और उससे जुड़े कागजों को अभी तक पढ़ नहीं पाए हैं, इसके लिए समय चाहिए. उनका कहना था कि पुलिस के आरोपपत्र वाले दस्तावेज करीब 10 हजार पन्नों में हैं. इसे पूरी तरह पढ़ने के लिए समय चाहिए. दरअसल, सिद्दीकी पर दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच और ईडी, दोनों के केस हैं. दिल्ली पुलिस ने पहले से ही उन्हें हिरासत में ले रखा है और अब ईडी के मामले में भी सिद्दीकी पर शिकंजा कसता जा रहा है. सिद्दीकी के वकीलों ने कहा कि वो अपने क्लाइंट से नहीं मिल पाए क्योंकि वो पहले से दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की हिरासत में है।

## कांग्रेस का सरकार पर कटाक्ष : संसद 'मन की बात' के लिए नहीं है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कांग्रेस ने संसद में जारी गतिरोध के बीच बृहस्पतिवार को सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह 'मन की बात' वाली सोच से सदन चलाना चाहती है, लेकिन सदन 'मन की बात' के लिए नहीं, बल्कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की आवाज सुनने के लिए है। मुख्य विपक्षी दल ने इस बात पर भी जोर दिया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं को भी बोलने का मौका मिलना चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक और वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित सांसद मणिकम टैगोर ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''सदन में दो आवाजें हैं, एक आवाज सत्तापक्ष की और दूसरी विपक्ष की है। लेकिन विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास हो रहा है। सरकार नहीं चाहती कि विपक्ष की आवाज को मौका मिले।''

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''यह सरकार की 'मन की बात' वाली सोच है। 'मन की बात' रेडियो पर हो सकती है, लेकिन संसद 'मन की बात' के लिए नहीं है। संसद में विपक्ष के नेता बोलते हैं और फिर प्रधानमंत्री जवाब दे सकते हैं।'' टैगोर ने कहा कि यह पहली बार है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने का मौका नहीं दिया गया और संभवतः प्रधानमंत्री भी नहीं बोलेंगे, जो लोकतंत्र के लिए दुखद है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, ''संसदीय लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष तथा दूसरे नेताओं को भी सदन में बोलने का अधिकार है, लेकिन इस सरकार द्वारा उन्हें बोलने से वंचित किया जा रहा है। इसलिए हमारा एकमात्र एजेंडा है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में विपक्षी नेताओं और नेता प्रतिपक्ष को बोलने का मौका मिलना चाहिए।''

उधर, विपक्षी दलों के नेताओं ने बृहस्पतिवार को बैठक कर संसद के वर्तमान बजट सत्र में आगे की रणनीति पर चर्चा की और फैसला किया कि वे विपक्षी नेताओं को सदन में नहीं बोलने देने के विषय पर सरकार को घेरेंगे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कक्ष में हुई बैठक में कांग्रेस के अलावा समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और कई अन्य दलों के नेता शामिल हुए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नगर पंचायत चुनाव से पहले बड़ी कार्रवाई, लातेहार में वाहन जांच के दौरान 40 लाख से अधिक नकदी जब्त



झारखंड के लातेहार जिले में नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर जिले में लागू आदर्श आचार संहिता के तहत चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान बुधवार की शाम प्रशासन को बड़ी सफलता मिली। लातेहार सदर थाना क्षेत्र के करकट ग्राम के समीप पलामू की ओर से रांची जा रही कत्थे रंग की मारुति स्विफ्ट डिजायर कार (जेएच 01 सीए 9495) से 40 लाख 20 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार नियमित वाहन जांच के दौरान उक्त कार को रोका गया था, जिसकी तलाशी लेने पर इतनी बड़ी नकदी मिलने से संबंधित अधिकारियों ने तत्काल वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

नोडल पदाधिकारी श्रवण राम ने बताया कि बरामद राशि की जानकारी आयकर विभाग के सक्षम अधिकारी को दे दी गई है तथा पूरे मामले की जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच पूरी होने तक इससे संबंधित अन्य विवरण सार्वजनिक नहीं किए जाएंगे। इस घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने क्षेत्र में सतकर्ता बढ़ा दी है तथा अन्य संदिग्ध वाहनों की भी गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक स्तर पर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद नकदी का स्रोत क्या है और इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चुनाव के दौरान अवैध धन के संभावित उपयोग को रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है और चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रशासन ने दोहराया कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों के अनुसार, इस तरह की कार्रवाई काले धन के प्रवाह पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। फिलहाल मामला जांचाधीन है और आयकर विभाग की रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## हाथरस में आर्मी जवान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, कोर्ट से लौट रहा था; बदमाशों ने कार पर किया फायर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में आगरा-अलीगढ़ राजमार्ग पर उस समय सनसनी फैल गई, जब कार सवार अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने एक फौजी की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान आर्मी में तैनात एक जवान के रूप में हुई है, जो कोर्ट में किसी काम से आया हुआ था. ये घटना सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के मुन्नी देवी कोल्ड स्टोरेज के पास की बताई जा रही है।

अज्ञात हमलावरों ने फौजी की कार को निशाना बनाते हुए कई राउंड गोलियां चलाई. अचानक हुए हमले से फौजी काफी घबरा गया और जान बचाने के लिए कार से उतरकर कोल्ड की ओर भागने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने पीछा कर उसे गोली मार दी. गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना की सूचना मिलते ही सादाबाद कोतवाली पुलिस, एसओजी टीम और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए।

### फौजी की गोली मारकर हत्या

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का काम जारी है. दिनदहाड़े हुए इस हत्याकांड से इलाके में दहशत का माहौल है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और सभी संभावित एंगल से जांच की जा रही है. प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश, पुरानी दुश्मनी या सुनियोजित हमले की आशंका जताई जा रही है।

### इलाके में गुस्से का माहौल

हालांकि ,अभी किसी ठोस कारण की पुष्टि नहीं हो सकी है. आर्मी के जवान की हत्या से पूरे क्षेत्र में आक्रोश और शोक का माहौल है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तारी के लिए पांच टीम बना दी है. मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. उन्होंने मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## देहरादून के मार्केट में लड़की की गला रेतकर हत्या, व्यापारियों ने विरोध में बंद रखीं दुकानें; आरोपी अरेस्ट



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तराखंड के देहरादून के पलटन मार्केट स्थित मच्छी बाजार में सोमवार को एक युवती की बेरहमी से हत्या कर दी गई. एक शादीशुदा युवक ने सरेआम एक युवती पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. दिनदहाड़े हुई इस घटना से व्यापारी और स्थानीय लोग दहशत में हैं. विरोध में बाजार की कई दुकानें बंद रहीं और आरोपी को पुलिस से सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की. पुलिस के अनुसार, गोविंदगढ़ निवासी 23 वर्षीय काजल (परिवर्तित नाम) सोमवार सुबह लगभग 10 बजे अपने घर से ड्यूटी के लिए निकली थी. वह एक डेंटल क्लिनिक में कार्यरत थी. जैसे ही वह अंसारी मार्ग स्थित दूल्हा बाजार के पास पहुंची, पहले से घात लगाकर बैठे आरोपी आकाश कुमार ने उस पर अचानक हमला कर दिया।

### युवती के गले पर वार किया

बताया गया है कि आरोपी ने युवती के गले पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी. आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई. घटना के तुरंत बाद घायल युवती को दून अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और इलाके की घेराबंदी कर कुछ ही देर में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी मन्नूगंज, खुड़बुड़ा मोहल्ले का रहने वाला है. पुलिस ने बताया कि आरोपी शादीशुदा है और एक बच्चे का पिता भी है. प्राथमिक जांच में मामला एकतरफा रंजिश या प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हो सकता है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है. आरोपी से पूछताछ जारी है ताकि हत्या के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सके. घटना के बाद मृतका के परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी रोष देखा गया. अस्पताल और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. परिजनों का आरोप है कि गुंजन ने दो दिन पहले ही खुड़बुड़ा चौकी में आरोपी के खिलाफ शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया. उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती, तो यह घटना टाली जा सकती थी।

### व्यापारियों ने दुकानें बंद रखीं

हत्या के विरोध में मच्छी बाजार, दूल्हा बाजार और आसपास के क्षेत्रों में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखीं. स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने कहा है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## असम: गौरव गोगोई का सीएम के परिवार पर ज़मीन हड़पने का आरोप, शर्मा ने मानहानि केस की धमकी दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली–** असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने बुधवार (4 फरवरी) को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा के परिवार ने पूरे राज्य में लगभग 12,000 बीघा ज़मीन हड़प ली है. यह रकबा 3,960 एकड़ से भी अधिक बैठता है. हाल के दिनों में धार्मिक आधार पर अलगाव जैसी व्यवस्था की बात कहने को लेकर पूर्व सुप्रीम कोर्ट जजों से लेकर नागरिक समाज तक की आलोचना झेल चुके शर्मा एक बार फिर आरोपों के केंद्र में आ गए हैं. इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा है कि वह कांग्रेस नेताओं, जिनमें गोगोई भी शामिल हैं, के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे. वहीं, गोगोई ने कहा कि शर्मा की प्रतिक्रिया से साफ है कि वह घबराए हुए हैं. उन्होंने एक्स पर लिखा, 'अगर उनमें हिम्मत है तो शरण लेने के बजाय जनता की अदालत में हमसे मुकाबला करें।'

### ज़मीन घोटाला

गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता ने यह भी दावा किया कि मुख्यमंत्री ज़मीन घोटाले से ध्यान भटकाने के लिए गोगोई पर पाकिस्तान से संबंध होने जैसे आरोप लगा रहे हैं. प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोगोई ने कहा कि पार्टी मुख्यमंत्री द्वारा 'ज़मीन हड़पने' की जांच कर रही है और आरोप लगाया कि उन्हें राज्य के अलग-अलग हिस्सों में उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर नियमों का उल्लंघन करते हुए 12,000 बीघा ज़मीन हड़पे जाने के सबूत मिले हैं. पीटीआई के मुताबिक उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने जांच की है और उसमें कुछ चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. पूरे राज्य में लगभग 12,000 बीघा ज़मीन पर मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने कब्ज़ा किया है।'

कांग्रेस ने 'www.whoishbs.com' नाम से एक वेबसाइट भी लॉन्च की है, जिसमें शर्मा पर भ्रष्टाचार और ज़मीन हड़पने से जुड़े आरोपों का ब्योरा दिया गया है. भाजपा की असम इकाई के एक्स अकाउंट ने पहले इस लिंक को साझा किया था, लेकिन बाद में पोस्ट हटा ली गई. वेबसाइट पर एक फोन नंबर भी दिया गया है, जिसके ज़रिए लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

'हू इज़ एचबीएस' वेबसाइट लॉन्च करते हुए उन्होंने कहा, 'आज हम अपनी आंतरिक टीम के ज़रिए और जनता से बात करके यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके परिवार के अलग-अलग सदस्यों के नाम पर कितनी बीघा ज़मीन है. लेकिन हमें अभी इसकी पूरी सीमा नहीं पता है. इसलिए हमने एक वेबसाइट शुरू की है... अगर आपके इलाके में हिमंता बिस्वा शर्मा द्वारा खरीदी गई किसी संपत्ति से जुड़ी कोई जानकारी, वीडियो या शिकायत है, तो वेबसाइट पर जाकर उसे जमा करें. हम उसे लेंगे और खुद जाकर जांच करेंगे. हम इसे जनता के हिस्से के तौर पर जांचेंगे.' पीटीआई के अनुसार, गोगोई ने कहा, 'उन्होंने कृषि भूमि पर कब्ज़ा किया और फिर उसका दर्जा बदलकर औद्योगिक भूमि कर दिया. इस विधानसभा चुनाव के बाद जब कांग्रेस की सरकार बनेगी, तो हम इन सभी



मामलों की जांच कराएंगे।'

गोगोई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शर्मा ने 'असम को बेचना एक पारिवारिक धंधा बना दिया है.' उन्होंने आरोप लगाया, 'उनके परिवार के स्वामित्व वाली 17 कंपनियां हैं. उन्होंने अडानी, अंबानी और पतंजलि को 40,000 बीघा ज़मीन दी है. ठेकेदारों से परियोजनाएं दिलाने के बदले हर सामान और हर आइटम पर 'एचबीएस टैक्स' वसूला जाता है.' गोगोई की इस प्रेस वार्ता में असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (असम प्रभारी) जितेंद्र सिंह और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद थे।

पीटीआई के मुताबिक, बघेल ने आरोप लगाया कि शर्मा ने पिछले पांच साल में राज्य की जनता को सिर्फ धोखा ही दिया है. उन्होंने कहा, 'जो (नरेंद्र) मोदी दिल्ली में कर रहे हैं, वही हिमंता बिस्वा शर्मा यहां कर रहे हैं. वे सारी संपत्तियां अडानी और अंबानी को सौंप रहे हैं और जनता के लिए मुश्किलें पैदा कर रहे हैं.' सैकिया ने कहा कि उन्हें असम का सबसे सफल मुख्यमंत्री बताए जाने के प्रचार के बावजूद शिक्षा, स्वास्थ्य और पीडब्ल्यूडी जैसे वे सभी विभाग, जिन्हें शर्मा अपने कांग्रेस कार्यकाल से संभालते आए हैं, सबसे खराब प्रदर्शन कर रहे हैं।

### 'मानहानि'

जवाब में शर्मा ने आरोपों के विवरण पर कुछ नहीं कहा, लेकिन सोशल मीडिया पर घोषणा की कि वह शीर्ष कांग्रेस नेताओं के खिलाफ 'झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान देने' के लिए मानहानि का मुकदमा करेंगे. एक्स पर पोस्ट करते हुए शर्मा ने कहा, 'मैं 9 फरवरी को जितेंद्र अलवर, भूपेश बघेल, गौरव गोगोई और देबब्रत सैकिया के खिलाफ आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेरे खिलाफ दिए गए झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक बयानों के लिए दीवानी और आपराधिक मानहानि की कार्यवाही शुरू कर रहा हूं.' उन्होंने कहा, 'हिट-एंड-रन राजनीति का दौर खत्म हो चुका है. अगर उनमें ज़रा-सी भी हिम्मत या सबूत है, तो वे हर आरोप को अदालत में साबित करें।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं तथाकथित गांधी परिवार के गुलामों के प्रचार, समन्वित बदनामी या राजनीतिक नाटकों से डरने वाला नहीं हूं.' गोगोई ने भी एक्स पर जवाब दिया. उन्होंने लिखा, 'यह साफ दिख रहा है कि आज की हमारी प्रेस कॉन्फ्रेंस से हिमंता बिस्वा शर्मा डर गए हैं. जल्द ही उनके भ्रष्टाचार और संपत्ति का ब्योरा असम के हर गांव में सार्वजनिक किया जाएगा. अगर उनमें हिम्मत है, तो शरण लेने के बजाय जनता की अदालत में हमसे लड़ें.' उन्होंने जोड़ा, 'पी.एस. मैं हिट एंड रन पर टिप्पणी नहीं करना चाहता।'

## संक्षिप्त खबरें

### मतदाता सहायता केन्द्र पर बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक उपस्थित रहना अनिवार्य



**बस्ती।** बस्ती जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि मतदाता सहायता केन्द्र पर बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक निम्न सामग्रियों के साथ उपस्थित रहेंगे। दिनॉक 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली की प्रति, अनुपस्थित/ शिफ्टेड/ मृत/ डुप्लिकेट मतदाताओं की सूची की प्रति, विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण 2003 की अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली की प्रति समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त फार्मो की कम संख्या में उपलब्धता की शिकायतों के दृष्टिगत कम से कम 50-50 की संख्या मे फार्म 6 (घोषणा पत्र सहित), फार्म 7 व 8 (घोषणा पत्र सहित) की उपलब्धता मतदाता केन्द्र पर सुनिश्चित की जाय। उन्होने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सहायता केन्द्र पर पात्र नागरिको को मैपिंग तथा दावे और आपत्तियों से संबंधित फार्मो को भरने में सहायता प्रदान की जायेंगी।

### यशवीर सिंह बस्ती के नये पुलिस कप्तान,24 आईपीएस अफसरों का हुआ ट्रांसफर



**बस्ती।** शासन ने दो दर्जन आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर कर दिया है। बस्ती के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन को एसएसपी सहारनपुर बनाये गये हैं। 2013 बैच के आईपीएस यशवीर सिंह बस्ती के नये एसपी होंगे। इससे पहले यशवीर सिंह रायबरेली में पुलिस अधीक्षक थे। ये बस्ती मंडल के सिद्धार्थनगर जिले मे भी पुलिस अधीक्षक रहे। इनकी गिनती तेज तर्रार और इमानदार आईपीएस अफसरों में होती है। वे वेटनरी साइंस से ग्रेजुएट हैं। वे आईपीएस अफसर बनने से पहले पशु चिकित्सक भी थे। फिलहाल बस्ती की जनता पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के कार्यकाल को अच्छा नही मानती। कई गंभीर मामलों का खुलासा नही हुआ और निर्णय लेने की क्षमता पर सवाल उठे। ऐसे गंभीर मामलों में पीड़ितों को न्याय मिल सकेगा आने वाले समय में कानून व्यवस्था लगाम गाने में कामयाब होंगे ।

### रूद्र महायज्ञ के लिए निकाली गई कलश यात्रा



**सिद्धार्थनगर-** जिले के इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम सकतपुर में ग्यारह दिवसीय रूद्र महायज्ञ को लेकर गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई, रुद्र महायज्ञ का जलाभिषेक के लिए कलश यात्रा सकतपुर से होकर फारहुवा बूढ़ी राप्ती घाट पर पहुंची। जिसमें आचार्य लक्ष्मण ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में पवित्र जल भराया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां पर कलशों को यज्ञ मंडप में विधि विधान से स्थापित किया गया। रामचरित्र मानस दिनेश मिश्र, संजय मिश्र, मनोहर पाण्डेय, मन्दिर पुजारी विश्वनाथ गिरी,यज्ञ के आयोजक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि रूद्र महायज्ञ 15 फरवरी तक चलेगा। जिसमें प्रवचन के बाद रामलीला का कार्यक्रम रात में भी चलेगा।उन्होंने बताया यज्ञ के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस मौके पर विधायक प्रभात कुमार वर्मा, साधना चौधरी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष,चेयर मैन भारत भारी धर्म राज चौधरी, चेयर मैन बढ़नी चाफा राम प्रकाश चौधरी, जय वर्धन तिवारी,सुधीर त्रिपाठी, शिव कुमार वर्मा, संजय सिंह, रामनिवास उपाध्याय, कारिया यादव पूर्व प्रधान, हरी यादव, जमींदार अग्रहरि, सुनील कुमार पाण्डेय मंतोष पाठक, भोला चौधरी, राहुल पाण्डेय, विजय कुमार ग्राम सभा प्रधान,पुजारी वर्मा, राम बरन यादव, अमरजीत यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# पहले हिंदू बनकर शादी का झांसा दिया फिर बलात्कार किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में शादी का झांसा दे करके हिंदू लड़कियों को टारगेट करके लब जिहाद में शामिल कररहे हैंपीड़िता का आरोप हिंदू बन शादी का झाँसा देकर हिन्दू युवती का किया रेप आरोपी ने घर ले जाकर अपने भाई और सहयोगी के साथ किया गैंगरेप विरोध करने पर मेरे घरवालों को किया जाता था टार्चर नही जाने पर मेरे भाई को कर लेता था आरोपी किडनैप देहव्यापार भी कराने की थी मंशा चंगुल से छूटकर आई युवती ने आरोपी व घरवालों पर लगाया सनसनीखेज आरोप लगाया हिन्दू बन कलावा पहन आरोपी व उसका भाई कई हिन्दू लड़कियों को फँसा करि बना लेते थे आपत्तिजनक वीडियो ब्लैकमेल कर उन लड़कियों को कराते थे देह व्यापार पुलिस ने आरोपी को कर लिया है गिरफ्तार।बस्ती जिले से लव जेहाद का एक बेहद ही सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां पीड़िता ने आरोपी व उसके घरवालों पर काफी संगीन आरोप लगाया है।पीड़िता ने बताया कि मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसे प्रेम जाल में फँसाया युवती को शक न हो इसके लिए बाकायदा कलावा पहना उसके साथ रेप किया।पीड़िता जब घरवालों से शिकायत करने उसके घर पहुंची तो आरोपी ने घर में भी भाई व सहयोगी के साथ भी उसका गैंगरेप किया।इतना ही नहीं पूरे मामले में उसके घर वाले उससे देह व्यापार के दलदल में धकेलना चाहते थे लेकिन युवती किसी तरह से उनके चंगुल से भाग निकली और उसके बाद पुलिस थाने में पहुंचकर अपने साथ हुए हैवानियत को सिलसिलेवार तरीके से बताया।जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए कार्यवाही करने का कोतवाली पुलिस को आदेश दे दिया।फिलहाल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

दरअसल कलवारी थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता बस्ती शहर में एक निजी हॉस्पिटल में काम करती थी जहाँ जनवरी 2022 में उसकी मुलाकात प्रिंस से हुई जिसने खुद को हिंदू बताया और उसे अच्छे हॉस्पिटल में नौकरी दिलवाने के नाम पर बात ही बात में उसका मोबाइल नंबर ले लिया।धीरे धीरे उसने प्रेम जाल में फंसाया युवती को शक न हो उसके लिए युवक बाकायदा अपने हाथ में कलावा पहनता था।भरोसा जीत उसके साथ दुष्कर्म किया फिर शादी का झांसा दे लगातार दुष्कर्म किया।जब बात हद से ज्यादा गुजर गई तो युवती शिकायत लेकर उसके घर पहुंची तो घर में भी युवक ने अपने भाई व सहयोगी के साथ मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया।इतना ही नहीं पीड़िता यदि आरोपी के पास नहीं जाती थीं तो परिवार को टार्चर किया जाता और भाई को भी किडनैप कर लेता था।थकहारकर युवती को मजबूर होकर जाना ही पड़ता था।पीड़िता के अनुसार आरोपी अजफरुल हक उर्फ प्रिंस थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और इसके काले कारनामों में उसके घर वाले भी साथ देते थे।आरोपी के घरवाले भी उसे भी बर्बाद करके देह व्यापार के दलदल में ढकेलने की पूरी कोशिश की गई थी।पीड़िता ने दावा किया कि आरोपी और उसके भाई हिन्दू बनकर कई लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर उन सभी का आपत्तिजनक वीडियो बना लेते थे और उसके बाद देहव्यापार के लिए देश विदेश में बेच देते थे।

पीड़िता के आरोपो की गम्भीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अजफरुल हक उर्फ प्रिंस सहित 8 लोगों पर स्नढ्ढक्रदर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। वहीं इस पूरे मामले पर एसपी अभिनंदन ने बताया कि महिला के साथ हुए कृत्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को जेल भेज दिया गया है और जो भी तथ्य विवेचना में सामने आएगा आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। पीड़ित महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है पहले भी छेड़खानी का मुकदमा महिला ने आरोपी के ऊपर लगाए थे उसके बाद भी दोनों संपर्क में थे जिसकी जांच अभी चल रही है।

## बखरा के चक्कर में सीएमओ लाँघ चुके हैं संवैधानिक मर्यादा, लुट रहा बस्ती का स्वास्थ्य विभाग, बेखबर हैं जनप्रधिनिधि

**●भ्रष्टाचार के मोहरा हैं डा0 बृजेश शुक्ला व उनके सहयोगीजनपद बस्ती का मूल निवासी व स्तर तीन का चिकित्सा अधिकारी होने के बाद भी सीएमओ द्वारा डा0 बृजेश शुक्ला को जिला स्तरीय आरसीएच व सीएमएसडी व एनसीडी का चार्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** डा0 बृजेश शुक्ला व मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती डा0 राजीव निगम की जोड़ी द्वारा स्वास्थ्य विभाग में मचाए गए लूट के आगे जिला प्रशासन ने हाथ खड़े कर लिए हैं जिससे इनके भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रहा है और शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार पर प्रभावी कार्यवाही हेतु महामहिम राज्यपाल को पत्र सौंपकर डा0 बृजेश शुक्ला व मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती द्वारा जारी लूटपाट पर रोक व प्रभावी कार्यवाही की माँग किया है । भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिला उपाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने महामहिम राज्यपाल को सौंपे पत्र में लिखा है कि बस्ती में तैनात डा0 बृजेश शुक्ला स्तर तीन के चिकित्सा अधिकारी होने के साथ - साथ ग्राम - सिकटा , पोस्ट - गनेशपुर - जनपद - बस्ती के ही मूल निवासी हैं जो मुख्य चिकित्सा अधिकारी से दुरभि संधि करके जनपद में लूट मचाए हुए हैं । इनके पास जनपद स्तर के आरसीएच व सीएमएसडी स्टोर का चार्ज भी है । शासनादेश संख्या -3645 / सेक - 2 - पाँच - 2020 - आर -14 / 2020 दिनाँक 18 दिसम्बर 2020 उ0प्र0 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियमावली के बिन्दु संख्या (3) के उपखंड ( 1 ) में यह व्यवस्था दी गई है कि स्तर 3 के चिकित्सा अधिकारी को मूल जनपद में तैनाती तभी दी जा सकती है जब उसके पास जिला स्तर का प्रभार न हो परन्तु स्वार्थ लाभ प्राप्ति हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नियमों के विपरीत स्तर 3 के चिकित्सा अधिकारी बृजेश शुक्ला को जिला स्तर के आसीएच व सीएमएसडी का चार्ज देकर लूट मचाया हुआ है ।किसान यूनियन द्वारा सीएमओं के विरुद्ध लगाया गया भ्रष्टाचार का आरोप कोई नया मामला नहीं है बल्कि पूर्व की अपर जिलाधिकारी नीता यादव द्वारा अपनी जाँच में सीएमओ कार्यालय के करोड़ो के घोटाले की पुष्टि किया जा चुका है परन्तु पूरे सीएमओ कार्यालय की भ्रष्टाचार में संलिप्तता के चलते प्रकरण में भ्रष्टाचारी कानून की पकड़ से दूर हैं । समाजसेवी उमेश गोस्वामी ने राज्यपाल महोदया से बृजेश शुक्ला व मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती डा0 राजीव निगम के भ्रष्टाचार पर रोक लगाते हुए भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के निलंबन व विभागीय कार्यवाही सहित अन्य जनपद में स्थानातरण की माँग किया है ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति एवं लोकल लेवल कमेटी की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति एवं लोकल लेवल कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (पेंशन) योजना, दिव्यांगजनों हेतु कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना, शादी-विवाह पुरस्कार अनुदान योजना, दुकान निर्माण/खोखा-गुमटी/हाथ ठेला ऋण-अनुदान योजना सहित अन्य संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी स्तर से निर्गत किए जा रहे दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड की स्थिति की समीक्षा की गई तथा शेष लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को निःशुल्क बस यात्रा सुविधा, लोकल लेवल कमेटी द्वारा लीगल गार्जियनशिप प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने तथा दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित (सुगम) वातावरण सृजन के संबंध में भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ बिना विलंब उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास मौर्य, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित समिति के सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं एनजीओ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रिश्वतखोरी में जेल गए बाल विकास विभाग के दो बाबू... किए गए निलंबित, जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर ।** यूपी के बलरामपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया में रिश्वतखोरी में जेल गए दोनों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। 30 जनवरी 2026 को दोनों बाबुओं के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार किया गया था। बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय ने जिला कार्यक्रम अधिकारी की संस्तुति पर निलंबन के आदेश जारी किए हैं।घटना तुलसीपुर क्षेत्र के लालबोझी गांव की है। यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती प्रक्रिया-2025 के दौरान चयन के नाम पर 1.40 लाख रुपये रिश्वत लिए जाने का आरोप लगा था। इस संबंध में आवेदक रूबी सिंह के पति महेंद्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत पर गठित जांच टीम की रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो कर्मचारियों और एक बिचौलिये के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार किया था। किए गए कर्मचारियों में परियोजना लिपिक जमुना प्रसाद और आंगनबाड़ी नियुक्ति पटल पर तैनात रामसूचित वर्मा शामिल हैं। दोनों की भूमिका रिश्वत लेकर चयन प्रभावित करने में पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तखार अहमद ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों कर्मचारियों के निलंबन की संस्तुति निदेशालय को भेजी गई थी। इस पर अब आदेश जारी कर दिया गया है। इसी के बाद ही दोनों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू हो गई है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में पूर्व में हुई आंगनबाड़ी चयन प्रक्रियाओं की भी समीक्षा कराई जा रही है, ताकि यदि कहीं अनियमितता सामने आए तो कार्रवाई की जा सके।

### ईंट-भट्ठा स्वामियों को चेतावनी, विनियमन शुल्क जमा न करने पर होगी कार्रवाई

**प्रतापगढ़।** मुख्य राजस्व अधिकारी/प्रभारी अधिकारी खनन अजय कुमार तिवारी ने बताया है कि भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ईंट-भट्ठों के संचालन को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं कि जिन ईंट-भट्ठा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क की धनराशि अग्रिम रूप से जमा किये ईंट भट्ठा का संचालन नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को जनपद के समस्त ईंट-भट्ठा स्वामियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें बकाया विनियमन शुल्क तत्काल जमा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बिना विनियमन शुल्क जमा किए ईंट-भट्ठों पर पथाई का कार्य किया जाना नियमों का उल्लंघन है प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना विनियमन शुल्क जमा प्रमाण-पत्र के ईंट मिट्टी का परिवहन अवैध माना जाएगा। ऐसे मामलों में उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम-3, 21(2), 42(ङ) एवं 59(2) के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित ईंट-भट्ठा स्वामियों की होगी। इसलिए सभी संचालित ईंट-भट्ठों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल विनियमन शुल्क जमा कर नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

## एसएसबी व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध सागवान कटान का खुलासा, 28 बोटा जब्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** दिनांक 04 फरवरी 2026 को लगभग 13:45 बजे सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर 09वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (SSB) के कार्य क्षेत्र अंतर्गत सीमा चौकी खबरीनाका (डी कंपनी, गुरुंगनाका) के ग्राम लोहटी में अवैध रूप से सागवान के पेड़ काटे जाने की जानकारी मिली। यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 7.4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इसकी पुष्टि की गई, जो सही पाई गई। इसके उपरांत एसएसबी द्वारा बिना विलंब किए तुलसीपुर वन विभाग को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही एसएसबी की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (QRT) तथा वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम लोहटी में सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मौके पर सागवान का एक पेड़ कटा हुआ पाया गया, हालांकि आसपास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति मौजूद नहीं था। संयुक्त टीम ने गांव में जाकर स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन इस अवैध कटान के संबंध में किसी ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। सर्च अभियान के दौरान कटे हुए सागवान पेड़ के कुल 28 बोटे मौके से बरामद किए गए, जिन्हें वन विभाग द्वारा विधिवत जब्त कर लिया गया। वन विभाग ने इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए रेंज केस संख्या 14/2025-26 दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसबी और वन विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध लकड़ी कटान पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

## दिनदहाड़े कानून को खुली चुनौती बाइक सवार दबंग ने बस पर झोंका फायर, हाईवे बना दहशत का मैदान

**●नए पुलिस अधीक्षक से जनता क्या न्याय मिल सकता है भ्रष्ट थाना अध्यक्षों की जिले से बाहर हो सकते हैं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जनपद में कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। छावनी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर दिनदहाड़े एक बाइक सवार दबंग ने चलती बस पर देशी तमंचे से फायर कर दिया। यह सनसनीखेज वारदात कैमरे में कैद हो गई और अब उसका वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है।वायरल वीडियो में साफ़ देखा जा सकता है कि बाइक सवार युवक बेखौफ होकर बस की ओर निशाना साधता है और गोली चला देता है। फायरिंग के वक्त बस में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। गोली चलाने के बाद आरोपी दबंग मौके से तेजी से फरार हो गया, मानो उसे कानून का कोई भय ही न हो। कानून कब है इसलिए नहीं रहा अपराधियों में कि पिछले 10 सालों से एक ही जिले में जमीन थाना अध्यक्ष दरोगा और पुलिसकर्मी अपराधियों से साठ गांठ करके घटना को अंजाम देते हैं घटना को अंजाम देते हैं उच्च अधिकारी भी ऐसे थाना अध्यक्ष पुलिसकर्मी और दरोगा जिले में मनचाही तैनाती मिल रही है क्षेत्र में अपराधियों को संरक्षण देते हैं मृतक संस्कार को जा रही बस, फिर भी नहीं कांपा हाथःसबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बस में सवार लोग अयोध्या दाह संस्कार के लिए जा रहे थे। शोक और संवेदना के इस सफर को एक दबंग की सनक ने आतंक में बदल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस में सवार एक व्यक्ति और बाइक सवार दबंग के बीच पहले नोंकझोंक हुई, कहासुनी बढ़ी और फिर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इसी विवाद के बाद दबंग ने कमर से देशी तमंचा निकाला और फायर झोंक दिया। कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवालःदिनदहाड़े राष्ट्रीय राजमार्ग पर तमंचे से फायरिंग यह दर्शाती है कि अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं। सवाल यह है कि क्या अब हाईवे पर सफर करना भी सुरक्षित नहीं रहा? क्या मामूली विवाद में हथियार निकाल लेना अब सामान्य होता जा रहा है? पुलिस का बयानःमामले पर अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत ने कहा है कि प्रकरण की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह घटना केवल एक फायरिंग नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए चेतावनी है। वायरल वीडियो ने साफ कर दिया है कि अपराधी न सिर्फ हथियारबंद हैं, बल्कि उन्हें यह भी भरोसा है कि वे आसानी से बच निकलेंगे। यदि ऐसे मामलों में त्वरित गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह दुस्साहस कल किसी बड़े हादसे में बदल सकता है।

## सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध सागवान चिरान पर बड़ी कार्रवाई, एसएसबी व वन विभाग की संयुक्त छापेमारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर –** दिनांक 04 फरवरी 2026 को सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर 09वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (SSB) के कार्य क्षेत्र अंतर्गत एफ कंपनी सीरियानाका, ग्राम गणेशपुर में अवैध रूप से जंगली सागवान की बोटों का चिरान कर घरेलू सामान बनाए जाने की जानकारी मिली। यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 606 से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की गई। सूचना की पुष्टि के बाद 09वीं वाहिनी एसएसबी की एफ कंपनी से त्वरित प्रतिक्रिया टीम (QRT) तथा बारहवा वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम गणेशपुर में सघन सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गांव के बाहर स्थित एक झोपड़ी में सागवान की दो बोटा, 58 नग तैयार प्रकाष्ठ, लकड़ी काटने के औजार तथा एक छोटा जनरेटर बरामद किया गया। हालांकि मौके पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं मिला।

संयुक्त टीम ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन इस अवैध गतिविधि के संबंध में किसी ने कोई जानकारी देने से इंकार कर दिया। इसके पश्चात वन विभाग द्वारा मौके से बरामद सभी अवैध सामग्री को विधिवत जब्त कर लिया गया। इस मामले में वन विभाग ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय वन संरक्षण अधिनियम 1927 की धारा 26 तथा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 27, 29, 31 एवं 51 के अंतर्गत रेंज केस संख्या 44/2025-26 दर्ज कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और जल्द ही दोषियों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसबी और वन विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से सीमावर्ती इलाकों में अवैध लकड़ी कटान और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में अहम सफलता मानी जा रही है।

## संस्कृत शिक्षा की परंपरा रहेगी सुरक्षित, छात्रों की पढ़ाई नहीं होगी बाधित

**●जिला प्रशासन ने की वैकल्पिक व्यवस्था**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** तुलसीपुर नगर में जनहित में संचालित विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने संस्कृत शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने के लिए समयबद्ध एवं समन्वित कदम उठाए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में छात्रों की पढ़ाई बाधित नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन द्वारा संस्कृत विद्यालय के संचालन हेतु नगर तुलसीपुर स्थित पुरानी तहसील भवन को तात्कालिक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में चिन्हित किया गया है। पुरानी तहसील परिसर में कक्षा संचालन, बैठने की समुचित व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही विद्यालय के लिए स्थायी भवन की व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन द्वारा सकारात्मक और सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, जिससे शीघ्र ही स्थायी समाधान निकाला जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि विकास कार्यो के साथ-साथ शिक्षा एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी निर्णय समाज के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए लिए जा रहे हैं।

### समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक 7 को

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक शनिवार को 11 बजे से जिला कार्यालय पर आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में जनपद के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्यगण, नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्षगण, जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, सभी विधानसभाओं एवं ब्लॉकों के अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, विशेष आमंत्रित सदस्य, समस्त फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता आमंत्रित हैं। सभी साथियों से समय से उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की गई है। इस आशय की सूचना व्यास यादव जिलाध्यक्ष ने दी।

### भाजपा शासन में भ्रष्टाचार चरम पर, सपा जिलाध्यक्ष ने बरहज पीपा पुल हादसे पर की निंदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरहज, देवरिया।** बरहज पीपा पुल पर लोक निर्माण विभाग की घोर लापरवाही से हुए दर्दनाक हादसे पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ चुका है कि उसकी कीमत अब आम जनता को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि इस भीषण हादसे के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बने हुए हैं, जो अत्यंत निंदनीय है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि नदी में गिरे श्री धर्मु प्रसाद को चार दिन बीत जाने के बाद भी अब तक तलाश नहीं किया जा सका, जो गंभीर प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। श्री यादव ने मांग की कि घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## वरिष्ठ पत्रकार रामकिशोर त्रिवेदी की माता को दी गई श्रद्धांजलि

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के सातनपुर गांव में बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार रामकिशोर त्रिवेदी की माता स्वर्गीय गोमती त्रिवेदी की तेरहवीं संस्कार संपन्न हुआ। शांति भोज में पत्रकार, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय गोमती त्रिवेदी का निधन 87 वर्ष की आयु में हुआ था। उनके निधन की सूचना पर पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने भी गहरा दुख व्यक्त किया। स्वर्गीय गोमती त्रिवेदी धर्मपरायण और सुसंस्कृत महिला थीं। उनका जीवन त्याग, संयम और नैतिक मूल्यों का उदाहरण रहा। वे पारिवारिक एकता और सामाजिक सौहार्द की समर्थक थीं। श्रद्धांजलि सभा में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार अवनींद्र पांडेय, पवन द्विवेदी,शीतला प्रसाद गुप्ता, शनद द्विवेदी, सोनू मिश्रा, कांग्रेस के जिला प्रवक्ता सिद्धार्थ त्रिवेदी, संदीप कुमार फिजा, संतोष कुमार, टीके शुक्ला, शीतला गुप्ता, सुरेश श्रीवास्तव, रामबाबू गुप्ता, उमेश श्रीवास्तव, पूती मिश्रा, विमल तिवारी, जितेन्द्र सविता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक करोड़ 20 लाख से सरयू नदी पर तैयार होगा पीपा पुल, विभाग और एजेंसी के बीच हुआ एग्रीमेंट

**अयोध्या।** सरयू नदी में गुप्तार घाट के पास माझा जमथरा में पंचवटी द्वीप पर जाने के लिए पीपे का पुल निर्मित होने जा रहा है। निर्माण के लिए पुल का पीपा गिरने लगा है। निर्माण में लगभग एक माह लगेगा। इस पर एक करोड़ 20 लाख रुपये की लागत आएगी। वैसे वर्तमान में सरयू नदी लगभग सूख गई है। पंचवटी द्वीप वाले रास्ते पर सिर्फ सरयू की सोती का पानी बचा है। उसी को क्रास कर जाने के लिए दो सौ मीटर पीपे का पुल का निर्माण लोक निर्माण का प्रांतीय खंड कराएगा।

**एजेंसी के बीच हुआ अनुबंध**

प्रांतीय खंड के अनुसार टेंडर के बाद निर्माण के लिए विभाग और निर्माण एजेंसी के बीच अनुबंध हो गया है। पीपा गिरना शुरू है। यह पंचवटी द्वीप बीते दो वर्ष से निर्माणाधीन है। बताया गया कि पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए इसे निजी कंपनी तैयार कर रही है। यह कंपनी लखनऊ की बताई गई है, जिसे लीज पर भूमि दी गई है। श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए अत्यधिक वातानुकूलित वाले काटेज के अलावा बच्चों के लिए किड जोन, मेडिटेशन, रामायणकालीन पात्रों के अलावा पर्यटकों की मांग के अनुसार विभिन्न प्रांतों के लजीज व्यंजन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## UP में अब सात गुना कम खर्च पर मिलेगा नया बिजली कनेक्शन, UPPCL ने की खास पहल

**शुजागंज (अयोध्या)।** बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। अब नए बिजली कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में सात गुना कम खर्च करना होगा। बिजली निगम ने फिक्स चार्ज की नई व्यवस्था लागू कर दी है, जिससे खासकर ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। अब तक उपभोक्ता के घर से बिजली पोल की दूरी 60 मीटर से अधिक होने पर नए पोल का एस्टीमेट बनता था, जिसमें 20 से 25 हजार रुपये का खर्च उपभोक्ता को उठाना पड़ता था, लेकिन नए प्रविधान के तहत बिजली निगम ने पोल दूरी की सीमा को 60 मीटर से बढ़ाकर 300 मीटर कर दिया है। इस दायरे में अब उपभोक्ताओं को केवल फिक्स चार्ज के आधार पर ही कनेक्शन मिलेगा। अधिशासी अभियंता रुदौली रोहित जैन ने बताया कि नई कास्ट बुक जारी कर दी गई है और सभी कर्मचारियों को इसके अनुरूप नए कनेक्शन देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ भी कम होगा। एक किलोवाट कनेक्शन पर 100 मीटर से अधिक दूरी होने पर 3500 रुपये फिक्स चार्ज जमा करने होंगे। विद्युत लाइन व पोल लगाने में जो खर्च आएगा, वह विभाग उठाएगा। अवर अभियंता रितेश वर्मा ने बताया कि नए प्रविधानों से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को विशेष राहत मिलेगी। अब महंगे एस्टीमेट के कारण बिजली कनेक्शन से वंचित रहना नहीं पड़ेगा। नई व्यवस्था लागू होने से जहां एक ओर उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली कनेक्शन मिलेगा, वहीं निगम की कार्यप्रणाली में भी पारदर्शिता और भरोसा बढ़ेगा।

# सोनभद्र रेड क्रॉस सोसाइटी की गतिविधियों पर जिलाधिकारी सख्त, निष्क्रिय कार्यों को तत्काल सक्रिय करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र-** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला स्तरीय समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में सोसाइटी द्वारा संचालित की जा रही मानवीय गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की और व्यवस्थाओं में सुधार हेतु कड़े निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट किया कि रेड क्रॉस सोसाइटी के पास उपलब्ध संसाधनों का उपयोग पूरी तरह से पारदर्शी और जनहित में होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि कुछ कार्य लंबे समय से निष्क्रिय पड़े हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो परियोजनाएं या कार्य बेकार पड़े हैं, उन्हें तत्काल नियमित और प्रभावी बनाया जाए। सोसाइटी के संसाधनों का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु समाज के सबसे वंचित वर्गों की सहायता रहा। जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा रेड क्रॉस सोसाइटी का मूल मंत्र मानव सेवा है। गरीब, असहाय और विशेषकर कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि कुष्ठ रोगियों के लिए चिकित्सा, दवाइयां, वस्त्र और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी न रहने दी जाए। बैठक में सोसाइटी की वित्तीय स्थिति, उपलब्ध बजट, वर्तमान आय-व्यय और भविष्य की जनहितकारी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और जनहित के कार्यों में शून्य लापरवाही की नीति अपनाने की हिदायत दी। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से डॉ. पंकज कुमार राय मुख्य चिकित्साधिकारी, इन्द्रभान सिंह वरिष्ठ कोषाधिकारी, सुधांशु शेखर शर्मा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जय राम सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, मुकुल आनन्द पाण्डेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, साथ ही रेड क्रॉस सोसाइटी के अन्य सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

## वीआईपी रौब पर पुलिस की लगाम, अवैध पास और हूटर पर कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को नगर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया।अभियान के दौरान वाहनों में लगे अवैध हूटर और वीआईपी पास हटवाए गए। साथ ही शीशों पर लगी काली फिल्म भी उतरवाई गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई। जांच के दौरान चार वाहनों में अवैध विधायक व वीआईपी पास पाए गए। पुलिस ने मौके पर ही पास हटवा दिए। कई वाहनों के शीशों पर काली पन्नी लगी मिली।नियमों के उल्लंघन पर चालकों को समझाया गया और काली फिल्म हटवाई गई। कुछ चालकों को सख्त चेतावनी भी दी गई। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। कहा कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नहर माइनर की पटरी कटी, पानी गांवों में घुसा, 50 बीघा फसल जलमग्न

● गेहूं और सरसों की फसल प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के जमुआवा गांव के पास नहर माइनर की पटरी कटने से पानी उफनाकर कान्हमऊ गांव तक पहुंच गया। तेज बहाव के कारण पानी खेतों से निकलकर ग्रामीणों के दरवाजों तक भर गया। पानी भरने से करीब 50 बीघा गेहूं और सरसों की फसल प्रभावित हुई। हालांकि समय रहते नहर विभाग ने कुलाबा बंद कराकर स्थिति पर काबू पा लिया। मंगलवार की रात जमुआवा गांव के निकट नहर माइनर की पटरी अचानक कट गई। इससे नहर का पानी आसपास के खेतों में फैल गया। पानी भरने से जमुआवा गांव के रत्नेश, शिवकुमार, भगवती सोनी, रामकुमार, मोहित सविता, शैलेंद्र, पवन यादव, पिंटू सविता, भुल्लन, बालकृष्ण चौरसिया और इंद्रपाल यादव के खेत जलमग्न हो गए। गेहूं और सरसों की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा है। ढलान अधिक होने के कारण पानी आगे बढ़ता चला गया। इससे कान्हमऊ गांव के भुल्लन, शैलेंद्र और नीरज के घरों तक पानी पहुंच गया।ग्रामीणों के दरवाजों पर पानी भर गया। दरवाजों के पास बने प्रसाधन के गड्ढों में पानी भर गया। घरों के बाहर रखी सूखी लकड़ियां, भूसा और उपले भीग गए। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों और दरवाजों के सामने पानी भर गया। इससे उन्हें निकलने में असुविधा का सामना करना पड़ा। कई ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों बाद नहर का पानी उनके गांव तक पहुंचा है। इससे खेतों को नमी मिली है। उनका कहना है कि इससे भूमि का जलस्तर बढ़ने की संभावना है। नहर विभाग के अवर अभियंता सौरभ कुमार ने बताया कि दो दिन पहले नहर की टेल बंद कराई गई थी। आशंका है कि किसी शरारती तत्व ने उसे खोल दिया। दिनेश तिवारी के खेतों के पास पटरी के कुलाबे से पानी निकलकर गांव की ओर बढ़ गया। सूचना मिलते ही मौके पर टीम भेजकर कुलाबा बंद करा दिया गया। अवर अभियंता ने बताया कि जहां जहां कहीं पटरी कटने की संभावना दिखाई दी उसकी भी मरम्मत करा दी गई है।

# गिरिया गाँव में विराट रूद्र महायज्ञ का शंखनाद 51 फीट ऊंचे धर्मध्वज की हुई स्थापना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चतरा, सोनभद्र।** जनपद के चतरा ब्लॉक अंतर्गत गिरिया गाँव में आगामी विराट रूद्र महायज्ञ की तैयारियां अब परवान चढ़ने लगी हैं। गुरुवार को भक्तिमय वातावरण और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ स्थल पर 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित किया गया। इस ध्वज स्थापना के साथ ही पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्सव का माहौल बन गया है। यह विशाल यज्ञ भिक्षुक भिखारी, जंगली दास और रमाशंकर गिरी जी महाराज की पावन देखरेख में संपन्न होने जा रहा है। ध्वज पूजन के दौरान आचार्य देवी प्रसाद पांडेय, सतीश पांडेय, दीपक पांडेय एवं योगेश तिवारी ने शास्त्रोक्त विधि से पूजन संपन्न कराया। केसरिया ध्वज के आकाश चूमते ही भक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया। जंगली बाबा ने यज्ञ की समय सारणी की जानकारी देते हुए बताया कि अनुष्ठान के मुख्य पड़ाव इस प्रकार होंगे। 06 मार्च भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके पश्चात कलश स्थापना के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा। 09 मार्च भगवान शिव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का विशेष आयोजन होगा। 14 मार्च यज्ञ की पूर्णाहुति होगी, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में प्रवीण मिश्रा, सरिता मिश्रा, कृष्ण कुमार पुजारी और प्रभावती देवी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ध्वज स्थापना के इस पुनीत अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिनमें पूर्व प्रमुख रमाकांत पांडेय, आलोक मिश्रा, सुजीत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल थे।

## विकास खंड के सभी प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महराजगंज रायबरेली।** कस्बा स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज के सभागार में विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों, सदस्यों और विकास खंड के सभी प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के सुचारु संचालन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और विद्यालय व समाज के बीच सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना था।खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ होती है। उन्होंने जोर दिया कि समिति के सक्रिय सहयोग से ही परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार संभव है। वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने प्रशिक्षण के दौरान समिति की भूमिका, दायित्वों और अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, स्वच्छता, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता तथा सकारात्मक शैक्षिक वातावरण तैयार करने में एसएमसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपस्थित जूनियर शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिव बालक ने प्रधानाध्यापकों और विद्यालय प्रबंध समिति के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए यह समन्वय आवश्यक है। प्राथमिक विद्यालय राघवपुर के एसएमसी अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने आए हुए प्रधानाध्यपकों व एसएमसी अध्यक्षों से पारदर्शिता, जवाबदेही और सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं, स्कूल प्रबंधन, वित्तीय प्रावधानों और बच्चों के सर्वांगीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एक दिवसीय कार्यक्रम में ए आर पी विकास चौधरी, मीनाक्षी पाण्डेय, सरोज कुमार, ने सभी को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर दिनेश शुक्ला, सुरेंद्र शर्मा, मनीष सिंह, दयाशंकर अवस्थी, नीता पाण्डेय, उषा सिंह समेत सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक व एसएमसी अध्यक्ष मौजूद रहे।

# बीजपुर थाने को मिला नया प्रहरी, नवागत थाना प्रभारी राजेश सिंह ने संभाली कमान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र –** जनपद के बीजपुर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा किए गए फेरबदल के बाद, गुरुवार की सायं नवागत थाना प्रभारी राजेश सिंह ने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है। उनके पदभार ग्रहण करने से पुलिस महकमे में सक्रियता बढ़ गई है, वहीं स्थानीय जनता में सुरक्षा को लेकर एक नई उम्मीद जगी है। थाने की कमान संभालते ही प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने सबसे पहले थाने के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं मातहत कर्मचारियों के साथ परिचय बैठक की। इसके पश्चात उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों और बंदी गृह का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को टीम भावना के साथ पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए थाना प्रभारी राजेश सिंह ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि क्षेत्र में अपराधियों और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। शांति एवं आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम किया जाएगा ताकि आम नागरिक बिना किसी भय के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। गरीब, असहाय और पीड़ित नागरिकों को समयबद्ध व निष्पक्ष न्याय दिलाना मेरा संकल्प है। न्याय के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजेश सिंह, थाना प्रभारी, बीजपुर एक औद्योगिक और संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण यहाँ पुलिस की मुस्तैदी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। राजेश सिंह के रूप में एक अनुभवी नेतृत्व मिलने से उम्मीद जताई जा रही है कि क्षेत्र में जमीनी स्तर पर अपराधों में कमी आएगी और कानून का इकबाल बुलंद होगा।

## अनियंत्रित होकर खाई में पलटी यात्रियों से भरी बस, मची चीख-पुकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोन (सोनभद्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खेमपुर में गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेलगुड़वा से यात्रियों को लेकर कोन की ओर आ रही एक निजी बस स्टेयरिंग फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। हादसे के वक्त बस में लगभग 40 यात्री सवार थे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस अपनी सामान्य गति से जा रही थी कि तभी अचानक खेमपुर के पास बस की स्टेयरिंग फेल हो गई। चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे खाई में जा गिरी। दुर्घटना होते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बस से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तुरंत कोन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) ले जाया गया। दर्जनों यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। दो यात्रियों में से एक हालत चिंताजनक बनी हुई है। चिकित्साधिकारी डॉ. जे.पी. सिंह ने बताया कि घायल मखन्नचू (उम्र 65 वर्ष), निवासी डाल्टेनगंज, के सिर में गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया और दुर्घटनाग्रस्त बस को हटाने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि क्या बस की फिटनेस और तकनीकी रखरखाव में कोई कमी थी।

## हरदोई में सड़क हादसों में छात्रा समेत तीन लोगों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हरदोई।** तेज रफ्तार से वाहन चलाकर लोग खुद के साथ दूसरों की जिंदगी खतरे में डाल रहे हैं। हरदोई-सीतापुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा की मौत हो गई। इसी तरह बिलग्राम और सांडी में बुधवार रात हुए हादसों में दो व्यक्तियों की जान चली गई। हादसों के बाद तीनों घटनाओं में चालक वाहन लेकर फरार हो गए। देहात कोतवाली के ग्राम खेतारी की पायल नौवीं की छात्रा थी। वह शहर स्थित राजकीय इंटर कालेज में पढ़ती थी। गुरुवार की सुबह साइकिल से विद्यालय आ रही थी। रास्ते में हरदोई-सीतापुर मार्ग पर मुरलीपुरवा के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पायल गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग गया। राहगीरों ने पायल को उपचार के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पायल दो भाइयों के बीच अकेली थी। दूसरी घटना में बिलग्राम के ग्राम झालापुरवा के रजनीकांत खेती करते थे। बुधवार को किसी काम से ग्राम बसहर गए थे। देर शाम बाइक से घर जा रहे थे। बसहर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हेलमेट लगाए थे,लेकिन हेलमेट सिर से निकलकर दूर जा गिरा,सिर में चोट आने से रजनीकांत की मौत हो गई। रजनीकांत के परिवार में पत्नी मीरा के अलावा एक बेटा अभिषेक है। वहीं सांडी के ग्राम बखरिया के वेदराम बुधवार की शाम मजदूरी कर साइकिल से घर जा रहे थे। कटरा-बिल्हौर हाईवे पर आटो ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे स्वजन ने मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां वेदराम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वेदराम के परिवार में पत्नी के अलावा पांच बच्चे हैं। थाना प्रभारी बसंतराम ने बताया कि तहरीर मिलने पर एफआइआर दर्ज की जाएगी।

# अंधेर नगरी, चौपट आयोग, अखिलेश ने कहा- चुनाव आयोग का कोई झंडा हो तो भाजपा कार्यालय पर लगा दें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशेष गहन पुनरीक्षण में फर्जी फार्म-7 के सहारे अल्पसंख्यकों को वोट काटने की भाजपा की साजिश के आरोप के साथ गुरुवार को निर्वाचन आयोग पर करारा हमला बोला। एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट की। 'अंधेर नगरी, चौपट आयोग' लिखकर तंज करते हुए कहा कि चुनाव का कोई झंडा हो तो वो उसे भाजपाइयों के घर पर लगा दे। सपा प्रमुख ने मामले में सर्वोच्च न्यायालय से भी संज्ञान लेने की मांग की। सपा प्रमुख ने एक्स पर लिखा, 'अब बस यही बचा है कि चुनाव आयोग भाजपाइयों के घर पर बूथ बना दे और भाजपाइयों को पीठासीन अधिकारी। क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को ठेके पर अपना काम दे दिया है या भाजपा ने चुनाव आयोग को संविदा पर रख लिया है। सरेआम वोट काटने-बढ़ाने का अपराध हो रहा है और संवैधानिक संस्थाओं को ये नजर नहीं आ रहा। आज वोट छीनने वाले कल को जनता का बाकी सब भी छीन लेंगे।'

एक अन्य पोस्ट में अमेठी के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मामले से जुड़ा वीडियो पोस्ट कर लिखा, 'सर्वोच्च न्यायालय तत्काल संज्ञान ले, क्योंकि और किसी से उम्मीद नहीं बची है। भाजपा और उनके सहयोगी, बीएलओ को प्रताड़ित करके फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वोट काटने की साजिश कर रहे हैं।' वहीं गुरुवार को सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को ज्ञापन भेजकर विभिन्न विधान सभा क्षेत्रों में सपा समर्थक पीडीए और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम काटने के लिए प्रिंटेड फार्म-7 जमा करने की शिकायत की है। ऐसे फार्म निरस्त करने और आवेदकों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

# कब्जेदारों को फायदा पहुंचाने के आरोप में तीन PCS अधिकारी सस्पेंड, वाराणसी के मंडलायुक्त बनाए गए जांच अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** चंदौली जिले में सरकारी और गांवसभा की जमीन से जुड़े मामलों में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। जांच में पता चला है कि कुछ अफसरों ने अवैध कब्जा हटाने के बजाय कब्जेदारों को फायदा पहुंचाया। इसी वजह से सरकार ने तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। तीनों ही अधिकारी पहले यहां तहसीलदार के रूप में तैनात थे। इन अधिकारियों पर सार्वजनिक, आरक्षित व ग्रामसभा भूमि को नुकसान पहुंचाने के आरोप हैं। इनमें तत्कालीन तहसीलदार सतीश कुमार (वर्तमान तैनातीः एसडीएम एटा) विराग पांडेय (वर्तमान तैनातीः एसडीएम गाजियाबाद) व लालता प्रसाद (वर्तमान तैनातीः एसडीएम बुलंदशहर) शामिल हैं। चंदौली के जिलाधिकारी द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर तहसील की पत्रावलियों का निरीक्षण किया गया था।

इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई मामलों में वसूली के नोटिस वापस ले लिए गए हैं। ऐसा तब हुआ जब पूर्व में बेदखली आदेश पारित हो चुके थे। इस मामले में कब्जेदारों को कार्रवाई से बचा लिया गया। इसमें शामिल भूमि खलिहान, चकमार्ग, कब्रिस्तान, नवीन परती, बंजर एवं लोक उपयोगिता की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय समिति (एडीएम न्यायिक, एसडीएम चकिया एवं अपर एसडीएम चंदौली) गठित की गई। समिति की विस्तृत जांच में यह स्पष्ट हुआ कि तत्कालीन तहसीलदारों ने पीठासीन अधिकारी की हैसियत से अतिक्रमण करने वालों के पक्ष में आदेश पारित किए, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एम देवराज की ओर से जारी आदेश में तीनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक जांच शुरू करते हुए वाराणसी के मंडलायुक्त को जांच अधिकारी नामित किया गया है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर के तहसीलदार को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी बनाया गया है। इनके आरोप पत्र अलग से जारी किए जाएंगे। निलंबन के दौरान तीनों पीसीएस अधिकारी राजस्व परिषद, लखनऊ से संबद्ध रहेंगे।

## योगी आदित्यनाथ सरकार का दिव्यांगजनों को रोजगार देने का विशेष अभियान 13 तक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ-** योगी आदित्यनाथ सरकार दिव्यांगजनों को भी मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। प्रदेश के दिव्यांगजनों को रोजगार और स्व-रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार से दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 की शुरुआत हो गई है। यह विशेष अभियान छह फरवरी से 13 फरवरी तक प्रदेश के सभी जिलों में संचालित किया जाएगा। अभियान का संचालन उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन कर रहा है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत बीते तीन वर्षों में कौशल विकास मिशन और राजकीय आइटीआइ से प्रशिक्षित योग्य एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को सेवायोजन का अवसर दिया जाएगा। इसके साथ ही जिलों में उपलब्ध अन्य इच्छुक दिव्यांगजन भी इस अभियान का लाभ ले सकेंगे। अभियान के दौरान जिलों में संचालित औद्योगिक इकाइयों और अन्य अधिष्ठानों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष दिव्यांगजनों का नियोजन कराया जाएगा। इस अभियान के साथ ही एमएसएमई, जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र व अन्य विभागों की स्व-रोजगार योजनाओं से भी इच्छुक दिव्यांगजनों को जोड़ा जाएगा। यह अभियान हर जिले में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति संचालित कर रही है। समिति में जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला रोजगार सहायता अधिकारी और कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक शामिल होंगे। राजकीय आइटीआइ को केंद्र बनाकर रोजगार और स्व-रोजगार से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत दिव्यांगजनों को भी इस अभियान में शामिल किया जाएगा और जिला रोजगार सहायता अधिकारी के माध्यम से उन्हें उपलब्ध नौकरियों से जोड़ा जाएगा।

# मलेशिया दौरा 2026: क्या बदलेगा एशिया का शक्ति-संतुलन?

**क्या मलेशिया दौरा बदलेगा भारत की पूर्वी दिशा?**
**एक यात्रा, कई संभावनाएँ: मलेशिया की ओर भारत**

जब एशिया की जियोपॉलिटिक्स अनिश्चितता और प्रतिस्पर्धा की तेज लहरों से घिरी हुई है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 7-8 फरवरी 2026 का मलेशिया दौरा एक साहसी, निर्णायक और दूरदर्शी कदम के रूप में उभरता है। यह यात्रा मात्र औपचारिक कूटनीति नहीं, बल्कि भविष्य की वैश्विक रणनीति को दिशा देने वाला ऐतिहासिक प्रयास है। अगस्त 2024 में संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने के बाद यह पहला बड़ा अवसर है, जब दोनों देश अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी में हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हुआ यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा और चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच संतुलन का स्पष्ट, सशक्त और आत्मविश्वासी संदेश भी प्रस्तुत करेगा। भारत और मलेशिया के द्विपक्षीय संबंध अब औपचारिकताओं की सीमाओं से निकलकर आपसी विश्वास, सहयोग और साझेदारी की गहराई तक पहुंच चुके हैं। लगभग 2.9 मिलियन भारतीय मूल के नागरिक मलेशिया में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। यही सशक्त डायस्पोरा भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर मजबूती प्रदान करता है। मोदी और अनवर की मुलाकात में व्यापार, निवेश, डिफेंस, सुरक्षा, डिजिटल और फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी जैसे अहम विषयों पर ठोस और दूरगामी निर्णय होने की पूरी संभावना है। दसवां इंडिया-मलेशिया सीईओ फोरम इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण होगा, जहां भविष्य की आर्थिक साझेदारियों की मजबूत नींव रखी जाएगी। व्यापार के क्षेत्र में यह यात्रा एक निर्णायक और परिवर्तनकारी मोड़ साबित हो सकती है। मलेशिया का पाम ऑयल, इलेक्ट्रॉनिक्स और तेल-गैस संसाधन भारत की बढ़ती आवश्यकताओं को मजबूती देंगे, जबकि भारतीय आईटी, फार्मा और स्टार्टअप सेक्टर मलेशियाई बाजार में नए अवसरों की खोज करेंगे। दोनों देश व्यापारिक बाधाओं को कम करने, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था सुधारने और सप्लाई चेन को सशक्त बनाने पर ठोस सहमति बना सकते हैं। इंडो-पैसिफिक व्यापार गलियारों को गति देकर चीन पर निर्भरता घटाने का प्रयास भी इस एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। मोदी का दृष्टिकोण बिल्कुल स्पष्ट है—व्यापार को केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति के रूप में विकसित करना। ऊर्जा क्षेत्र में यह दौरा भविष्य की हरित क्रांति की मजबूत आधारशिला रखने की पूरी क्षमता रखता है। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन टेक्नोलॉजी और ऊर्जा संक्रमण पर सहयोग के नए द्वार खुलने की प्रबल संभावना है। मलेशिया के तेल और गैस संसाधन भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाएंगे, जबकि भारत की उन्नत सोलर और विंड तकनीक मलेशिया को नेट-जीरो लक्ष्य के और अधिक निकट पहुंचाएगी। ऊर्जा संक्रमण से जुड़े संभावित समझौते दोनों देशों को जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक साझा और प्रभावी मोर्चे पर खड़ा करेंगे। यह साझेदारी आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन का प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी। मैरिटाइम सिक्योरिटी इस यात्रा का सबसे संवेदनशील, रणनीतिक और महत्वपूर्ण पक्ष है। दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव के बीच भारत और मलेशिया का नौसैनिक सहयोग क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अनिवार्य बन चुका है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस को मजबूत करना प्रमुख प्राथमिकता होगी। मलक्का जलडमरूमध्य की सुरक्षा वैश्विक व्यापार की जीवनरेखा है, जिसकी स्थिरता दोनों देशों के साझा हितों से जुड़ी है। यह सहयोग समुद्री सुरक्षा को नई दिशा देगा, जहां साझेदारी टकराव पर भारी पड़ेगी। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत की नेतृत्व भूमिका इस दौरे के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ तथा प्रभावशाली होगी। एक्ट ईस्ट नीति और मलेशिया की लुक ईस्ट रणनीति का संगम एक मजबूत और संतुलित क्षेत्रीय ढांचा तैयार करेगा। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क पर होने वाली चर्चा सुरक्षित, पारदर्शी और स्थिर व्यापार मार्गों के विकास में सहायक होगी। क्वाड, आसियान और इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क के साथ समन्वय बढ़ने से क्षेत्र में संतुलित शक्ति व्यवस्था स्थापित होगी। मोदी का उद्देश्य पूरी तरह स्पष्ट है—इंडो-पैसिफिक को एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और सहयोगी क्षेत्र में परिवर्तित करना, जहां विकास और सुरक्षा साथ-साथ आगे बढ़ें। निवेश के क्षेत्र में यह यात्रा अवसरों के नए द्वार खोलने वाली सिद्ध होगी। मलेशियाई कंपनियां मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बन सकती हैं। सीईओ फोरम में होने वाले समझौते रोजगार सृजन, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण को नई गति प्रदान करेंगे। भारतीय प्रवासी समुदाय निवेशकों और सरकारों के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाएगा। मोदी की उद्योगपतियों से मुलाकात एफडीआई को विशेष रूप से ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में प्रोत्साहित करेगी। यह निवेश साझेदारी आपसी विश्वास, स्थायित्व और दीर्घकालिक सहयोग का मजबूत आधार बनेगी।सॉफ्ट पावर के क्षेत्र में भी यह दौरा गहरा और दूरगामी प्रभाव डालेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति और हेल्थ टेक में बढ़ता सहयोग द्विपक्षीय संबंधों को मानवीय और संवेदनशील आधार प्रदान करेगा। महामारी के बाद हेल्थ टेक और वैक्सीन सहयोग की बढ़ती अहमियत इस साझेदारी को और सुदृढ़ बनाएगी। छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध साझेदारियां ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जन-संपर्क से दोनों समाजों के बीच भावनात्मक जुड़ाव गहरा होगा। यह यात्रा प्रमाणित करेगी कि कूटनीति केवल समझौतों तक सीमित नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाली निरंतर प्रक्रिया भी है। प्रधानमंत्री मोदी की मलेशिया यात्रा एक ऐतिहासिक, निर्णायक और दूरदर्शी क्षण के रूप में दर्ज होगी। यह दौरा व्यापार, ऊर्जा, डिफेंस, सुरक्षा और निवेश के नए युग की मजबूत नींव रखेगा। मोदी और अनवर के बीच की सकारात्मक केमिस्ट्री इन समझौतों को व्यवहारिक और प्रभावी रूप देगी। यह केवल दो देशों की औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि एशिया के भविष्य की दिशा तय करने वाला रणनीतिक प्रयास है। भारत-मलेशिया साझेदारी वैश्विक चुनौतियों के सामने एक सशक्त और अटूट दीवार बनकर उभरेगी। यह यात्रा उम्मीद, आत्मविश्वास और रणनीतिक दूरदृष्टि की प्रतीक बनकर इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

**प्रो. आरके जैन**

# एक मां, बीस जिंदगियां और अमर बलिदान

**खुद बुझकर बीस दीप जलाने वाली मां**
**बीस मासूम सांसों की खातिर जली जीवन-ज्योति**

रानपुर गांव की साधारण-सी मिट्टी पर उस दिन असाधारण इतिहास अंकित हुआ, जब एक सामान्य महिला ने अद्वितीय साहस दिखाकर अपने प्राणों की आहुति दे दी। मध्य प्रदेश के नीमच जिले की कंचनबाई मेघवाल ने मधुमक्खियों के उग्र झुंड के सामने अडिग दीवार बनकर बीस मासूम बच्चों की रक्षा की। वह न कोई सैनिक थीं, न अधिकारी, न योद्धा—फिर भी उस क्षण वे साहस, ममता और त्याग की जीवंत प्रतिमा बन गईं। हजारों डंक सहते हुए भी उन्होंने बच्चों को अपनी बाहों में समेटा, सुरक्षित कमरों तक पहुंचाया और स्वयं पीड़ा के अथाह सागर में डूबती चली गईं। उनका यह बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि नारी शक्ति की अमर गाथा है, जो सदियों तक समाज को दिशा और प्रेरणा देती रहेगी। कंचनबाई का जीवन संघर्षों की कठोर कसौटी पर गढ़ा गया था। पति गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे, घर की सारी जिम्मेदारियां पूरी तरह उनके कंधों पर थीं। एक बेटा और दो बेटियों का भविष्य संवारना उनका प्रतिदिन का संकल्प था। आर्थिक तंगी, सामाजिक चुनौतियां और पारिवारिक दायित्व—सब कुछ उन्होंने मुस्कान के साथ निभाया। आंगनवाड़ी केंद्र में भोजन बनाना उनके लिए केवल नौकरी नहीं, बल्कि बच्चों के प्रति स्नेह और सेवा का माध्यम था। वह हर बच्चे को अपने ही परिवार का हिस्सा मानती थीं। उनकी दिनचर्या में थकान थी, पर शिकायत नहीं; पीड़ा थी, पर निराशा नहीं। यही गुण एक साधारण स्त्री को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचा देता है।

जब मधुमक्खियों का झुंड बच्चों पर टूट पड़ा, तब कंचनबाई पास ही कपड़े धो रही थीं। उन्होंने एक पल भी नहीं सोचा, न अपनी जान की परवाह की, न परिणामों का अनुमान लगाया। बिना किसी शोर, बिना किसी सहायता की प्रतीक्षा किए, वे दौड़ पड़ीं। बच्चों को दरी और तिरपाल में लपेटा, उन्हें ढाल बनाकर भीतर पहुंचाया और स्वयं खतरे के बीच अडिग खड़ी रहीं। यह क्षण महिलाओं की निर्णय क्षमता और मानसिक दृढ़ता का प्रतीक बन गया। संकट की घड़ी में उन्होंने सिद्ध कर दिया कि नारी कभी कमजोर नहीं होती, वह परिस्थिति आने पर सबसे मजबूत और विश्वसनीय कड़ी बन जाती है। मातृत्व की भावना कंचनबाई के व्यक्तित्व की आत्मा थी। वे केवल अपने बच्चों की ही नहीं, बल्कि पूरे गांव के बच्चों की सजीव मां थीं। आंगनवाड़ी के वे मासूम चेहरे उनके लिए अपने ही परिवार का विस्तार थे। जब खतरा आया, तो उनका हृदय किसी अडिग कवच की तरह बच्चों के सामने खड़ा हो गया। उन्होंने अपने जीवन को तुच्छ समझकर बच्चों के भविष्य को सर्वोपरि रखा। यही मातृत्व का वास्तविक स्वरूप है—जहां स्त्री स्वयं को विस्मृत कर दूसरों का जीवन संवारती है। कंचनबाई ने मातृत्व को केवल जन्म तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे करुणा और संरक्षण का व्यापक, दिव्य रूप दिया। स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष के रूप में वे गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में निरंतर लगी रहती थीं। वे दूसरों के दुख को अपना दुख समझती थीं और सहायता को अपना पवित्र कर्तव्य। आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए भोजन बनाना उनके लिए सेवा और समर्पण का माध्यम था। उन्होंने कभी अपनी परेशानियों को सामने नहीं रखा, बल्कि हर परिस्थिति में दूसरों को प्राथमिकता दी। मधुमक्खियों के हमले के समय भी उनका समर्पण चरम पर था—अपने जीवन की आहुति देकर उन्होंने समाज को बचाया। यही त्याग नारी को सभ्यता की सशक्त रीढ़ बनाता है।

करुणा और संवेदनशीलता कंचनबाई की आत्मा में गहराई से रची-बसी थी। वे हर पीड़ा को महसूस करती थीं, हर आंसू का मौन अर्थ समझती थीं। बच्चों की चीखें उनके हृदय को चीर गईं और उन्होंने बिना विलंब अपने प्राणों की बाजी लगा दी। हजारों डंक उनके शरीर को घायल करते रहे, लेकिन उनकी चेतना बच्चों की सुरक्षा में अडिग लगी रही। यह करुणा महिलाओं का वह अमूल्य गुण है जो संसार को मानवीय बनाता है। जब समाज कठोर होता है, तब नारी की संवेदना उसे संतुलन और संवेदना प्रदान करती है। कंचनबाई ने यह सिद्ध किया कि करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है।

सहनशीलता कंचनबाई की पहचान थी। जीवन की कठिनाइयों—आर्थिक संकट, पति की बीमारी, पारिवारिक जिम्मेदारियों—को उन्होंने मौन साहस के साथ सहा। कभी हार नहीं मानी, कभी पीछे नहीं हटीं। मधुमक्खियों के डंक उनकी त्वचा को जलाते रहे, लेकिन उनका संकल्प अडिग और अचल रहा। यह सहनशीलता महिलाओं को टूटने नहीं देती, बल्कि उन्हें भीतर से और अधिक मजबूत बनाती है। वे दर्द को हृदय में समेटकर भी दूसरों को मुस्कान देती हैं। कंचनबाई की कहानी हमें सिखाती है कि सहनशीलता से ही सच्चा साहस और आत्मबल जन्म लेता है।

कंचनबाई की वीरता आज पूरे क्षेत्र के लिए जीवंत प्रेरणा बन चुकी है। उन्होंने दिखाया कि नेतृत्व केवल पद से नहीं, बल्कि निःस्वार्थ कर्म से पैदा होता है। स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष के रूप में वे पहले ही नेतृत्व कर रही थीं, लेकिन उस दिन उन्होंने जीवन और मृत्यु के बीच खड़े होकर सच्चा नेतृत्व दिखाया। गांव के लोग अब जागरूक हो रहे हैं, सुरक्षा उपायों की मांग कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी महसूस कर रहे हैं। उनकी शहादत ने समाज को गहराई से सोचने पर मजबूर किया है कि वास्तविक नायक वास्तव में कौन होते हैं।

आज आवश्यकता है कि समाज और सरकार कंचनबाई जैसे बलिदानों को केवल भावनात्मक श्रद्धांजलि तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें सम्मान और स्थायी सुरक्षा में बदलें। उनके परिवार को आर्थिक सहायता, पेंशन, बच्चों की शिक्षा और रोजगार की ठोस व्यवस्था मिलनी चाहिए। यह सहायता दया नहीं, बल्कि एक वीरांगना को दिया गया सच्चा सम्मान होगी। जब हम ऐसी महिलाओं को उचित मान्यता देंगे, तभी समाज में साहस और सेवा की भावना सशक्त होगी। कंचनबाई की शहादत हमें यह सिखाती है कि नारी के गुण—साहस, करुणा, समर्पण, मातृत्व और सहनशीलता—ही सभ्यता की वास्तविक पूंजी हैं। उनकी स्मृति में हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम ऐसी बेटियों, माताओं और बहनों के सम्मान की रक्षा करेंगे और उनके त्याग को कभी विस्मृत नहीं होने देंगे।

**कृति आरके जैन**

# दिल्ली में लापता होने की बढ़ती घटनाएँ

दिल्ली एक ऐसा शहर है जिसे सपनों की राजधानी कहा जाता है। देश के कोने.कोने से लोग यहाँ रोज़गारए शिक्षा और बेहतर जीवन की उम्मीद लेकर आते हैं। ऊँची इमारतोंए चौड़ी सड़कों और तेज़ रफ़्तार ज़िंदगी के बीच यह शहर लगातार फैल रहा है। लेकिन इसी चमक.दमक के पीछे एक डरावनी सच्चाई छिपी हैए जो धीरे धीरे दिल्ली की पहचान पर सवाल खड़े कर रही है। यह सच्चाई है लोगों का गायब हो जाना। हर दिन दर्जनों लोग इस महानगर में लापता हो जाते हैं और उनमें सबसे अधिक संख्या किशोरियों और युवतियों की होती है। यह केवल अपराध का आंकड़ा नहींए बल्कि समाज के भीतर पनप रहे भयए असुरक्षा और टूटते विश्वास की कहानी है। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में लापता होने के मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हर दिन औसतन पचास से अधिक लोग गायब हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश पंद्रह से पच्चीस वर्ष की आयु के हैं। यह उम्र सपने देखने और भविष्य गढ़ने की होती हैए लेकिन यही उम्र सबसे अधिक खतरे में दिखाई देती है। खासकर लड़कियाँए जिनकी संख्या लड़कों की तुलना में कहीं अधिक है। कई मामलों में वे घर से पढ़ाईए काम या किसी जान.पहचान के व्यक्ति से मिलने के लिए निकलती हैं और फिर कभी वापस नहीं लौटतीं। कुछ तो शुरुआती घंटों या दिनों में मिल जाती हैंए लेकिन एक बड़ा हिस्सा ऐसा भी है जो महीनों और वर्षों तक नहीं मिलता। दिल्ली के कुछ इलाके इस संकट से विशेष रूप से जूझ रहे हैं। घनी आबादीए झुग्गी बस्तियाँए प्रवासी मजदूरों की बड़ी संख्या और सामाजिक अस्थिरता इन क्षेत्रों को अधिक संवेदनशील बनाती है। यहाँ रहने वाले परिवार अक्सर गरीबीए बेरोज़गारी और घरेलू तनाव से घिरे रहते हैं। ऐसे माहौल में बच्चे और किशोर छोटी.छोटी बातों पर घर छोड़ देते हैं। लड़कियों के मामले में स्थिति और भी गंभीर है। पारिवारिक दबावए पढ़ाई या विवाह को लेकर तनावए या फिर किसी अनजान व्यक्ति द्वारा दिखाए गए झूठे सपने उन्हें घर से बाहर निकलने के लिए मजबूर कर देते हैं। तकनीक के विस्तार ने जहाँ दुनिया को करीब लाया हैए वहीं उसने नए खतरे भी पैदा किए हैं। मोबाइल और सामाजिक मंचों के ज़रिये संपर्क बढ़ा हैए लेकिन इसी रास्ते से धोखा भी आसानी से दिया जा रहा है। नौकरीए मॉडलिंगए विवाह या प्रेम के नाम पर लड़कियों को फँसाया जाता है। कई बार उन्हें दूसरे शहरों या राज्यों में ले जाया जाता हैए जहाँ वे मानव तस्करीए जबरन श्रम या शोषण का शिकार हो जाती हैं। यह एक संगठित अपराध का रूप ले चुका हैए जिसमें सीमाओं की कोई परवाह नहीं की जाती। इस समस्या का एक बड़ा कारण पारिवारिक टूटन भी है। माता.पिता के बीच कलहए सौतेले रिश्तेए घरेलू हिंसा और भावनात्मक उपेक्षा बच्चों को असुरक्षित महसूस कराती है। जब घर सुरक्षित नहीं लगताए तो बाहर की दुनिया आकर्षक लगने लगती है। लड़कियों के लिए यह जोखिम और बढ़ जाता हैए क्योंकि समाज अब भी उन्हें पूरी तरह स्वतंत्र और सुरक्षित वातावरण नहीं दे पाया है। महामारी के बाद मानसिक तनाव और अवसाद की समस्याएँ भी बढ़ी हैं। युवा मन आसानी से बहक जाता है और गलत फैसले ले बैठता है। लापता होने का असर केवल उस व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। पूरा परिवार एक अनिश्चित पीड़ा में जीने लगता है। माँ.बाप हर अजनबी चेहरे में अपने बच्चे को ढूँढते हैं। आर्थिक बोझ बढ़ता हैए क्योंकि खोज.बीन में समय और पैसा दोनों खर्च होते हैं। समाज में तरह.तरह की बातें बनने लगती हैंए जिससे परिवार और अधिक टूट जाता है। लड़कियों के मामलों में डर और भी गहरा होता हैए क्योंकि उनके साथ हिंसाए शोषण या मृत्यु की आशंका हर पल बनी रहती है। कई बार ऐसे मामले सामने आए हैंए जहाँ लापता होने के बाद हत्या या गंभीर अपराध का पता चला। सरकार और पुलिस ने इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। शहर में निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए हैंए आपातकालीन नंबरों को मजबूत किया गया है और लापता व्यक्तियों की जानकारी साझा करने के लिए योजनाएँ चलाई जा रही हैं। महिलाओं और बच्चों के लिए सहायता केंद्र बनाए गए हैंए जहाँ कानूनी और मानसिक सहयोग दिया जाता है। लेकिन इन प्रयासों के बावजूद समस्या की जड़ पर चोट नहीं हो पा रही। पुलिस बल की कमीए मामलों की संख्या का दबाव और राज्यों के बीच समन्वय की कमजोरी बड़ी बाधाएँ हैं। कई बार शुरुआती घंटों में कार्रवाई में देरी हो जाती हैए जो किसी भी लापता मामले में सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। यह भी सच है कि योजनाओं और बजट की घोषणाएँ अक्सर कागज़ों तक सीमित रह जाती हैं। ज़मीनी स्तर पर जागरूकता की कमी साफदिखाई देती है। बहुत से अभिभावक अब भी बच्चों के साथ खुलकर बात नहीं कर पाते। वे खतरे को समझते तो हैंए लेकिन उसे गंभीरता से लेने में चूक जाते हैं। लड़कियों को आत्मरक्षाए सुरक्षित व्यवहार और अपने अधिकारों की जानकारी पर्याप्त रूप से नहीं दी जाती। समाज में यह सोच अब भी मौजूद है कि खतरा केवल बाहर हैए जबकि कई बार खतरा परिचित चेहरे के पीछे छिपा होता है।

इस समस्या का समाधान केवल पुलिस या सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। यह एक सामाजिक चुनौती हैए जिसका सामना सामूहिक प्रयास से ही किया जा सकता है। स्कूलों और कॉलेजों में बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान सिखानी होगी। अभिभावकों को बच्चों के मित्र बनने की कोशिश करनी होगीए ताकि वे बिना डर अपनी बात साझा कर सकें। मोहल्ला स्तर पर निगरानी और सहयोग की भावना विकसित करनी होगी। अगर कोई बच्चा या किशोरी लंबे समय तक दिखाई न देए तो उसे सामान्य बात मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। कानूनी स्तर पर भी सख्ती ज़रूरी है। लापता होने की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई होए यह सुनिश्चित करना होगा। मानव तस्करी और शोषण से जुड़े अपराधों पर कठोर दंड और तेज़ सुनवाई की व्यवस्था होनी चाहिए। राज्यों के बीच बेहतर तालमेल से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि कोई भी व्यक्ति सीमा पार कर अपराधियों के हाथों में न जाए। साथ हीए लड़कियों को शिक्षा और रोज़गार के अवसर देकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी उतना ही आवश्यक हैए क्योंकि आत्मनिर्भरता उन्हें निर्णय लेने की शक्ति देती है। दिल्ली को सच में सुरक्षित राजधानी बनाना हैए तो सोच बदलनी होगी। सुरक्षा केवल कैमरों और कानून से नहीं आतीए बल्कि भरोसेए संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से आती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि किसी एक का गायब होना पूरे समाज की विफलता है। जब तक हम इस दर्द को अपना दर्द नहीं मानेंगेए तब तक आंकड़े बढ़ते रहेंगे और सपनों की यह राजधानी कई परिवारों के लिए डर का पर्याय बनी रहेगी। सतर्कताए संवाद और सामूहिक प्रयास ही इस साये को दूर कर सकते हैं। दिल्ली तभी आगे बढ़ेगीए जब उसकी बेटियाँ और बेटे बिना भय के घर से बाहर निकल सकें और सुरक्षित लौट सकें। यही सच्चा विकास हैए यही असली प्रगति।

# संपादकीय

## कांग्रेस की वैचारिक उलझन और राष्ट्र के प्रति दायित्व संसद के शोर में दबता आत्ममंथन और इतिहास की सबसे बड़ी चूक

लोकतंत्र में संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं होती, वह देश की सामूहिक चेतना, राजनीतिक परिपक्वता और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का आईना भी होती है। हालिया बजट सत्र में लोकसभा के भीतर जो कुछ देखने को मिला, उसने इस आईने को धुंधला कर दिया। बार-बार का स्थगन, नारेबाजी, वेल में उतरना और संवाद के बजाय अवरोध की राजनीति यह सब किसी एक घटना या मुद्दे तक सीमित नहीं रहा। यह एक गहरी वैचारिक बेचैनी का संकेत है, विशेषकर कांग्रेस पार्टी के संदर्भ में, जो देश की सबसे पुरानी राजनीतिक धारा होने का दावा करती है।

कांग्रेस की विचारधारा ऐतिहासिक रूप से समावेशन, संस्थागत लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के इर्द-गिर्द बुनी गई थी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में यही पार्टी विभिन्न विचारों, भाषाओं और संस्कृतियों को एक मंच पर लाने में सफल हुई। लेकिन समय के साथ इस विचारधारा में स्पष्टता के बजाय विरोधाभास बढ़ते चले गए। आज संसद के भीतर कांग्रेस का आचरण यह सवाल खड़ा करता है कि क्या पार्टी अब भी उसी राष्ट्रीय दायित्वबोध के साथ राजनीति कर रही है, या वह केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ के लिए संस्थाओं को दबाव में लेने की रणनीति अपना चुकी है।

हालिया सत्र में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते और पूर्व सेना प्रमुख की कथित किताब को लेकर कांग्रेस का रुख इसी उलझन को उजागर करता है। किसी भी लोकतंत्र में सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। लेकिन सवाल यह है कि सवाल किस मंच पर, किस भाषा में और किस उद्देश्य से उठाए जा रहे हैं। जब सदन में चर्चा की बजाय हंगामा प्राथमिक हथियार बन जाए, तो संदेश सरकार तक कम और जनता तक ज्यादा जाता है। यह संदेश यह होता है कि विपक्ष के पास तर्कों से अधिक शोर है।

कांग्रेस की सबसे बड़ी भूल यहीं से शुरू होती है। उसने धीरे-धीरे वैचारिक संघर्ष को व्यक्तिगत और प्रतीकात्मक टकराव में बदल दिया। मुद्दों की गंभीरता को नारेबाजी की तीव्रता से मापा जाने लगा। चीन सीमा विवाद जैसा संवेदनशील विषय हो या अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौता, इन पर राष्ट्रीय हित के व्यापक फ्रेम में बात करने के बजाय कांग्रेस अक्सर सरकार को कठघरे में खड़ा करने तक सीमित रह जाती है। इससे यह धारणा बनती है कि पार्टी का फोकस देश की रणनीतिक स्थिति पर कम और घरेलू राजनीतिक स्कोरिंग पर अधिक है।

इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने कई मौकों पर राष्ट्रीय हित के नाम पर बड़े फैसले लिए, लेकिन उतने ही मौकों पर उसने गंभीर भूलें भी कीं। सबसे बड़ी भूल सत्ता और संगठन के बीच संतुलन खो देना रही। एक समय जो पार्टी आंतरिक लोकतंत्र का उदाहरण मानी जाती थी, वही पार्टी धीरे-धीरे परिवार-केंद्रित राजनीति की प्रतीक बन गई। नेतृत्व का केंद्रीकरण इतना बढ़ा कि विचारधारा व्यक्तियों की छाया में सिमटती चली गई। इसका असर यह हुआ कि जमीनी स्तर पर बहस, असहमति और वैचारिक विकास ठहर सा गया।

संसद में बार-बार अवरोध पैदा करना इसी ठहराव का परिणाम है। जब पार्टी के पास दीर्घकालिक वैचारिक रोडमैप नहीं होता, तो वह तात्कालिक उत्तेजना के सहारे राजनीति करती है। कांग्रेस का यह रवैया कि 'बोलने नहीं दिया तो बोलने नहीं देंगे' सुनने में भले ही आक्रामक लगे, लेकिन यह लोकतांत्रिक आत्मविश्वास नहीं, बल्कि असुरक्षा का संकेत देता है। मजबूत विचारधारा वाली पार्टियां संवाद से भागती नहीं हैं, वे उसे दिशा देती हैं।

देश के प्रति निष्ठा केवल सरकार के समर्थन या विरोध से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि कठिन मुद्दों पर देश को कितना भरोसा दिया जा रहा है। जब संसद में सेना, कूटनीति या अंतरराष्ट्रीय समझौतों जैसे विषयों पर चर्चा होती है, तो विपक्ष से यह अपेक्षा होती है कि वह सवाल पूछे, विकल्प रखे और सरकार को जवाबदेह बनाए। लेकिन जब वही विपक्ष इन मुद्दों को सदन ठप करने का माध्यम बना ले, तो राष्ट्रीय विमर्श कमजोर पड़ता है।

कांग्रेस की एक और बड़ी भूल यह रही है कि उसने समय के साथ बदलते भारत को समझने में देर की। आज का मतदाता केवल सरकार विरोधी नारे से संतुष्ट नहीं होता, वह समाधान और दृष्टि चाहता है। आर्थिक नीतियों, वैश्विक संबंधों और सुरक्षा चुनौतियों पर स्पष्ट स्टैंड चाहता है। कांग्रेस अक्सर इन विषयों पर प्रतिक्रिया देती दिखती है, पहल करते हुए कम। यही कारण है कि संसद के भीतर उसका विरोध कई बार नकारात्मक प्रतीत होता है, रचनात्मक नहीं।

यह भी सच है कि सरकार की जिम्मेदारी सदन को सुचारू रूप से चलाने की होती है और सत्ता पक्ष को भी संवाद के लिए अतिरिक्त प्रयास करने चाहिए। लेकिन विपक्ष का कर्तव्य इससे कम नहीं है। कांग्रेस यदि वास्तव में खुद को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में पुनर्स्थापित करना चाहती है, तो उसे संसद को संघर्ष का अखाड़ा नहीं, विचारों का मंच बनाना होगा। उसे यह दिखाना होगा कि उसका विरोध केवल सत्ता के खिलाफ नहीं, बल्कि देश के पक्ष में है।

कांग्रेस की वैचारिक पुनर्रचना की जरूरत अब टलने वाली नहीं है। परिवार और प्रतीकों से आगे बढ़कर उसे नीतियों, संस्थाओं और भविष्य की दृष्टि पर लौटना होगा। संसद में शोर से ज्यादा असरदार होता है तर्क, और अवरोध से ज्यादा मजबूत होता है विकल्प। जब तक कांग्रेस यह नहीं समझेगी, तब तक उसके हर हंगामे के साथ यह सवाल और गहराता जाएगा कि क्या वह सचमुच देश के प्रति उसी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़ी है, जिसका दावा उसका इतिहास करता है।

आज देश जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें विपक्ष की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। सरकार को आईना दिखाने के साथ-साथ देश को भरोसा देना भी उतना ही जरूरी है। कांग्रेस के लिए यह आत्ममंथन का क्षण है। अगर वह अपनी बड़ी भूलों से सीख लेकर वैचारिक स्पष्टता और राष्ट्रीय दृष्टि के साथ आगे बढ़ती है, तो लोकतंत्र मजबूत होगा। अन्यथा संसद का शोर इतिहास में केवल एक और चूके हुए अवसर के रूप में दर्ज हो जाएगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# जाने चले जाते हैं कहाँ? लापता होने की अनसुलझी मिस्ट्री

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में साल 2026 की शुरुआत बेहद चिंताजनक रही है. दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक़ 1 से 15 जनवरी 2026 के बीच 800 से ज्यादा लोग लापता हुए हैं. यानी लगभग हर रोज़ 54 लोग बिना किसी सूचना के गायब हो रहे हैं. इन लापता लोगों में सबसे ज्यादा महिलाएं और लड़कियां गायब हुई हैं. कुल मामलों में से लगभग 63% इसी श्रेणी के लोग हैं, बाकी पुरुष और लड़के हैं. यह आंकड़ा दिखाता है कि राजधानी में महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बन चुकी है.

साल 2026 के सिर्फ शुरुआती पंद्रह दिनों के भीतर राजधानी दिल्ली से 800 से ज़्यादा लोगों का लापता हो जाना केवल एक चौंकाने वाला आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी चिंता भी पैदा करता है.

खुद दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार 1 से 15 जनवरी 2026 के बीच दिल्ली से कुल 807 लोग लापता हुए. इसका मतलब है कि हर दिन औसतन 54 लोग और लगभग हर घंटे में दो लोग राजधानी से गायब हो रहे हैं.807 लापता लोगों में 509 महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं. यानी कुल मामलों में लगभग दो-तिहाई हिस्सा महिलाओं और किशोरियों का है. यह स्थिति उस शहर के लिए बेहद गंभीर सवाल खड़े करती है, जहां पहले से ही कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठते रहे हैं. दिल्ली पुलिस के अनुसार, अब तक केवल 235 लोगों का ही पता लगाया जा सका है, जबकि 3 फरवरी तक 572 लोग ऐसे थे, जिनके बारे में पुलिस के पास कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं थी.

दिल्ली पुलिस में दर्ज रिपोर्टों में यह बात सामने आई है कि नाबालिगों में किशोरियों (12-18 वर्ष) का अनुपात बहुत अधिक होता जा रहा है, जिससे यह समस्या और गंभीर हो गई है कि ये केवल रोजमर्रा के खो जाने के मामले ही नहीं हैं. कुछ मामलों में अपहरण या अन्य अपराधी गतिविधियों का भी खतरा हो सकता है. देश की राजधानी में रोज़ाना 50 से ऊपर लोग लापता होना सिर्फ आकड़ों का खेल नहीं है बल्कि यह हमारी सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी पर बड़े सवाल खड़े करता है. यह आंकडे स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि दिल्ली में सुरक्षा की चुनौतियां गम्भीर रूप ले चुकी हैं. दिल्ली पुलिस आंकड़ों के अनुसार कुल 2026 के शुरुआती 15 दिनों में 807 लोग लापता दर्ज किए गए, वयस्कों के मामलों में 616 लोग लापता हुए, जिनमें 181 का पता चला (90 पुरुष और 91 महिलाएं), जबकि 435 वयस्क अभी भी लापता हैं. वहीं नाबालिगों के 191 मामले सामने आए, जिनमें से 48 बच्चों को ट्रेस किया गया (29 लड़कियाँ और 19 लड़के), जबकि 143 नाबालिग अब तक नहीं मिले हैं।

गायब होने वालों में महिलाओं और बच्चों की बढ़ती संख्या ने मानव तस्करी, अपहरण और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े संकटों की आशंका को गहरा कर दिया है. ये आंकड़े केवल सरकारी रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि सैकड़ों परिवारों के असहनीय दर्द और समाज में बढ़ती असुरक्षा की परतों को भी उजागर करते हैं.

दिल्ली पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि 807 लापता लोगों में 191 नाबालिग हैं. इनमें 146 लड़कियां और 45 लड़के हैं. पुलिस के अनुसार इन मामलों में से लगभग 71 प्रतिशत का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है. आठ से बारह वर्ष की उम्र के 13 बच्चे और आठ वर्ष से कम उम्र के 9 बच्चे भी 1 से 15 जनवरी 2026 के बीच लापता हुए हैं, जो हालात की गंभीरता को उजागर करता है. दरअसल, दिल्ली ही नहीं बल्कि देश के दूसरे हिस्सों में भी लापता लोगों से जुड़ी जानकारी सालाना आधार पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट से मिलती रही है. अब तकनीक और केंद्रीकृत रिपोर्टिंग प्रणालियों के चलते ये आंकड़े तेज़ी से उपलब्ध हो रहे हैं. दिल्ली में लापता लोगों की समस्या कई वर्षों से चिंता का विषय बनी हुई है. बीते साल यानी 2025 में दिल्ली से कुल 24,508 लोग लापता हुए थे. इनमें 14,870 यानी 60 फीसदी से अधिक महिलाएं थीं. बीते दस वर्षों में दिल्ली से लगभग 2.51 लाख लोग गायब हुए हैं और इनमें से करीब 52,000 लोगों का आज तक कोई पता नहीं चल सका है.

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2023 में पूरे भारत में लगभग 8.68 लाख लोग लापता हुए थे. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दिल्ली जैसे बड़े शहरी केंद्रों में यह समस्या ज्यादा गंभीर है. वर्ष 2024 में दिल्ली में लापता नाबालिगों की संख्या 5,846 थी, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 6,284 रहा था. पुलिस अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से बातचीत करने पर इसके पीछे कई कारण सामने आते हैं. इनके अनुसार मौसमी पलायन, आर्थिक दबाव, बेरोज़गारी, पारिवारिक विवाद, घरेलू शोषण, मानव तस्करी और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं गुमशुदगी के मामलों को बढ़ाने वाले प्रमुख कारक हैं. एक रिपोर्ट में कहा गया है कि , ''कैलेंडर वर्ष और वित्तीय वर्ष की शुरुआत में हमने देखा है कि परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है. कई लोगों की नौकरियां छूटती हैं. फिर कर्ज और पारिवारिक कलह जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं. महिलाओं और लड़कियों के मामले में घरेलू हिंसा, प्रेम प्रसंग में भागना और ट्रैफिकिंग बड़ा कारण है.'' एनसीआरबी की 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में लापता महिलाओं में से लगभग 20 से 25 प्रतिशत महिलाएं मानव तस्करी का शिकार होती हैं. दिल्ली में प्रवासी आबादी बड़ी संख्या में रहती है और इन्हीं समुदायों से गुमशुदगी के मामले अधिक दर्ज होते हैं. पुलिस अधिकारियों के अनुसार नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क दिल्ली को अपना हब बनाते हैं, जिससे हालात और जटिल हो जाते हैं.

इतनी स्पष्ट जानकारी होने के बावजूद पुलिस इन मामलों को प्रभावी ढंग से रोक क्यों नहीं पा रही? इस पर पुलिस अधिकारी का कहना है, ''आबादी के हिसाब से प्रभावी पुलिसिंग के लिए हमारे पास संसाधन नहीं हैं. इसके बावजूद पुलिस इस दिशा में अच्छा काम कर रही है. साल के शुरुआती 15 दिनों में लोगों के गायब होने के जिन आंकड़ों का हवाला आप दे रहे हैं, उनमें से तकरीबन 30 प्रतिशत का पता दिल्ली पुलिस ने लगा लिया. हमने ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग के लिए सेंट्रलाइज्ड सिस्टम विकसित किया है. इससे इन मामलों की ट्रैकिंग आसान हुई है. स्पेशल सेल और एंटी-ट्रैफिकिंग यूनिट इन मामलों पर तुरंत ही सक्रिय होती हैं. कई लापता लोग दूसरे राज्यों में मिलते हैं. इसलिए अंतर्राज्यीय कोऑर्डिनेशन और बेहतर बनाना जरूरी है.''

वैसे, दिल्ली सरकार के स्तर पर इस मामले में दिल्ली महिला आयोग और चाइल्ड वेलफेयर कमिटी सक्रिय हैं. 2025 में आयोग ने लापता महिलाओं के लिए हेल्पलाइन भी शुरू की थी. राष्ट्रीय स्तर पर एनसीआरबी का लापता लोगों का डाटा है.

इन सबके बावजूद आंकड़े यही संकेत देते हैं कि मौजूदा प्रयास राजधानी में बढ़ती गुमशुदगी की समस्या को रोकने के लिए फिलहाल नाकाफी साबित हो रहे हैं. दिल्ली में लापता होते लोग केवल एक प्रशासनिक चुनौती नहीं हैं, बल्कि यह संकट शहरी असमानताओं, सामाजिक असुरक्षा, अपर्याप्त संसाधनों, कमजोर कानून व्यवस्था और अदालत की अप्रभावी सहायता को भी उजागर कर रहा है .खासकर नाबालिग बालिकाओं की बड़ी तादाद में गायब होना उनके पीछे लवजेहाद अवैध ट्रेफिकिंग और तस्करी का अंदेशा प्रबल करती है। इस ओर गंभीर ध्यान देना होगा वरना असामाजिक तत्वों का सुनियोजित जाल नाबालिग बालक बालिकाओं के जीवन को अंधेरी सुरंग में धकेलता रहेगा।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अनियंत्रित पिकप गुमटी में घुसी चालक की मौत



**सहजनवां -गोरखपुर-** गुरुवार को सहजनवां थाना क्षेत्र के जिगिना चौराहे पर अनियंत्रित पिकप गुमटी में घुस गई। जिसमें चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से सदानंद कुमार राय पुत्र विनेश राय 30 वर्ष निवासी गोनर्सरा थाना हयाघाट जिला दरभंगा बिहार का निवासी था। वह नोएडा से घरेलू सामान पिकप पर लाद कर ग्राम कमतौल थाना हर्राखी जिला मधुबनी जा रहा था। वह गुरुवार को भोर में 5.30 बजे के करीब वह सहजनवां थाना क्षेत्र के जिगिना चौराहे पर पहुंचा था। की उसी दौरान झपकी आ गई। और पिकप अनियंत्रित होकर एक गुमटी में घुस गई। इस दौरान मौके परही इसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक विवाहित था। कोई बच्चे नहीं है।

### प्रधान संघ अध्यक्ष को घर में घुसकर पीटा छह आरोपियों पर केस दर्ज

#### पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी दर्ज किया केस

**सहजनवां गोरखपुर-** सहजनवां थाना क्षेत्र के कसरवल निवासी हरी यादव द्वारा सरकारी भूमि का साढ़े पंद्रह बिगहा भूमि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अपने नाम दर्ज कराकर बेच दिया था। जिसको लेकर प्रधान बंशीधर यादव जो सहजनवां ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष है। एसडीएम से शिकायत किये थे। जांच के बाद आरोपी का नाम खारिज होकर ग्रामसभा के खाते में आ गया था। उसी बात को लेकर विपक्षी रंजिश रखने लगे। बुधवार को शाम 6 बजे वह घर आ रहे थे कि मनबढ़ उन्हें रास्ते में लाठी डंडा,लोहे की रॉड लेकर घेर लिए वह भाग कर शंभू यादव के घर में छुप गए। आरोपी वहां भी पहुंच गए। और घर में घुसकर उन्हें और उनके पिता को मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी सुरेंद्र यादव, रविन्द्र यादव, देवेंद्र यादव, विशाल यादव, आदित्य प्रताप यादव, रुद्र प्रताप यादव, अंकित यादव के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस ने दूसरे पक्ष हरिराम यादव के तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी पंकज सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### पट्टा कराए जाने के लिए रिश्वत मांगने के आरोप में लेखपाल निलंबित

**सिद्धार्थनगर-** पट्टा कराए जाने के नाम पर रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप में तहसील नौगढ़ के लेखपाल अमित कुमार पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर की गई है। उदयपुर निवासी इमरान पुत्र स्व0 हबीबुलहक ने आरोप लगाया कि लेखपाल अमित कुमार पाण्डेय ने पट्टा दिलाने के लिए अधिकारियों के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग की थी और पट्टा प्रमाण पत्र दिलाने का भरोसा दिया। शिकायत के अनुसार 21 फरवरी 2025 को 3 हजार रुपये मोबाइल से ट्रांसफर कराए गए, जबकि 31 हजार रुपये नकद पवन मिश्रा, राहुल मिश्रा और कौसर अजीम की मौजूदगी में लिए गए। शिकायत में कहा गया कि बार-बार कहने के बावजूद न तो पट्टा कराया गया और न ही ली गई धनराशि वापस की गई। आरोपों को उत्तर प्रदेश कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के विपरीत मानते हुए लेखपाल को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के तहत निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में लेखपाल को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। मामले की जांच के लिए नायब तहसीलदार सदर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिन्हें 15 दिनों के भीतर आरोप पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### महान समाजवादी विचारक थे अच्युत पटवर्धन - चंद्रभूषण

**देवरिया।** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी पुरोधा अच्युत पटवर्धन की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अच्युत पटवर्धन सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के संस्थापकों में रहे और मानते थे कि समाज में मौलिक परिवर्तन मनुष्य से ही शुरू होता है। चंद्रभूषण यादव ने बताया कि अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहते हुए उन्होंने विदेशों में समाजवादी विचारों का अध्ययन किया और 1932 में पद छोड़कर गांधीजी के सविनय अवज्ञा आंदोलन में कूद पड़े। कई बार जेल गए और कांग्रेस समाजवादी पार्टी के गठन में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया।

## मंडलायुक्त निरीक्षण से पहले डीएम दीपक मीणा की सख्ती, कलेक्ट्रेट में फाइलों की व्यापक छानबीन जीपीएफ-एनपीएस पर विशेष फोकस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** प्रस्तावित 6 फरवरी को मंडलायुक्त के निरीक्षण से पहले गोरखपुर कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर पर्यटन भवन स्थित कलेक्ट्रेट के सभी विभागों में संचालित फाइलों की गहन और सघन जांच अभियान के रूप में की जा रही है। विशेष रूप से कर्मचारियों के भविष्य से सीधे जुड़ी जीपीएफ (जनरल प्रोविडेंट फंड) और एनपीएस (नेशनल पेंशन सिस्टम) की फाइलों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कमी न रह जाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा स्वयं पूरे अभियान की लगातार निगरानी कर रहे हैं। वे वीडियो कॉल के माध्यम से अधिकारियों से सीधे फीडबैक ले रहे हैं और स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि जीपीएफ व एनपीएस जैसी संवेदनशील फाइलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी की सेवा पुस्तिका, जीपीएफ खाते की प्रविष्टियां और एनपीएस



से जुड़े सभी दस्तावेज पूर्ण, अद्यतन और ऑनलाइन सत्यापित होने चाहिए।

डीएम के निर्देशों के अनुपालन में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने पर्यटन भवन और कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न अनुभागों का विधिवत निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्रा, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा और सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव ने विभागवार फाइलों की क्रमिक जांच की। निरीक्षण का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक स्थिति का आकलन कर समय रहते कमियों को दूर करना रहा। निरीक्षण में यह सुनिश्चित किया गया कि पुराने कर्मचारियों के जीपीएफ खाते नियमित रूप से अपडेट हों, जबकि नई नियुक्तियों से संबंधित एनपीएस फाइलें पूरी तरह सही ढंग से पोर्टल पर अपलोड हों। जिन विभागों में तकनीकी त्रुटियां, दस्तावेजों की कमी या लंबे समय से लंबित प्रविष्टियां मिलीं, वहां संबंधित लिपिकों और अनुभाग प्रभारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही चेतावनी दी गई कि तय समय-सीमा में सुधार न होने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। कलेक्ट्रेट के सभी प्रमुख अनुभागों—एडीएम प्रशासन, एडीएम सिटी, सीआरओ, सिटी मजिस्ट्रेट, जिला कोषागार, स्थापना, लेखा, कानून, आपदा प्रबंधन, चुनाव शाखा, समाज कल्याण, सूचना एवं जनसंपर्क, नजारत, रिकॉर्ड रूम और आईटी/ई-ऑफिस अनुभाग—की फाइलों की भी विस्तार से जांच की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि जीपीएफ-एनपीएस फाइलों को अलग टैग कर, इंडेक्स के साथ व्यवस्थित रखा जाए और लंबित मामलों की पेंडेंसी शीट अनिवार्य रूप से तैयार हो। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने स्पष्ट कहा कि यह अभियान केवल मंडलायुक्त के निरीक्षण की तैयारी नहीं, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और कर्मचारियों के हित में स्थायी सुधार की दिशा में ठोस कदम है।

## बैकयार्ड पोल्ट्री योजना में सात दिवसीय प्रशिक्षणोपरांत चूजों का हुआ वितरण

**देवरिया।** बैकयार्ड पोल्ट्री डेवलपमेंट कार्यक्रम योजनान्तर्गत विकास खंड बैतालपुर के ग्राम उधोपुर में अनुसूचित जाति के 12 महिला लाभार्थियों का चयन किया गया था,जिनका सात दिवसीय प्रशिक्षण पशु चिकित्सालय बैतालपुर पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ दिग्विजय यादव,पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी एवं वेटनरी फार्मासिस्ट राकेश कुमार भारती द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण में लाभार्थियों को कुक्कुट पालन संबंधी प्रारंभिक ज्ञान,चूजों के पालन पोषण,आहार व्यवस्था, बीमारियों की रोकथाम,टीकाकरण एवं अंडा मांस का विपणन आदि की जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण पाए हुए प्रत्येक लाभार्थी को 50 चूज़े,एक बोरा राशन,मल्टी विटामिन व लिवर टानिक दिया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि बैकयार्ड मुर्गी पालन योजना (घरेलू मुर्गीपालन) ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी कम करने, महिलाओं को सशक्त बनाने और पोषण बढ़ाने के लिए एक सरकारी पहल है। इसके तहत छोटे स्तर पर 50 उन्नत चूजे पालने के लिए अनुदान और मदद दी जाती है,जिससे अंडे और मांस बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सके।

## शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर होगा शिव जागरण व भण्डारा-छट्ठेलाल

●-महाशिवरात्रि मेले की तैयारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता छट्ठेलाल निगम ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुरुवार को महाशिवरात्रि मेले को लेकर मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेले की व्यवस्था के तहत तैयारी का जायजा लिया व सकुशल मेला संपन्न करने के लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सहित अपने मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया।उप जिलाधिकारी हरिशंकर लाल एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिराम के निर्देशन में मेले में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक कार्य योजना बनी। श्री निगम बताया कि आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर मेले में नगर पंचायत द्वारा बैरिकेटिंग,पथ प्रकाश,सीसीटीवी कैमरा,पेय जल, खोया पाया केंद्र, चिकित्सा शिविर, एलइडी



प्रोजेक्टर आदि की व्यवस्था की जायेगी। इसके साथ ही मंदिर परिसर को गेंदें के फूल से सजाया जायेगा। दर्शनार्थियों पर फूलों की वर्षा भी की जायेगी। इस बार शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शिव जागरण एवं महा भंडारे का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर एसडीएम हरिशंकर लाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव, अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव, कोतवाल कल्याण सिंह सागर, शहर लेखपाल संकट मोचन, वरिष्ठ लिपिक राम विनोद शुक्ला,बृजेश शर्मा, राम प्रवेश भारती आदि लोग उपस्थित रहे। इसके पूर्व शिवरात्रि पर निकलने वाले शिव बरात को लेकर भी आयोजकों ने कार्य योजना बनाई।

## राम जानकी मार्ग पर झुका विद्युत पोल बना खतरे की घंटी, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला - गोरखपुर।** राम जानकी मार्ग पर नव निर्मित नाले के बगल में लगा विद्युत विभाग का पोल इन दिनों क्षेत्रवासियों के लिए भारी खतरे का कारण बन गया है। गोला तहसील तिराहे के समीप एलपीएम पब्लिक स्कूल के पास स्थित यह विद्युत पोल शुरू से ही टेढ़ा लगा हुआ था, लेकिन सड़क किनारे नाला निर्माण के बाद इसकी स्थिति और भी गंभीर हो गई है। मंगलवार को नाला खुदाई और निर्माण कार्य के चलते पोल और अधिक झुक गया, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि यह पोल गिरता है तो सीधे सड़क के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन पर गिर सकता है। ऐसी स्थिति में न केवल राहगीरों और वाहन चालकों की जान को खतरा होगा, बल्कि आसपास के



दुकानदारों, स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों को भी गंभीर नुकसान झेलना पड़ सकता है। दिन भर इस मार्ग से सैकड़ों लोग गुजरते हैं, ऐसे में यह टेढ़ा पोल किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकता है।

इस गंभीर समस्या की सूचना तत्काल विद्युत विभाग के ग्रामीण क्षेत्र के जेई को दी गई। जेई द्वारा गोला नगर पंचायत के जेई से भी संपर्क कराया गया। नगर पंचायत के जेई ने आगे पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बात करने की बात कही, लेकिन हैरानी की बात यह है कि दो दिन बीत जाने के बावजूद न तो विद्युत विभाग और न ही पीडब्ल्यूडी का कोई कर्मचारी या जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचा। विभागीय अधिकारियों की यह उदासीनता क्षेत्र में आक्रोश का कारण बनती जा रही है। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों का कहना है कि एलपीएम पब्लिक स्कूल के पास बच्चों की आवाजाही अधिक रहती है। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय यहां भारी भीड़ रहती है। यदि इस दौरान कोई दुर्घटना हुई तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? लोगों का आरोप है कि विभागीय अफसर आंख मूंदे बैठे हैं और किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि तत्काल इस विद्युत पोल को सीधा कराया जाए या सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई और कोई अनहोनी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग और पीडब्ल्यूडी की होगी। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए भी मजबूर।

## बड़हलगंज में बड़ा हादसा टला: राज ज्वेलर्स में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर-** जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दीन दयाल चौक सोती चौराहा पर सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब राज ज्वेलर्स नामक आभूषण की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की यह घटना सुबह करीब सात बजे की बताई जा रही है। गनीमत रही कि समय रहते स्थानीय लोगों की सतर्कता से आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग दुकान के अंदर स्थित कमरे में लगे मेन स्विच बोर्ड में शॉर्ट सर्किट के कारण भड़की। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान के अंदर धुआं भर गया। सुबह का समय होने के कारण बाजार में लोगों की आवाजाही शुरू ही हुई थी, जिससे आसपास के दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों में अफरा-तफरी मच गई।

दुकान के मालिक श्री प्रकाश सोनी ने




बताया कि वह अपने परिवार के साथ एक पारिवारिक शोक संवेदना के चलते अपने पैतृक गांव गए हुए थे। सोमवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे, तो अंदर से धुआं और आग की लपटें उठती देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने बिना देर किए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों की तत्परता और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इस अग्निकांड में दुकान के भीतर रखे विद्युत उपकरण, फर्नीचर, सजावट का सामान और अन्य जरूरी वस्तुएं जलकर खाक हो गई। श्री सोनी के अनुसार इस आगजनी में लगभग तीन से चार लाख रुपये तक के नुकसान का अनुमान है।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो आसपास स्थित कपड़े की दुकानों सहित अन्य प्रतिष्ठानों तक आग फैल सकती थी। ऐसी स्थिति में बाजार में भारी जान-माल का नुकसान हो सकता था और पूरा इलाका चपेट में आ सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि दुकान मालिक और उनका परिवार उस समय मौके पर मौजूद नहीं था, जिससे किसी बड़ी अनहोनी से सभी सुरक्षित बच गए। यह घटना एक बार फिर से विद्युत सुरक्षा और पुराने वायरिंग सिस्टम की जांच की आवश्यकता को उजागर करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की जांच कराई जाए ।

## संस्कृत शिक्षा की परंपरा रहेगी सुरक्षित, छात्रों की पढ़ाई नहीं होगी बाधित

●जिला प्रशासन ने की वैकल्पिक व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** तुलसीपुर नगर में जनहित में संचालित विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने संस्कृत शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने के लिए समयबद्ध एवं समन्वित कदम उठाए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में छात्रों की पढ़ाई बाधित नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन द्वारा संस्कृत विद्यालय के संचालन हेतु नगर तुलसीपुर स्थित पुरानी तहसील भवन को तात्कालिक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में चिन्हित किया गया है। पुरानी तहसील परिसर में कक्षा संचालन, बैठने की समुचित व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही विद्यालय के लिए स्थायी भवन की व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन द्वारा सकारात्मक और सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, जिससे शीघ्र ही स्थायी समाधान निकाला जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि विकास कार्यों के साथ-साथ शिक्षा एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी निर्णय समाज के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए लिए जा रहे हैं।

## कंटेनर से 1 करोड़ 64 लाख रुपये का 328 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की लार पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, गोरखपुर की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर से 328.73 किलोग्राम गांजा बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 64 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गांजा मक्का की बोरियों में छिपाकर ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमरजीत मुखिया (बिहार) और शैलेश गौड़ उर्फ गोलू (देवरिया) शामिल हैं। इस संबंध में थाना लार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## महिला फुटबॉल: पटना ने सिवान को 2-0 से हराया

**रुद्रपुर,देवरिया।** सतासी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में स्वर्गीय कमलाकांत गुप्ता एवं स्वर्गीय सत्यकेतु चौहान उर्फ बंटी की स्मृति में आयोजित सात दिवसीय ऑल इंडिया महिला/पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन महिला वर्ग का रोमांचक मुकाबला पटना और सिवान की महिमा टीम के बीच खेला गया। शानदार प्रदर्शन करते हुए पटना की महिला टीम ने सिवान को 2-0 से पराजित कर जीत दर्ज की। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि मस्जिद वार्ड रुद्रपुर की सभासद पुनीता देवी एवं ग्राम प्रधान भावपुर प्रमोद सिंह ने फीता काटकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खेल शुरू होते ही पटना की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला गोल दागकर 1-0 की बढ़त बना ली। मुकाबले के अंतिम क्षणों में पटना ने एक और गोल कर जीत सुनिश्चित कर ली। आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश पासवान, उपाध्यक्ष रामप्रवेश पटेल उर्फ नन्हे एवं सचिव हीरा निषाद ने अतिथियों का स्वागत किया। मैच की रोमांचक कमेंट्री आदर्श व तारकेश्वर विश्वकर्मा ने की, जबकि निर्णायक की भूमिका मुस्तकीम अली, तुलसी एवं सूरज गोंड़ ने निभाई। मैदान पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि रामप्रवेश भारती, प्रधानाचार्य राणाप्रताप सिंह, रामप्रताप पाण्डेय, मोनू पांडेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ब्लॉक रूपईडीह के 106 ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर बने शोपीस, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ठप

●स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) / एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण कराया गया था।

योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाले गीले व सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर गांवों को स्वच्छ बनाना था

लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में बने ये आरआरसी सेंटर आज शोपीस बनकर रह गए हैं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा ।** जनपद के विकास खंड रूपईडीह की ग्राम पंचायत पचरन,



मिश्रौलिया, रूकमंगद पुर, उसरैना, खनवापुर, खरगूपुर डीगुर टडवागुलाम, पन्नाबगुलहा , अनेगी पंचायतों सहित अन्य में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) / एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण कराया गया था। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाले गीले व सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर गांवों को स्वच्छ बनाना था, लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में बने ये आरआरसी सेंटर आज शोपीस बनकर रह गए हैं। ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये की लागत से एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण तो पूरा करा दिया गया, लेकिन संचालन की कोई ठोस व्यवस्था न होने के कारण ये केंद्र उपयोग में नहीं आ सके हैं। कई स्थानों पर आरआरसी सेंटर में ताले लटके हुए हैं, जबकि कहीं-कहीं ये भवन झाड़ियों और कूड़े के बीच खड़े नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के समय अधिकारियों ने गांवों को स्वच्छ बनाने और कचरे से खाद व अन्य उपयोगी सामग्री तैयार करने का दावा किया था, लेकिन आज स्थिति यह है कि कचरा अब भी सड़कों, नालियों और खाली पड़ी जमीनों पर फेंका जा रहा है। न तो कचरे का पृथक्करण हो रहा है और न ही किसी प्रकार का प्रसंस्करण। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी धन खर्च कर केवल इमारतें खड़ी कर दी गई, लेकिन न तो मशीनें उपलब्ध कराई गई और न ही कर्मचारियों की तैनाती की गई। इससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कागजों में ही सिमट कर रह गई है और ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आरआरसी सेंटरों के संचालन की तत्काल व्यवस्था कराई जाए, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित निगरानी व्यवस्था लागू की जाए, ताकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना का वास्तविक लाभ गांवों तक पहुंच सके और सरकारी धन का सही उपयोग हो। इस संबंध में डीपीआरओ लाल जी दुबे ने बताया की प्रकरण की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गोण्डा सदर विधानसभा में मतदाता सूची से नाम काटने का आरोप, फर्जी हस्ताक्षर कर भरे जा रहे फॉर्म-7

●पूर्व सभासद दिनेश कश्यप और विधानसभा सदर प्रत्याशी रहे सूरज सिंह ने चुनाव आयोग से की सख्त कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** विधानसभा क्षेत्र गोण्डा सदर (296) में मतदाता सूची से नाम काटने को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा नगर उपाध्यक्ष एवं वर्तमान सभासद के पति, पूर्व सभासद दिनेश कश्यप ने आरोप लगाया है कि उनके नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर फॉर्म-7 भरकर जमा किया जा रहा है, जो पूरी तरह अवैधानिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध है। दिनेश कश्यप का कहना है कि उन्हें इस बात की जानकारी मिली है कि विधानसभा गोण्डा सदर के बूथ संख्या 112, 113, 114, 115 एवं 116 से संबंधित मतदाताओं के नाम फर्जी तरीके से कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'मेरे नाम से फर्जी दस्तखत कर फॉर्म-7 भरना न केवल गलत है, बल्कि यह एक गंभीर अपराध है। मैं इस संबंध में कहीं भी शिकायत दर्ज कराने को तैयार हूँ। ' उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो यह प्रवृत्ति पूरे विधानसभा क्षेत्र में फैल सकती है।

**हर बूथ पर देखने को मिल रहे ऐसे मामले - दिनेश कश्यप**

पूर्व सभासद ने यह भी आरोप लगाया कि इस तरह की गतिविधियाँ केवल कुछ बूथों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लगभग हर बूथ पर ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिससे निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

**सूरज सिंह ने जारी किया वीडियो, चुनाव आयोग और डीएम से की कार्रवाई की मांग**

इस पूरे प्रकरण को लेकर गोण्डा सदर विधानसभा से प्रत्याशी रह चुके सूरज सिंह ने भी एक वीडियो जारी कर भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission of India) और जिलाधिकारी गोण्डा से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सूरज सिंह ने कहा कि 'जिस तरह फर्जी हस्ताक्षर कर फॉर्म-7 भरकर मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, वह लोकतंत्र के साथ सीधा खिलवाड़ है। यह प्रक्रिया पूरी तरह गलत है और इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। ' उन्होंने प्रशासन से मांग की कि फॉर्म-7 के सत्यापन की प्रक्रिया को और अधिक सख्त किया जाए, ताकि किसी भी निर्दोष मतदाता का नाम सूची से न कट सके।

**लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि मतदाता सूची से नाम काटने जैसे मामलों में पारदर्शिता नहीं बरती गई, तो इससे आम जनता का विश्वास चुनावी व्यवस्था से उठ सकता है। मतदाता सूची किसी भी चुनाव की रीढ़ होती है और उसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ मानी जाती है।

**प्रशासन की भूमिका पर निगाहें**

फिलहाल इस मामले को लेकर जिला प्रशासन और निर्वाचन विभाग की भूमिका पर सभी की निगाहें टिकी हैं। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लिया जाता है और क्या दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।

## छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने क़ई जरूरत: एसडीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर ।** जिले के बढ़नी ब्लाक के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं.बाबूराम शुक्ल विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज परिसर में बृहस्पतिवार को 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। वही नौवीं और 11वीं के छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। शोहरतगढ़ एसडीएम विवेकानंद मिश्र ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में एक लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़ना चाहिए। शोहरतगढ़ सीओ मयंक द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वह सभी छात्र-छात्राओं को आगे के भविष्य के लिए तैयार करें।विद्यालय के प्रबंधक अनुपम शुक्ल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा हासिल कर आगे बढ़ने की जरूरत है। युवाओं की बेहतरी के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है और इसका लाभ भी



युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षा को अपनी प्राथमिकता में शामिल करने की सलाह दी।इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, विदाई गीत, हास्य एकांकी, शिव तांडव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।इस दौरान प्रधानाचार्य रवि शुक्ल, आशाराम यादव अखिलेश पाण्डेय, जितेन्द्र शुक्ल, धन्नजय पाठक, सुमेरु गिरी, प्रदीप मौर्य, अजय यादव, सीतू गुप्ता, रेखा गुप्ता, लाडो शुक्ला, सुनैना सिंह, शिवानी तिवारी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### घर के सामने खड़ी महिला को ट्रक ने रौंदा,इलाज के दौरान मौत



**फूलपुर प्रयागराज।** घर के सामने सड़क की पटरी पर खड़ी महिला को तेज रफ्तार ट्रक में टक्कर मार दिया। दुर्घटनामें महिला के दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी हो गए। परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर ले गए। जहां चिकित्सकों ने गंभीरावस्था में स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान कुछ ही घंटों में महिला की मौत हो गई। मौत की सूचना से घर में कोहराम मच गया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत चक अब्दुल करीम पूरे भुलई गांव निवासिनी आशा देवी 50 पत्नी रामनरेश विश्वकर्मा बुधवार दोपहर घर के सामने सड़क की पटरी पर कहीं जाने के लिए खड़ी थी। तभी फूलपुर की तरफ से प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को जोरदार टक्कर मारते हुए रौद दिया। दुर्घटना में महिला के दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी हो गए। सूचना पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने गंभीरावस्था में स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान चार बजे घायल महिला की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतका के चार पुत्र व एक पुत्री हैं। मृतका के भतीजे विजय चंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि दुर्घटना के बाद घटनास्थल से भाग रहे ट्रक को ग्रामीणों ने चालक सहित पकडकर पुलिस को सौंप दिया।

### चन्दोताल पक्षी विहार में विश्व आर्द्रदिवस एवं बर्ड फेस्टिवल का आयोजन



**डीएफओ डॉ. शिरीन ने पारंपरिक ज्ञान और पर्यावरण संरक्षण के संबंध पर डाला प्रकाश**

**बस्ती।** बस्ती जिले केसामाजिक वानिकी वन प्रभाग, बस्ती द्वारा विश्व आर्द्र दिवस के अवसर पर चन्दोताल पक्षी विहार, कप्तानगंज रेंज में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। डॉ0 शिरीन, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बस्ती की अगुवाई में कार्यक्रम का किया गया जिसमे कविन्द्र चौधरी विधायक कप्तानगंज उनके साथ ग्राम प्रधान अठदमा कक्कू शुक्ल, आर0एल0एस0एम0 बस्ती एवं स्वामी विवेकानन्द स्कूल नगर के स्कूली बच्चे, स्थानीय ग्रामीण तथा वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर देवेन्द्र प्रताप सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी बस्ती, अजय प्रताप सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी बस्ती, शारदानन्द तिवारी क्षेत्रीय वन अधिकारी हरैया सहित वन विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। शारदानन्द तिवारी द्वारा वेटलैंड के महत्व एवं प्रवासी व स्थानीय पक्षियों के संरक्षण पर विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि विधायक कप्तानगंज कविन्द्र चौधरी ने चन्दोताल पक्षी विहार के सौंदर्यीकरण एवं समग्र विकास हेतु आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ0 शिरीन प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग , बस्ती द्वारा वर्ष 2026 की वेटलैंड थी (वेटलैंड्स और पारंपरिक ज्ञान–सांस्कृतिक विरासत का जश्न) पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वेटलैंड पारिस्थितिकी तंत्र और समुदायों की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के बीच गहरा संबंध है।कार्यक्रम के दौरान प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों पर आधारित पम्पलेट का अनावरण कर स्कूली बच्चों में वितरण भी किया गया।

### पटियाला तीरंदाजी प्रतियोगिता में मानस्वी ने जीता कांस्य पदक

**देवरिया।** पटियाला में 3 से 5 फरवरी तक आयोजित एनटीपीसी द्वितीय महिला राष्ट्रीय वरीयता तीरंदाजी प्रतियोगिता में संजीवा सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट की तीरंदाज मानस्वी शिव प्रकाश डेक ने सब-जूनियर वर्ग (60 मीटर) में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में मानस्वी ने पहले मैच में हरियाणा की पूजा को 6-4 से, दूसरे में झारखंड की गौरी अग्रवाल को 6-2 से हराया। सेमीफाइनल में चंडीगढ़ की जीना कुमार से करीबी मुकाबले में 6-4 से हारने के बाद कांस्य पदक मैच में दिल्ली की वान्या चौहान को 6-4 से पराजित कर पदक अपने नाम किया। अकादमी निदेशक संजीवा सिंह ने इसे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताते हुए मानस्वी को बधाई दी। उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों व परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

# किसने की फर्जी एम .बी. और किसने दिखाया अधूरे कार्यो को पूर्ण बड़ा सबाल

**● बगैर कार्य शुरू हुए कैसे और किस अधिकारी के आदेश फर्जी हाजिरी भरकर निकाला गया मजदूरो की मजदूरी का पैसा-यक्ष प्रश्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी में हमेशा सुर्खियों. में रहने वाले ब्लॉक विजुआ की दर्जनों ग्राम पंचायतों में भारी गोलमाल और फर्जीवाड़ा किए जाने का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। इसी क्रम में मैं आपको भ्रस्टाचार की एक बानगी दिखाने के लिए ग्राम पंचायत जहानपूर ले चल रहा हूं।सूत्र बताते हैं कि ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार और कमिशन खोरी के चलते मनरेगा से सभी कार्य ठेकेदारी प्रथा से कराए जाने की चर्चा आम हो रही है।यहां कमिशन खोरी का आलम यह रहा है कि जमकर मानकों की अनदेखी करते हुए मानकों के विपरित काम कराया गया है द्य ग्रामीणों की माने तो जहानपुर और ग्राम पंचायत बस्तौली में आधा अधूरा काम कराकर काग़ज़ों पर कार्य पूर्ण दिखा कर भारी भरकम भुगतान निकाला गया है।इस खेल में टी. ए.और जे.ई की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।बताया गया है कि प्रधान और पंचायत सचिव के साथ अन्य जिम्मेदारो की मिलीभगत से काग़ज़ों पर कार्य पूर्ण दिखा कर लाखों का बजट डकार लिया गया और खंड विकास अधिकारी को इसकी भनक तक नहीं लगी। रोजगार सेवक और पंचायत सचिव की काली करतूत पर गौर करें तो श्री राम के घर से रावन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की वर्क आईडी आर सी 3128005079/आर सी/ 95848625502364952 37 में बिल संख्या 144 दिनांक 09/ 04/ 2025 को 252 रुपया और 02/ 05/ 2025 को बिल बाउचर 175 में 6552 रुपया कुल 6804.00 मजदूरी का निकाला गया।जबकि यह काम शुरु ही नहीं हुआ।तो फिर किसने की एम बी और किसने पास किया बिल बाउचर यक्ष प्रश्न बना हुआ है। एक विभागीय सूत्र ने नाम का खुलासा न करने की शर्त पर बताया है कि ब्लॉक बीजूआ की दर्जनों ग्राम पंचायतों में लगवाई गई ठेकेदारी प्रथा से इंटर लॉकिंग में नीचे रोड़ा नहीं डाला गया है यदि कहीं पर पड़ा भी है तो पुरानी निकली ईट का रोड़ा डालकर खेल किया गया है। एजिंग में दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग कर प्रथम श्रेणी की ईटा का भुगतान निकाला गया। एजिंग में मानकों के अनुसार 3 रद्द लगने चाहिए लकिन यहां पर भी मानकों को ताक पर रख कर काम कराया गया। इतना ही नहीं इंटरलॉकिंग एट लगवाने में भी खेल किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है सूत्र बताते हैं मानक के अनुसार 80 एमएम की इंटरलॉकिंग ईट.लगनी चाहिए लेकिन बिजुआ की अधिकांश ग्राम पंचायत में 75 द्वद्व एम लगवा कर मानक का खुला मजाक उड़ाया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश काम अपूर्ण होने के बाद भी जीता और प्रधान पंचायत सचिव द्वारा मिली भगत




करके आधे अधूरे कामों को पूर्ण दिखाकर भुगतान निकाला जाता रहा है और सारा खेल अरसे से ब्लॉक में जगह खंड विकास अधिकारी के संरक्षण में चलने के आरोप लगाया जा रहे हैं एक विभागीय विशेष सूत्र द्वारा दी गई जानकारी को सत्य माने तो यदि लंबाई चौड़ाई रोड और एजिंग सहित माप पुस्तिका व मास्टर रोल की ही कर ली जाए जांच तो एक बड़े भ्रष्टाचार और घोटाले का होगा पर्दाफाश तथा फर्जी एम. बी माप पुस्तिका में मैप अंकन करने वाले जे ई की तय होगी जवाबदेही और ग्राम प्रधान पंचायत सचिव तथा फर्जी हाजिरी लगाने वाले रोजगार सेवक पर भी आएगी जांच की आंच।काम शुरू ही नहीं हुआ और बिल वाउचर बनाकर निकल गया भुगतान वहीं फर्जी हाजी लगाकर 6800 ?4 मजदूरी भुगतान का हो गया बंदर बात ।अब देखना यह है की कहां तक निष्पक्ष रूप से की जाती है जांच यह तो समय ही बताएगा फिलहाल यह तय कि यदि मामले की हुई निष्पक्ष तथ्यों पर आधारित जांच तो ग्राम पंचायत सचिव सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की भी तय होगी जवाब देही ।अब देखना है कि कहां तक निष्पक्ष जांच का दायरा होता है यह तो समय ही बतायेगा।

### बाबा तुरंतनाथ धाम पर धनुष यज्ञ मेला मे राम जन्म की कथा का मंचन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला तहसील क्षेत्र के गाँव कपरहा के मजरा तेन्धुआ मन्दिर पर पौराणिक धनुष यज्ञ मेले आयोजन किया जा रहा है जिसमे तीसरे दिवस के मेले के आयोजन मे कलाकरों के राम जन्म के मेले का चित्रण किया गया। इस दौरान जब राजा दशरथ को ग्लानि हुई तो वह नंगे पैरो से दौड़कर अपने गुरू वशिस्ठ के पास गये और उनसे अनुनय-विनय करने लगे कि मेरे कोई पुत्र नही है मै निरवंशी हूं, तो श्रृषि ने कहा जाओ तुम्हारे चार चार पुत्र होगे, तुम श्रृगी श्रृषि को वुलाकर पुत्रेस्ठि यज्ञ कराओ तो राजा दशरथ ने ऐसा ही किया।यज्ञ के दौरान अग्नि देवता प्रगट हुये और उन्होने खीर का कटोरा देकर सभी रानियो को बराबर बराबर बांटने के लिये कहा, रानिया खीर खाकर गर्भवती हो जाती है और उनके घर मे राम लक्ष्मण भरत और शत्रुघ्न का जन्म होता है। इस अवसर पर आयोजक उमा शकर मिश्र, ललुआ सेठ, मेला कमेटी के अध्यक्ष कमलेश शुक्ला व कोषाध्यक्ष राजू वर्मा,राधेश्याम वर्मा,गौरव शुक्ला,लालता प्रसाद पुजारी, आशाराम शुक्ला,तिलक राम,मुनेश दिक्षित, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने किया क्यों लड़िया थाने का वार्षिक निरीक्षण दिया निर्देश

**● थाने में सब कुछ ठीक मिलने पर प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह को बधाई दी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**क्यों लड़िया थाने के वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा एक बजे करीब थाने पहुंचे यहां पर उन्होंने परेड को सलामी दी इसके बाद उन्होंने थाना प्रांगण का भ्रमणकर साफ सफाई का जायजा लिया और अंत में आरक्षी अवसान का निरीक्षण किया तो उसमें फर्श टूटा हुआ मिला शौचालय टूटे मिले इस पर उन्होंने ठेकेदार को पुनः ठीक करने का निर्देश दिया। क्योंकि अभी आरक्षी भवन पुलिस के सुपुत्र नहीं हुआ है इसलिए उसकी पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की है साथ ही आरक्षी भवन के पीछे झुके हुए खड़े पेड़ों से खतरा उत्पन्न है उसे साफ करने का निर्देश दिया गया थाने बेहतर साफ सफाई देखकर उन्होंने प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह को बधाई दी इसके बाद उन्होंने अभिलेखों का निरीक्षण किया अभिलेखों में भी छुटपुट छोड़कर सब कुछ संतोषजनक मिला इस पर उन्होंने कार्यालय के स्टाफ को भी बधाई दी। अंत में अपर



पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए बताया वह बीच-बीच में रात को आकर पुलिस ग्रस्त चेक करते हैं साइबर क्राइम महिला संबंधी अपराधों पर अलग स्टाफ है इसी तरह क्षेत्र में बीट पर जाने वाले आरक्षी को एक ऐप जिला अधिकारी के माध्यम से जारी किया गया है जिस पर आरक्षी अपने फोन से क्षेत्र में घटित होने वाली घटना का संदेश डाल सकेंगे इस संदेश के पढ़ते ही जनपद के पुलिस अधिकारियों से लेकर सभी आरक्षी को पहुंच जाएगा। इससे अपराधी को पकड़ने में सुविधा मिलेगी साथ ही प्रत्येक आरक्षी को अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर को प्रत्येक माह में एक बार चेक करना होगा न करने पर 4 दिन पूर्व ही संदेश मिल जाएगा तो उसे चेक करके संदेश डालना पड़ेगा इस तरह पुलिस विभाग में कई अन्य कार्यक्रम जनता की सुविधा के लिए आयोजित किए गए हैं जिससे अपराध रोकने में सफलता मिलेगी।

## मण्डलायुक्त/रोल प्रेक्षक की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** मण्डलायुक्त रोल प्रेक्षक भूपेन्द्र एस0 चौधरी की अध्यक्षता में आज विधानसभा निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डलआयुक्त ने कहा कि आज की बैठक का उद्देश्य यह हैकि राजनैतिक दलों व ई.आर.ओ आदि के साथ आपसी संवाद व समन्वय हो रहा है अथवा नहीं। लेकिन आप सभी के साथ समीक्षा में पाया गया कि आप लोगों के माध्यम से आपसी संवाद बना हुआ है। उन्होने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आशवस्त किया कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से काटा नहीं जायेगा। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उन्हें बूथवार फार्म 6, 7 व 8 कितनी संख्या में प्राप्त हो रहे हैं इसकी जानकारी मिलती रहे जिससें वह भी अपने स्तर पर समीक्षा कर सकें। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी अवीनाश सिंह ने कहा कि पूरा कार्य पारदर्शी तरीके से हो रहा है और सभी को वांछित सूचना उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि ए.एस.डी में यदि कोई फार्म भरने से रह गया है अथवा जो नवयुवा 1.1.2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं उनके फार्म 6 भरवाये जाने पर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह द्वारा एस.आई.आर के कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि एसआई आर प्रकिया के दौरान 16 दिसम्बर 2025 तक सभी ई.आर.ओ. द्वारा 27 बैठकें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ही गयी है जिला स्तर पर पॉच बैठकें की गयी हैं। ए.एस.डी की सूची पार्टियों के साथ साझा की जा चुकी है। बैठक में उन्होंने कहा कि दावा आपत्ति 6 फरवरी तक लिये जायेंगे तथा 27 फरवरी तक जारी नोटिसों की सुनवाई की जायेगी, जिस हेतु 133 ए.ई.आर.ओ को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक 1 लाख 78 हजार नोटिस लोगों को तामिल कराये जा चुके है। उन्होंने बताया कि फाइनल रोल 6 मार्च को आयेंगा। उन्होंने बताया कि आयोग से अब तक 358387 त्रुटि पूर्ण डाटा आया है उन्होने कहा कि इसके अन्तर्गत इस प्रकार के प्रकरण है जैसे-एक ही व्यक्ति से 6-7 लोगों की मैपिंग होना, नाम में त्रुटि होना, माता-पिता व बच्चों की उम्र में मात्र 10-15 साल का अंतर होना आदि की समस्याओं वाले डाटा हैं। इन पर भी नोटिस जारी होगा जिसकी सुनवाई हेतु 34 अति.ए.ई.आर.ओ और नियुक्त किये जायेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह, समस्त ई.आर.ओ गण व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों प्रतिनिधि में जिलाध्यक्ष आंवला भा.ज.पा.आदेश प्रताप सिंह, विधायक नवाबगंज डा एम.पी.आर्य, विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल व अन्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## .मध्यस्थता के माध्यम से करें लम्बित वादों का निपटारा, 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0' की अवधि 15 फरवरी तक बडाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना है। माननीय जनपद न्यायाधीश श्री प्रदीप कुमार सिंह, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के मार्गदर्शन में जनपद बरेली में संचालित मध्यस्थता अभियान का सफल आयोजन कराया जा रहा है। माननीय जनपद न्यायाधीश, बरेली द्वारा बताया गया कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 की अवधि बढ़ाकर 15 फरवरी 2026 तक कर दी गयी है। इस अभियान के तहत न्यायालयों में लम्बित मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निस्तारण सुलह समझौते के माध्यम से कराया जायेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली श्रीमती जया प्रियदर्शिनी द्वारा बताया गया कि मध्यस्थता हेतु चिन्हित पत्रावलियों को संदर्भित किये जाने के लिए 15 दिवस की अवधि प्रदान की गयी है, जो 1 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली ने बताया कि इस अवधि में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह वार्ता के माध्यम से सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद बरेली में समस्त न्यायालयों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने यहा लम्बित उपयुक्त मामलों की पत्रावलियों को मध्यस्थता के लिए संदर्भित करें। साथ ही वाह्य न्यायालयों से भी पत्रावलियां भेजे जाने के लिए कहा गया है, ताकि अधिकतम संख्या में वादकारियों को इस अभियान का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से विवादों का समाधान न केवल शीघ्र होता है, बल्कि इसमें पक्षकारों के बीच आपसी सौहार्द भी बना रहता है। अभियान का उद्देश्य न्यायालयों पर लम्बित मामलों का बोझ कम करना है और आमजन को सस्ता, सरल एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शनी ने आमजन से अपील की है कि वे अपने विवादों के समाधान के लिए इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और सुलह-समझौते के जरिए मामलों का निस्तारण करायें।

### डॉक्टर ख्याति गर्ग बनी जिला खीरी की पुलिस कप्तान




**लखीमपुर खीरी** - जिले की सुरक्षा व्यवस्था की कमान अब डॉ. ख्याति गर्ग के हाथों में सौंपी गई है, वे भारतीय पुलिस सेवा के उत्तर प्रदेश कैडर की 2013 बैच की तेजतर्रार अधिकारी हैं, 12 सितंबर 1988 को जन्मीं डॉ. गर्ग मूल रूप से हरियाणा की रहने वाली हैं और एमबीबीएस की पढ़ाई कर चुकी हैं।अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अमेठी में 'कॉप टॉक' जैसी अभिनव पहल से खास पहचान बनाई और हाल ही में मुरादाबाद में 9वीं वाहिनी पीएसी की कमांडेंट रहते हुए भी प्रभावशाली कार्यशैली का परिचय दिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बैगनार कार सवार एक महिला दो युवक की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कोतवाली गोला क्षेत्र के जलालपुर डगरा मोड पर अज्ञात वाहन से चार पहिया वाहन से जोरदार टक्कर से चार पहिया वाहन सवार दो युवक एक महिला की मौत एक गम्भीर घायल एक बच्ची और युवक सुरक्षित बहुत दर्द नाक सड़क हादसा स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पर पहुंची गोला पुलिस जिसमें घायल लोगों को आनन फानन में सीएचसी गोला एम्बुलेंस भेजा गया। जहां पर चिकित्सक द्वारा दो युवकों और एक महिला को मृतक घोषित कर दिया गया है मृतक सुनील सिंह पुत्र बिंद्रा सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी धर्मकुंडा थाना रामगाव जनपद बहराइच , सुधा सिंह पत्नी सुनील सिंह निवासी धर्मकुंडा थाना रामगाव जनपद बहराइच,उम्र 27 वर्ष । सन्तोष सिंह पुत्र रमेश सिंह उम्र 30 बर्ष, घायल मुकेश सिंह पुत्र रमेश सिंह उम्र 25 वर्ष मृतक सन्तोष और मुकेश दोनों सगे भाई थे निवासी बहराइच मुकेश गम्भीर हालत देखते हुए गोला सीएचसी से



बेहतर उपचार हेतु पुलिस की देखरेख में जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी रेफर किया गया। जिला अस्पताल से भी चिकित्सक ने नाजुक हालत देखते हुए लखनऊ रेफर किया। परवेश सिंह पुत्र अजय पाल सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी गरेथी थाना हल्दी जिला बहराइच व एक बच्ची मानवी पुत्री सुनील सिंह उम्र करीब 3 वर्ष निवासी धर्मकुंडा थाना रामगाव जनपद बहराइच दोनों सुरक्षित/ स्वस्थ है । व गाड़ी चालक जो गाड़ी में फंसा हुआ था तत्काल गाड़ी से निकाला गया जिसका नाम संतोष सिंह पुत्र रमेश सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी धर्मकुंडा थाना रामगाव जनपद बहराइच जिला बहराइच को भी तत्काल सीएचसी गोला उपचार हेतु लाया गया जहां डॉश द्वारा संतोष उपरोक्त को भी मृत घोषित करा दिया गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। गाड़ी पर सवार कुल 6 व्यक्ति एक ही परिवार के हैं जो दिल्ली राजौरी गार्डन में रहते हैं वहां से घायल मुकेश के तिलक के कार्यक्रम में दिल्ली से बहराइच जा रहे थे। यह घटना लगभग सुबह 8बजे की है। उस समय कोहरा भी अत्यधिक पड़ रहा था। कोहरे के कारण यह दर्दनाक घटना घटित हुई। सभी के घर पर सूचना कर दी गई है। क्षेत्राधिकारी रमेश तिवारी ने बताया कार में 6 लोग सवार थे जिन्हें गैस कटर से काटकर निकाला गया। सभी 6 लोग थे जो कि एक ही परिवार के थे है। जिसमे दो सगे भाई थे। जिसमे मृतक में चालक ,बहन बहनोई थे। परिजन गोला पहुंचकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो के बुरा हाल था। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी, नयाब तहसीलदार भीम सिंह, प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह, सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा। अज्ञात वाहन की जांच पड़ताल में जुटा प्रशासन।

### अंडर-16 स्वर्गीय अमिय त्रिपाठी मेमोरियल इंटर अकादमी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** रॉयल फूड्स डिग्री कॉलेज मैदान पर प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला लखीमपुर क्रिकेट अकादमी एवं रॉयल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।टॉस जीतकर रॉयल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पूरी टीम 118 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। रॉयल क्रिकेट अकादमी की ओर से एरिन ने 31 रन तथा धर्मवीर ने 22 रन का योगदान दिया। लखीमपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए प्रांजल सिंह ने 4 विकेट और हर्षित ने 4 विकेट चटकाए।लक्ष्य का पीछा करते हुए लखीमपुर क्रिकेट अकादमी ने 19.4 ओवर में 7 विकेट खोकर 122 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम की ओर से हर्षित ने 27 रन,प्रांजल ने 24 रन, तनय ने 21 रन तथा अंशुमन ने 18 रन नाबाद बनाए। रॉयल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते



हुए धर्मवीर ने 3 विकेट हासिल किए।अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिए हर्षित को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। यह पुरस्कार राम जी,एवं श्याम मोहन द्वारा प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सुनील सिंह (भाजपा जिला अध्यक्ष), अभिषेक शुक्ला, श्री अनुपम त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि त्रिपाठी, पारिजात त्रिपाठी, श्री अनिल शुक्ला, श्रीमती रचना शुक्ला, रामजी कश्यप, विशाल वर्मा, मालिक इरफान, नीरज शुक्ला, श्याम मोहन श्रीवास्तव, रवि शंकर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### कस्बा मैगलगंज में बीती रात चोरी की घटना आई सामने




**लखीमपुर खीरी।** गुरुद्वारा के सामने स्थित एक किराने की दुकान तथा खखरा मोड़ के पास स्थित दो खोखों के ताले अज्ञात चोरों द्वारा तोड़ दिए गए।जिसमें एक खोखें से कुछ नकदी भी गायब हुई है।सुबह दुकानदारों के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## तेंदुआ ने बकरी को बनाया निवाला, ग्रामीणों में दशहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही संवाददाता।** बेलरायां रेंज की ग्राम पंचायत कड़ियां में बीती रात घर में घुस कर तेदुएं ने एक पालतू मवेशी पर हमला कर गर्दन काट दी जिससे बकरी की मौत हो गई सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की है । एक तरफ जहां तेदुआ की आमद से गांव के लोगों में हाहाकार मचा हुआ है वहीं वन विभाग की उदासीनता से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है ग्रामीणों की वन विभाग से मांग है कि वन विभाग गांव के आसपास तेदुआ की लोकेशन जानने के लिए कैमरे लगाए और रात में संवेदनशील जगहों रास्तों पर पेट्रोलिंग करे। ग्राम कड़ियां किशन नगर निवासी भिफ्फू ने बताया रात लगभग दो बजे घर में बंधे पालतू मवेशी बकरियों के चिल्लाने की आवाज आने लगी जिस पर उसने देखा कि तेंदुआ बकरी को उठाकर ले जा रहा है वो घबराते हुए चिल्लाने लगा आवाज सुनकर अन्य लोग इकट्ठा हो गए भीड़ देखकर तेंदुआ बकरी को छोड़कर भाग गया तेंदुआ के हमले बकरी की गर्दन कटने से मौत हो गई खबर आग की तरह इलाके में फैल गई जिससे लोगों में किसी अनहोनी की घटना से हड़कम मचा हुआ है वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरी लाल वन विभाग की टीम संग घटना स्थल का जायजा लिया फिंगर प्रिंट को देखकर बताया कि तेंदुआ है बकरी का पीएम कराकर आक्रोशित ग्रामीणों को मुआवजे का आश्वासन दिया उसके बाद गांव के लोग शांत हुए। वहीं बीते 25 जनवरी को



सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें 24 जनवरी की रात केले के खेत में तेंदुए को देखा गया था। वीडियो में दावा किया गया था कि तेंदुए के पैर में कुकड़ा फंसा हुआ है। सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद डीएफओ के आदेश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया था,और तेंदुआ होने की पुष्टि की। उसके बाद तेंदुए की लोकेशन के लिए कैमरे और दो पिंजरे लगाए गए हैं, लेकिन अभी तक वन विभाग के बहुत कोशिशों के बाद भी तेंदुआ पकड़ से दूर है।

## नल रिबोर और स्ट्रीट लाइट के नाम लाखों का गोलमाल के आरोप

**● विकासखंड पसगवा की ग्राम पंचायत गणेशापुर में**

**हैंडपंप मरम्मत व रिबोर तथा स्ट्रीट लाइट के नाम पर जबरदस्त घोटाला के आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** विकास खंड पसगवा की ग्राम पंचायत गणेशापुर में नल रिबोर और मरम्मत एवं स्ट्रीट लाइट के नाम पर भारी गोलमाल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है सूत्र बताते हैं किशासन द्वारा चलाई जा रही विकास कार्य योजना का विकास खंड पसगवां की अधिकतर ग्राम पंचायतों में सिर्फ कागजों पर ही क्रियान्वयन हो रहा है परंतु वास्तविकता में ग्राम पंचायतों के कुछ मंदों में विकास कोसो नदारद है तथा इन मंदो में जबरदस्त घोटाला हुआ है। विकास खंड पसगवां की कई ग्राम पंचायतों में हैंड पंप मरम्मत एवं रिबोर व स्ट्रीट लाइट के नाम पर जमकर घोटाला किया गया तथा ये घोटाला अब तक किया जा रहा है। कई योजनाओं में क्रमबद्ध तरीके से योजना बनाकर भ्रष्टाचार अब तक किया जा रहा है। पसगवां ब्लाक की ग्राम पंचायत गनेशापुर मे जनता के पैसे को पंचायत सचिव प्रधान डकार कर मालामाल हो रहे गांव का विकास करने के लिये सरकार द्वारा तरह तरह की योजना चलाई जाती परंतु ये विकास कार्य सिर्फ कागजों पर किए जा रहे और खातों में जमा राशि निकालकर ग्राम प्रधानों एवं सचिवों द्वारा खुद का विकास किया जा रहा है। सरकार तथा शासन के आदेशों पर पानी फेर रहे है जिम्मेदारो को न तो उच्चधिकारियों का डर है न सरकार का अपने कार्यकाल के अंतिम चरण में चल रही ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं सचिव खाते खाली करने में लगे है। ग्राम पंचायत गनेशापुर मे हैन्ड पम्प मरम्मत व रिबोर कार्य करने के नाम पर वर्ष 2021 से 2022 तक निकाली गई धनराशि क्रमशः200000/ हैन्डपम्पमरम्मतकार्य, 100000/ हैन्ड पम्प मरम्मत कार्य, 90000/ हैन्ड पम्प मरम्मत कार्य 257000/ हैन्ड पम्प रिबोर कार्य, 200000/ हैन्ड पम्प मरम्मत, 200000/ हैन्ड पम्प रिबोर कार्य, कुल धनराशि 1047000 होती है।

**फिर स्ट्रीट लाइट मरम्मत के नाम**




**पर निकाली गई धनराशि-** 60000/ स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य,186500/ स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य,186500/ स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य, कुल धनराशि 4,33000 निकाली गई।

उक्त सारी जानकारी पोर्टल के माध्यम से हुई है उक्त के विषय में जब सचिव से जानकारी चाही गई तो सचिव सच्चाई बताने से बच रहे है। गणेशापुर के ग्रामीणों ने बताया कि कोई कार्यवाही नहीं होगी सब आपस में मिले हुए है। ये दोनों विकास कार्य प्रधान प्रतिनिधि व सचिव ने मिलकर कागजों पर ही करवा दिया।

**वर्जन-** इससे सम्बंधित जानकारी के लिए जब प्रधान प्रतिनिधि से संवाददाता ने बात की तो उन्होंने बताया कि हमारे गांव मे कुल हैन्ड पम्प 16 है पैसे की जानकारी नहीं है सचिव से पूछकर बताएंगे। सहायक विकास अधिकारी नहीं उठाते फोन तो कैसे मिले जानकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी अभिलेखों से नियुक्त सहायक अध्यापक की सेवा समाप्त, आरोपी गिरफ्तार



**भदोही।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भदोही द्वारा कम्पोजिट विद्यालय कलिक मवैया (थाना कोइरौना) में नियुक्त सहायक अध्यापक शैलेन्द्र कुमार की सेवा नियुक्ति तिथि से समाप्त कर दी गई है। यह कार्रवाई अवैध अभिलेखों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त किए जाने के आरोपों के बाद की गई। प्रकरण में थाना कोइरौना पर मुकदमा संख्या 199/2025 अंतर्गत धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को वांछित आरोपी शैलेन्द्र कुमार पुत्र रामचन्दर (उम्र 45 वर्ष), निवासी भटौली, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की। पुलिस अधीक्षक भदोही ने बताया कि जनपद में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी प्राप्त करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

### नारी सुरक्षा/ नारी सम्मान/ नारी स्वावलंबन



पुलिस की सेवाओं व शासन द्वारा चलाये जा रहें विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है दिनांक 05.02.2026 को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो/ महिला मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरुक बनें, सुरक्षित रहें।

1090 - महिला पावर लाइन (महिलाओं के लिए हेल्पलाइन)

181 - महिला हेल्पलाइन (महिलाओं के लिए आपातकालीन सहायता)

112 - आपातकालीन सेवा (पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस के लिए)

1076 - सीएम हेल्पलाइन (मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए शिकायतें और सुझाव)

1930 - साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन (साइबर अपराधों के लिए सहायता)

छात्राओं को दी गई उपयोगी जानकारी।

### पोखरा में युवक का शव मिलने से गांव में फैली सनसनी

**सीखड़, मीरजापुर।** कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत भैंसा गांव स्थित पोखरा में गुरुवार को एक युवक का शव उतराता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। बाद में शव की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमरा खैरा गांव निवासी 19 वर्षीय शिवम् हरिजन उर्फ टिंडे पुत्र स्वर्गीय हीरालाल के रूप में हुई।शव की पहचान होते ही मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव पोखरा में फेंके जाने की आशंका जताई है। मृतक की मां गिरजा देवी ने आरोप लगाया कि चार दिन पूर्व रविवार को शिवम् अपने दोस्तों के साथ पार्टी मनाने गया था, जहां किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी। उसी दिन से शिवम् लापता हो गया था।परिजनों के अनुसार, बेटे की काफी तलाश की गई। इस बीच 3 फरवरी को कछवां थाने में शिवम् की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। गुरुवार को पोखरा में शव मिलने की सूचना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।मृतक शिवम् अपने परिवार में एक बहन और दो भाइयों में सबसे छोटा था। पिता का पहले ही निधन हो चुका है, सूचना पर पहुंची कछवां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

## बबुरा खुर्द गांव में नील गाय का मांस बरामद कर वनविभाग की टीम व पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

● गृहस्वामी व उसका परिवार पुलिस व वनविभाग की टीम के आने की भनक लगते ही फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के बबुरा खुर्द गांव में घर के भीतर नीलगाय का मांस रखे जाने की सूचना पर गुरुवार सुबह वनविभाग व पुलिस की टीम गांव में पहुंची। जहां वनविभाग व पुलिस के आने से पहले आरोपित घर छोड़कर भाग निकले।पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। बबुरा खुर्द गांव निवासी दीन मोहम्मद उर्फ लंगड़ ने गांव के ही तालाब के भीटे पर पक्का मकान बना रखा है।पक्के मकान के भीतर नीलगाय का मांस रखे जाने की गांव के ही एक व्यक्ति ने वनविभाग व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे कार्यवाहक थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज विनोद कुमार सिंह, एसआई टीपी सिंह, एसआई मूलचंद वर्मा वनदरोगा सर्वेश्वर पटेल, कुमार कार्तिकेय मौर्य, वनरक्षक अंकुर सिंह ने घर के भीतर तलाशी ली तो बेड के नीचे बड़े टब और बोरी में भरा हुआ करीब चालीस किलो नीलगाय का मांस बरामद किया। ग्रामीणों ने बताया कि बरामद मांस को आरोपियों ने बेचने के लिए घर के भीतर रखा था।वनविभाग की टीम बरामद मांस को थाने लेकर गई ।आरोपितों को पुलिस व वनविभाग की टीम गिरफ्तार नही कर सकी है।

वनविभाग मामले की लीपापोती में लगा हुआ है।वनदरोगा सर्वेश्वर पटेल का कहना है बरामद किया गया मांस प्रयागराज जिले से लाया गया था। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि अभी आरोपियों को गिरफ्तार नही किया गया तो वन दरोगा को कैसे मालूम कि नील गाय का मांस प्रयागराज से लाया गया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया वनविभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।जंगली जानवरों की सुरक्षा में घोर लापरवाही बरत रहा है ।यदि वनविभाग की टीम वनरेंज में गश्त करती तो शायद नील गाय का शिकार नही हो पाता।नील गाय का मांस बरामद होना वनविभाग की कार्य शैली पर सवालिया निशान लगा रहा।वहीं क्षेत्रीय वन अधिकारी ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी का कहना है कि पशुचिकित्साधिकारी हलिया कमलेश कुमार को बरामद किए गए नील गाय के मांस की पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए सूचना दी गई है। पशुचिकित्साधिकारी द्वारा पोस्टमार्टम किए जाने के बाद आरोपितों के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

### साइबर सेल द्वारा लोन दिलाने के नाम पर फ्रॉड किया गया संपूर्ण धनराशि 1,00,000/-(एक लाख रु0) पीड़ित के खाते में कराया गया वापस



शिकायतकर्ता आदित्य सिंह यादव को आनलाइन लोन दिलाने के नाम पर आरोपी द्वारा 100000 की ठगी कर ली गई थी, उक्त के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया गया था। साइबर सेल भदोही द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक का फ्रॉड हुई धनराशि को ट्रेस करते हुए संबंधित बैंक खातों में होल्ड कराया गया जिसके उपरांत संबंधित बैंक से पत्राचार कर फ्रॉड हुई संपूर्ण धनराशि 100000/- (एक लाख रु0) को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद- भदोही व साइबर सेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

## मतदाता सूची से नाम काटने की साजिश का आरोप, सपा ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** मतदाता अधिकारों की रक्षा और लोकतंत्र को बचाने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी जनपद भदोही द्वारा जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के नाम अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य को ज्ञापन सौंपा।

समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मदर रोल के उपरांत जनपद की तीनों विधानसभाओं के कई बूथों पर भाजपा नेताओं द्वारा छपे हुए फार्म-7 बड़ी संख्या में बीएलओ को देकर जबरन रिसीव कराए जा रहे हैं, जिससे वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश की जा रही है। पार्टी का कहना है कि इस प्रक्रिया से विशेष समुदाय, जाति व वर्ग के मतदाताओं को मतदान से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। सपा ने मांग की कि झूठे फार्म-7 की निष्पक्ष जांच कराई जाए, फार्म देने व दिलाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो तथा सभी वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में यथावत रखे जाएं, ताकि लोकतंत्र के मौलिक अधिकार सुरक्षित रह सकें। प्रदर्शन के दौरान विधायक जाहिद बेग के साथ हृदय नारायण प्रजापति, आरिफ सिद्दीकी, सोभनाथ यादव, अंजनी सरोज, संतोष यादव, लालचंद बिंद, आसिफ खान, शैलेश सिंह मंटू, रामधनी यादव, पवन विश्वकर्मा, दिलीप भीम कनौजिया, पंचलाल सरोज, करिया पाल, कमला महतो, अलीशेर खान, महेश पाल, अबरार अंसारी, गुलाब पाल, रवि यादव, मुन्ना खान, राघोराम पाल, सुबेदार विश्वकर्मा, डॉ. नेब्बुलाल यादव, संदीप मंकी यादव, हिमांशु यादव, लालजीत दुबे, कमलेश प्रजापति, महेन्द्र यादव, विद्या पासी, मिल्लू यादव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र (पप्पू) भी उपस्थित रहे।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर तीन-दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुरियावां।** अभोली ब्लॉक के मतेथू गांव में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर चल तीन-दिवसीय श्रीराम कथा का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। श्रीराम कथा के तीसरे और अंतिम दिन बृहस्पतिवार को कथावाचक राजेश भारद्वाज जी महाराज ने श्रीराम जन्मोत्सव व नारद मोह सहित माता तुलसी और प्रभु श्रीराम के विवाह की कथा का वर्णन किया। भगवान से जुड़े प्रसंगों का मनमोहक वर्णन सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। कथावाचक राजेश भारद्वाज जी महाराज ने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब असुरों का अत्याचार बढ़ा, तब-तब ईश्वर ने किसी न किसी रूप में अवतार लेकर असुरों का संहार किया। कहा कि जब धरा पर धर्म की जगह अधर्म बढ़ने लगता है, तब धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर को आना पड़ता है। कहा कि भगवान राम ने भी पृथ्वी लोक पर आकर धर्म की स्थापना की और लोगों का कल्याण किया। कथा में उन्होंने राम जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब अयोध्या में भगवान राम का जन्म होने वाला था, तब समस्त अयोध्या नगरी में शुभ शगुन होने लगे। प्रभु राम का जन्म होने पर चारों ओर खुशी का माहौल हो गया। वहीं तुलसी माता की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि माता तुलसी का पूर्व जन्म में उनका नाम वृंदा था। भगवान विष्णु ने लोकल्याण के लिए लीला करते हुए देवी वृंदा के साथ छल किया। जब उन्हें इस बात का पता चला तो उन्होंने भगवान विष्णु को पत्थर का यानी शालिग्राम होने का श्राप दिया। इसके बाद उनकी राख से तुलसी का पौधा निकला और भगवान विष्णु ने कहा कि वह भी शालिग्राम के रूप में तुलसी के साथ पूजे जाएंगे। माँ सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कथावाचक राजेश भारद्वाज जी महाराज ने कहा कि जनकपुर में मंगल गीतों की गूंज के बीच जब विदाई का समय आता है, तब माता-पिता का हृदय भर आता है। राजा जनक, जो स्वयं महान ज्ञानी और वैरागी हैं, उस क्षण पिता बनकर अपनी पुत्री



को विदा करते हुए भीतर से टूट जाते हैं। माता सुनयना की आंखों से बहते अश्रु हर माता के ममत्व का प्रतीक बन जाते हैं। सीता केवल जनक की पुत्री नहीं, जनकपुर की आत्मा हैं। उनकी विदाई पर महल ही नहीं, नगर की गलियां, वृक्ष और जनसामान्य तक शोकाकुल हो उठते हैं। यह प्रसंग सिखाता है कि विवाह केवल उत्सव नहीं, बल्कि त्याग, धैर्य और संस्कारों की परीक्षा भी है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार पाठक,आशीष पाठक, नितिन पांडेय,नीरज पाठक,सुनील पाठक, श्याम पाठक, त्रिभुवननाथ त्रिपाठी, सुनील कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया सघन निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट, तहसील एवं विकास खंडों के निरीक्षण हेतु तैयार रोस्टर के तहत जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने अपर जिलाधिकारी कुँवर वीरेंद्र मौर्य एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित समस्त कार्यालयों एवं न्यायालयों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूरे परिसर का भ्रमण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई, जनसामान्य हेतु बैठने की व्यवस्था, पूछताछ/स्वागत कक्ष, पेयजल, जन प्रसाधन, वाहन पार्किंग एवं भवन मरम्मत सहित मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि/रा), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) के कार्यालय एवं



न्यायालय, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर के न्यायालय का निरीक्षण कर पांच वर्ष से अधिक अवधि से लंबित वादों की पत्रावलियों का अवलोकन किया गया और ऐसे मामलों में सतत सुनवाई कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त निर्वाचन कार्यालय, कोषागार, चकबंदी, अभियोजन, संयुक्त कार्यालय, अभिलेखागार, शिकायत लिपिक, ई-आर-के, भूलेख, आयुध, खनन, डीएलआरसी, एलबीसी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग सहित विभिन्न कार्यालयों व पटलों का निरीक्षण कर फाइलों व अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट स्थित समस्त राजस्व न्यायालयों के निरीक्षण के दौरान आरसीसीएमएस प्रणाली पर लंबित वादों की प्रविष्टि, पांच वर्ष से पुराने वादों का निस्तारण, आदेशों का ऑनलाइन अपलोड, दाखिल-दफ्तर की स्थिति तथा अपील एवं पुनरीक्षण से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। भूलेख कार्यालय, राजस्व/न्यायिक अभिलेखागार, मुख्य राजस्व लेखागार, राजस्व लेखाकार पटल एवं नजारत के निरीक्षण में सेवा संबंधी प्रकरणों, पेंशन, वसूली, ऑडिट आपत्तियों, विभागीय कार्यवाहियों एवं अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों को निर्देशित किया कि अपने-अपने पटलों को सुव्यवस्थित रखें और कार्यों का निष्पादन समयबद्ध एवं सुचारू रूप से करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी पटल पर अनावश्यक पेंडेंसी नहीं होनी चाहिए।

## जनपद भदोही के शवगृह में पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी सेल का हुआ उद्घाटन

● संवेदनशील मामलों में पारदर्शिता बढ़ेगी, साक्ष्य होंगे मजबूत

पोस्टमॉर्टम वीडियोग्राफी सेल अत्याधुनिक कंप्यूटर सिस्टम एवं वीडियोग्राफी उपकरणों से है सुसज्जित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



जनपद भदोही में पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद के पोस्टमार्टम हाउस (शवगृह) में नवनिर्मित पोस्टमॉर्टम वीडियोग्राफी सेल का उद्घाटन किया गया। निरीक्षक अजय कुमार यादव के नेतृत्व में इस सेल के माध्यम से अब सभी पोस्टमॉर्टम की पूरी प्रक्रिया का वीडियो रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा, जिससे संवेदनशील मामलों में साक्ष्यों की विश्वसनीयता बढ़ेगी। दहेज मृत्यु, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु और अन्य संदिग्ध मामलों में पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी अत्यंत आवश्यक है। यह सेल इन सभी मामलों में वीडियो साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और उन्हें समय पर न्यायालय या संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और किसी भी प्रकार के संदेह की गुंजाइश कम होगी। यह पोस्टमॉर्टम वीडियोग्राफी सेल अत्याधुनिक कंप्यूटर सिस्टम और आधुनिक वीडियोग्राफी उपकरणों से सुसज्जित है। इससे रिकॉर्ड्स का डिजिटल रखरखाव बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी सेल में तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता, तकनीकी दक्षता और साक्ष्यों की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

### जल प्रकृति का उपहार है - जल संरक्षण समय की मांग

**छानबे, मिर्जापुर।** बरिष्ठ भू-भौतिकविद स्वप्निल कुमार राम के निर्देशन में भूजल जन-जागरूकता कार्यक्रम के छठवें दिन गुरुवार को पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय बसेवरा में भावी कर्णधारों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इसके पूर्व जल संचयन के संसाधनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। प्रधानाध्यापक कुल भाष्कर मिश्रा ने बताया कि जल प्रकृति का वह उपहार है जिसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पृथ्वी का दो तिहाई भाग जल से घिरा है। फिर भी वर्तमान में पृथ्वी पर मात्र 0, 3 भाग ही साफ और शुद्ध जल रह गया है। उन्होंने सीख दिया कि हमें अपने जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने के प्रयत्नों के साथ ही पानी के संयमित उपयोग के प्रति सचेत रहना होगा। गंगा वारियर ने पानी मत बर्बाद करो-जीवन को आबाद करो, वृक्ष लगाओ-पानी बरसाओ, वृक्ष धरा का है आभूषण -वृक्ष नहीं तो बढ़े प्रदूषण जैसे नारे लगवाए। अवर अभियंता तीर्थराज बिंद, सहायक अध्यापक अंकित कुमार अनुदेशक शिव बाबू ने भी जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी।

## इण्टर भूगोल प्रयोगात्मक परीक्षक पवन कुमार के साथ ग्रीन गुरु जी ने किया गुलाब के पौध का रोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** 3873वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक, सचिव , अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर,कॉलेज,पचोखरा, मीरजापुर , नमामि गंगे, जिला गंगा संरक्षण समिति ,ब्रांड अम्बेस्डर तथा ध्वजारोहक स्वच्छता, नगरपालिका परिषद, मीरजापुर,जनपदीय समिति सदस्य, एक पेड़ मां के नाम 2.0' बृक्षा रोपण अभियान मीरजापुर द्वारा 01जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3873 वें दिन के क्रम में इण्टर भूगोल प्रयोगात्मक परीक्षा के अवसर पर शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज के परिसर में गुलाब के पौध का रोपण राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज,मयंग, सुल्तानपुर से आये भूगोल प्रयोगात्मक परीक्षा के परीक्षक,पवन कुमार, प्रवक्ता, भूगोल व उनके ड्राइवर के



साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य,अनिल कुमार सिंह, ग्रीन गुरु जी ने किया। इस अवसर पर ग्रीन गुरु जी ने परीक्षक पवन कुमार को खेल क्रान्ति अभियान व पर्यावरण शुद्धि कारण अभियान का मां विंध्यवासिनी की प्रतिमा के साथ फ्लावर पॉट में लगा सतावर का पौध, बैग व बारहमासी सहजन का पौध तथा उनके साथ आये दीपक को कप सप्रेम भेंट किया। साथ ही बतलाया कि लगातार प्रति दिन पौध रोपण का उद्देश्य,हरा,भरा रहे धरा, लोगो मे पौध रोपण व संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।

### विजय वर्मा बने ओलंपिक संघ के जिला उपाध्यक्ष



**चुनार, मिर्जापुर।** जिला सहकारी संघ मिर्जापुर व सोनभद्र के अध्यक्ष एवं चुनार नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा को ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। ओलंपिक संघ के जिला महासचिव एस पी त्रिपाठी ने बताया कि श्री वर्माको यह जिम्मेदारी उनके सामाजिक कार्यों में रुचि एवं खेलों के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए दी गई है। विजय कुमार वर्मा के ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मेगा/वृहद सेवा शिविर का आयोजन-आमजन को मिलेगा निःशुल्क लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं कार्यपालक अध्यक्ष ,वरिष्ठ न्यायमूर्ति उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुमोदन उपरांत आम जनता के विधिक सशक्तिकरण हेतु कतिपय दिनांक 22 फरवरी 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के तत्वाधान में मेगा, वृहद विधिक सहायता, सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। पूर्ण कालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 के विभिन्न विभागों जिनके अन्तर्गत निर्बल वर्ग, दिव्यांगो, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग के लोग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु जन कल्याणकारी योजनाओं जो विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं कर्तव्यों के अन्तर्गत आती है, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अपेक्षा यह है कि इन विभागों की लच्छित योजनाओं को प्राधिकरण के उद्देश्य व कर्तव्यों के आधार पर चिन्हित किया जायें तथा उक्त मेगा शिविर का हिस्सा बनाया जाए। सचिव द्वारा यह भी बताया गया है कि द्वितीय चरण में मेगा, वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का संचालन व कार्य योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा, जिसमें समस्त विभागों की निर्बल वर्ग, दिव्यांगो, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग के लोग, असंगठित क्षेत्र




के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु जन कल्याणकारी योजना का प्रदर्शन व प्रचार-प्रसार होगा। अतः आप सभी जनमानस दिनांक 22 फरवरी 2026 को राजकीय इण्टर कलेज मीरजापुर के मैदान में आयोजित मेगा, वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभउठाये।

## जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-2.0' को सफल बनाये जाने हेतु बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही/** जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-2.0' को सफल बनाये जाने के लिए विचार-विमर्श हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक माजनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आहूत की गयी। इस अभियान के तहत मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लंबित ऐसे प्रकरण जिसमें सुलह-समझौता के आधार पर समाधान की संभावना अधिक हो तो ऐसे प्रकरणों को उक्त अभियान के अंतर्गत मध्यस्थता के माध्यम से सुलह के आधार पर निस्तारित कराया जाना है।

जिससे कि न सिर्फ वादकारीयों को त्वरित न्याय मिल सकेगा, अपितु उनके धन व समय की भी बचत होगी। इस अभियान के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस के मामले, वणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य उपयुक्त दीवानी मामले को शामिल किया गया है।

इसके साथ ही माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि उक्त अभियान में पैसे अधिक से अधिक मामले जिनमें मध्यस्थता के माध्यम से सुलह-समझौता हो सके, मध्यस्थता केन्द्र को संदर्भित करें। जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके। बैठक में श्री रत्नेश मणि त्रिपाठी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, श्री बंश बहादुर यादव, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, श्री अमित वर्मा, अपर जिला जज/ एस0सी0/ एस0टी0 एक्ट, श्री लोकेश मिश्रा, अपर जिला जज / पाक्सो एक्ट, श्री आनन्द मिश्रा, मुख्य न्यायिक मजि0, श्रीमती तरूणिमा पाण्डेय, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही व जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## डीएम व सीडीओ ने ब्लॉक कर्मियों व तकनीकी सहायको के साथ किया बैठक

● समूह की महिलाओं ने स्व निर्मित जूट झोला दिखाया जिस पर प्रिंट करने के लिये मशीन लगाने को सीडीओ को कहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** डीएम पवन कुमार गंगवार सीडीओ विशाल कुमार आईएएस परियोजना निदेशक धर्मजीत सिंह गुरुवार की शाम ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर ब्लॉक का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी को दिया इसके बाद ब्लॉक सभागार में ब्लॉक कर्मियों व तकनीकी सहायको के साथ बैठक कर विकसित जी राम जी योजना की समीक्षा किया ।

जी राम जी योजना के तहत श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया कराने का निर्देश दिया है एडीओ, टीए, जेई की बैठक में स्टिमेट व स्थलीय सत्यापन करने की हिदायत दी। शिव गुरु सहायता समूह हलिया की महिलाओं ने जूट का फाइल बैग, झोला, पानी बोतल बैग स्वनिर्मित दिखाया जिसकी सराहना करते हुए और अच्छा करने के लिये सीडीओ को समूह के माध्यम से प्रिंटिंग मशीन लगाने के लिये कहा। परिवार में कनिष्ठ लिपिक कक्ष का अवलोकन किया।जीपीएफ पास बुक अधूरा मिला जिस पर बाबू अजय कुमार यादव को ठीक करने की हिदायत दी। बीडीओ को बीज गोदाम को खाली उसको उपयोग में लाने को कहा। हलिया मतवार रोड बनवाने की लोगों की मांग पर कहा कि नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह, अंशुल हिंदल,बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ कोऑपरेटिव राजकपुर सिंह, एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद, एडीओ एसटी सुशील कुमार पटेल,एपीओ ज्ञान सिंह, सुधीर कुमार, सहित ब्लॉक कर्मी व तकनीकी सहायक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मेवा लाल बगिया चौराहे पर ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा



**नैनी ,प्रयागराज ।** नैनी क्षेत्र स्थित मेवा लाल बगिया चौराहे पर बुधवार रात अचानक एक ई-रिक्शा पलट गयी। उस दौरान चालक ई रिक्शा के नीचे दब गया। घटना के बाद मौके पर रहे स्थानीय लोगों और पुलिस ने तत्काल पहुंचकर ई रिक्शा को उठाया जहाँ चालक को बचा लिया गया। गनीमत रही कि चालक को चोट नहीं आई। घटना के दौराज ई-रिक्शा में कोई सवारी नहीं था। जिससे चालक बाल-बाल बच गया। दुर्घटना के बाद चालक रिक्शा लेकर वहां से चला गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, चौराहे पर दो बड़े गड्ढे हैं। इसके अलावा गोल चौराहा बनाए जाने से चौराहा छोटा हो गया है। जिसके कारण आए दिन घटनाएं होती रहती है। जिसके कारण अक्सर यहां वाहन पलटने की घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से इन गड्ढों को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की है।

### आज शाहगंज थाना शाहगंज इलेक्ट्रिक मार्केट में चला बुलडोजर

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के पुराने शहर सड़कों पर कब्जा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान तेज हो गया है आज नगर निगम की टीम पुलिस और आरएफ के साथ अभियान की शुरुआत की जानसेनगंज शाहगंज इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में टीमों ने लाउडस्पीकर लगाकर ऐलान किया दुकानों के सामने से खुद अतिक्रमण तोड़े अन्यथा बुलडोजर चलने जा रहा है। इससे अफरा तफरी मच गई इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में सैकड़ो दुकानदार गलियों में दुकानों होने के बाद दोनों साइड की सड़क पर अतिक्रमण कर लिया है। इससे वहां से पैदल निकलना भी बड़ा मुश्किल होता है टीमों ने ऐलान के बाद कार्रवाई शुरू कर दी कुछ दुकानदारों ने खुद ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में नगर निगम के अतिक्रमण बुलडोजर की कार्रवाई शुरू कर दी गई तो बाहर तक करीब तीन दर्जन दुकानों के आगे से अतिक्रमा हटा लिया गया। ध्वस्त कर दिया गया इस तरह पुराने शहर के सचौक सब्जी समंडी नखासकोना सेवई मंडी शाहगंज में भी अतिक्रमण की वजह से वाहनों का निकलना मुश्किल होता है टीम ने कहा है कि यह अभियान जारी रहेगा और शहर में जो अतिक्रमण है उसके खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

### बीजेपी ने मनमोहन सिंह को 2004 में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देने से रोका था: जयराम रमेश

**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा में सरकार और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के बीच कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को एक पुराने वीडियो का हवाला देते हुए दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने से रोका था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मनमोहन सिंह का 10 मार्च 2005 को दिये गए एक भाषण का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया, जिसमें सिंह ने इस बात का उल्लेख किया था कि 10 जून 2004 को उन्हें धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने से रोका गया था। रमेश ने बुधवार देर रात वीडियो का हवाला देते हुए कहा था कि यह इस बात को याद दिलाने के लिए है कि 10 जून 2004 को तत्कालीन प्रधानमंत्री को भाजपा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने नहीं दिया था। लोकसभा में बुधवार को उस वक्त नाटकीय दृश्य देखने को मिला, जब विपक्ष की कई महिला सांसद बैनर लेकर प्रधानमंत्री की सीट की ओर बढ़ गई थीं। उस समय ऐसी संभावना थी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देने के लिए सदन में आ सकते हैं। इस घटना के समय प्रधानमंत्री मोदी सदन में मौजूद नहीं थे और भाजपा सदस्य पी. पी. चौधरी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात रख रहे थे।

## प्राइमरी टीचरों को दस साल तक हर महीने 7000 रुपये देना बंधुआ मज़दूरी है: सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से 17 हज़ार रुपये देने को कहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (4 फरवरी) को उत्तर प्रदेश सरकार की 'गलत हरकतों' के लिए आलोचना की। कोर्ट ने कहा कि राज्य के प्राइमरी स्कूल टीचरों/इंस्ट्रक्टरों को एक दशक से ज़्यादा समय तक हर महीने सिर्फ़ 7,000 रुपये का मामूली फिक्स्ड मानदेय देकर एक तरह की 'बेगार' करवाई जा रही है। ईटीचरों को मिलने वाली सैलरी स्थिर और कम होने पर जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की बेंच ने राज्य सरकार को सभी टीचरों को हर महीने 17,000 रुपये का मानदेय देने का निर्देश दिया। यह फैसला फाइनेंशियल ईयर 2017-18 से लागू होगा और बकाया छह महीने के अंदर देना होगा। कोर्ट ने कहा, '...यूपी राज्य के अपर प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त पार्ट टाइम कॉन्ट्रैक्ट टीचर/इंस्ट्रक्टर अपने 7,000 रुपये प्रति माह के मानदेय में बढ़ोतरी के हकदार हैं, जो शुरू में 2013 में ग्यारह महीने के कॉन्ट्रैक्ट पीरियड के लिए तय किया गया और यह बढ़ोतरी, अगर सालाना नहीं तो PAB के विवेक के अनुसार समय-समय पर होनी चाहिए। चूंकि 2017-18 के लिए PAB ने उक्त मानदेय 17,000 रुपये प्रति माह तय किया, इसलिए इस योजना के तहत नियुक्त सभी इंस्ट्रक्टर/टीचर 2017-18 से आगे की बढ़ोतरी होने तक 17,000 रुपये प्रति माह की दर से भुगतान के हकदार हैं।' सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार ने मुख्य कारण यह बताया कि केंद्र सरकार इस योजना के तहत अपने हिस्से की फंडिंग नहीं दे रही है। राज्य सरकार ने बताया कि समग्र शिक्षा योजना (जो सर्व शिक्षा अभियान की जगह लाई गई) के तहत ऐसी केंद्र प्रायोजित योजनाओं का वित्तीय बोझ 60:40 के अनुपात (केंद्र:राज्य) में बांटा जाता है। राज्य ने तर्क दिया कि अगर केंद्र सरकार अपना 60% हिस्सा जारी नहीं करती है, तो राज्य को पूरा खर्च उठाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा, 'प्रशिक्षकों/शिक्षकों को मानदेय देने का शुरुआती बोझ राज्य सरकार पर है, जो 'भुगतान करो और वसूल करो' के सिद्धांत पर भारत संघ से केंद्र सरकार का योगदान वसूल करने के लिए स्वतंत्र है।' कोर्ट ने आगे कहा, 'उपरोक्त प्रावधान को साधारण रूप से पढ़ने से पता चलता है कि राज्य सरकार न केवल केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को दी गई रकम को ध्यान में रखेगी, बल्कि अपने अन्य संसाधनों को भी ध्यान में रखेगी और अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के लिए धन उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार होगी। इसलिए राज्य सरकार पर अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के संबंध में प्रशिक्षकों/शिक्षकों को मानदेय के भुगतान के लिए भारी कर्तव्य डाला गया। इसलिए पूरी गंभीरता से अधिनियम या उसके तहत बनाई गई योजना के तहत नियुक्त प्रशिक्षकों/शिक्षकों को मानदेय देना राज्य सरकार का प्राथमिक कर्तव्य है। यदि केंद्र सरकार अपने वित्त का हिस्सा देने में विफल रहती है तो राज्य सरकार इसे केंद्र सरकार से वसूल करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन प्रशिक्षकों/शिक्षकों को भुगतान से इनकार नहीं कर सकती। 'भुगतान करो और वसूल करो' का सिद्धांत इस तरह लागू होगा और मान्य होगा।' लाइव लॉ के अनुसार निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले गए: पार्ट टाइम या कॉन्ट्रैक्ट पर रखे गए इंस्ट्रक्टर/ टीचर की नियुक्ति असल में तब कॉन्ट्रैक्ट वाली नहीं रह जाती, जब ग्यारह महीने की कॉन्ट्रैक्ट अवधि, जिसके लिए उन्हें शुरू में नियुक्त किया गया, या बढ़ाई गई कॉन्ट्रैक्ट अवधि खत्म हो जाती है। वे पार्ट टाइम इंस्ट्रक्टर/टीचर भी नहीं थे क्योंकि उन्हें खास तौर पर अपने खाली समय में कहीं और कोई नौकरी या पार्ट टाइम काम करने से मना किया गया। असल में ये इंस्ट्रक्टर/ टीचर जो लगातार दस साल से ज़्यादा समय से काम कर रहे हैं, उन्हें स्थायी पदों पर स्थायी रूप से नियुक्त माना जाएगा, क्योंकि समय बीतने के साथ और काम की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे पद अपने आप बन जाते हैं। PAB Act और स्कीम के तहत बजट और फाइनेंस को मैनेज करने और उसके तहत नियुक्त इंस्ट्रक्टर/टीचर के लिए मानदेय तय करने वाली एकमात्र केंद्रीय अथॉरिटी है। फाइनेंस और बजट से जुड़े मामले में, और नतीजतन मानदेय तय करने में, किसी अन्य अथॉरिटी का कोई दखल नहीं है। PAB द्वारा एक बार इन 44 इंस्ट्रक्टर/ टीचर को प्रति माह 17,000/- रुपये मानदेय तय करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद कोई भी अथॉरिटी ऐसे फैसले पर रोक नहीं लगा सकती और इसके विपरीत आदेश पारित नहीं कर सकती। इंस्ट्रक्टर/ टीचर को मानदेय देने का शुरुआती बोझ राज्य सरकार पर है, जो 'भुगतान करो और वसूल करो' के सिद्धांत पर भारत संघ से केंद्र सरकार का योगदान वसूल करने के लिए स्वतंत्र है। इन इंस्ट्रक्टर/ टीचर को देय मानदेय को स्थिर नहीं रहने दिया जा सकता है। इसे PAB या किसी अन्य अथॉरिटी द्वारा, जैसा कि केंद्र सरकार/ राज्य सरकार द्वारा स्कीम या संशोधित स्कीम के तहत तय किया जा सकता है, कम से कम हर तीन साल में एक बार संशोधित किया जाएगा। viii) राज्य/केंद्र सरकार का इंस्ट्रक्टर/ टीचर को 7,000/- रुपये प्रति माह के निश्चित मानदेय पर नियुक्त करने का कोई भी कार्य, जैसा कि शुरू में 2013-14 में तय किया गया, 'बेगार' और अनुचित प्रथा के बराबर है, जो संविधान के अनुच्छेद 23 का उल्लंघन है। चूंकि PAB ने इन इंस्ट्रक्टरों/ टीचरों के लिए 2017-18 से 17,000/- रुपये प्रति माह की दर से फिक्स्ड मानदेय तय किया, इसलिए राज्य सरकार/ केंद्र सरकार का उन्हें 8,470/- रुपये या 9,800/- रुपये या 7,000/- रुपये प्रति माह की बेसिक दर से कम भुगतान करना सही नहीं है।

## देश भर में ऐसे सम्मेलन के माध्यम से श्रमिकों को जागरूक किया जा रहा है -अरुण कुमार पासवान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के एफसीआई रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में गुरुवार दोपहर भारतीय रेलवे मॉल गोदाम श्रमिक संगठन का एक दिवसीय सम्मेलन संपन्न हुआ।

इस आयोजन में संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।सम्मेलन में नैनी, इरादतगंज, बनारस, गोरखपुर, कानपुर, झांसी समेत कई जगहों से आए हुए मॉल गोदाम के श्रमिक उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रीय शासन द्वारा श्रमिकों की 13 सूत्रीय मांगों पर अपनी सहमति दिए जाने पर श्रमिकों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। देशभर के मॉल गोदाम में बड़ी संख्या में मजदूर असंगठित रूप में काम करते हैं। जिनकी 13 सूत्रीय मांगों पर भारतीय रेलवे मॉल गोदाम संगठन 1998 से संघर्ष कर रहा था। जिसे केंद्रीय सरकार ने अपनी सहमति दे दी है। यह सम्मेलन संगठन द्वारा श्रमिकों को जागरूक करने के लिए किया गया था । जिसके माध्यम से श्रमिकों के हित में उत्पन्न हालात पर सभी को जानकारी दी गई।



संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार पासवान ने बताया कि सरकार ने श्रमिकों की बहुप्रतीक्षित 13 सूत्रीय मांगों जिनमें शामिल मेडिकल सुविधा, सामान कार्य सामान वेतन, शिक्षा, रेलवे पास, कैंटीन की व्यवस्था, शौचालय जैसी मांगों पर अपनी सहमति दे दी है।

जिसे अप्रैल में लागू किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। देश भर में ऐसे सम्मेलन के माध्यम से श्रमिकों को जागरूक करने के साथ ही आवश्यक कागजात की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील कुमार, राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार के साथ प्रयागराज जोन के प्रभारी लाल बहादुर यादव, जोन प्रभारी चंद्रहास पहलवान, डिवीजन अध्यक्ष चंद्रबाबू, डिवीजन संगठन मंत्री धीरेंद्र कुमार, डिवीजन सचिव वीरेंद्र कुमार गुप्ता, डिवीजन प्रभारी बादशाह कुमार, संध्या प्रजापति, अभिमन्यु कुमार, नीरज सिंह पटेल, त्रिभुवन पटेल, कुंज बिहारी यादव, लालजी विश्वकर्मा, गोदाम श्रमिक लाल बहादुर, जोन अध्यक्ष वह कार्यक्रम के देखरेख चंद्रहास पहलवान, जोन प्रभारी संगठन मंत्री धीरेंद्र कुमार, व कोषाध्यक्ष संध्या प्रजापति, नैनी माल गोदाम अध्यक्ष अभिमन्यु ,वईदादात गंज अध्यक्ष त्रिभुवन पटेल, माल गोदाम मिर्जापुर अध्यक्ष नीरज पटेल, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग रहे।

## उद्यान विभाग द्वारा तैयार की जा रही रोग मुक्त एवं गुणवत्तायुक्त सब्जियों की नर्सरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त, रोगमुक्त सब्जियों की बेहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय आलू बीज उत्पादन प्रक्षेत्र सैदाबाद, प्रयागराज में हाईटेक नर्सरी संचालित है। जहाँ गुणवत्तायुक्त एवं रोग मुक्त सब्जियों की नर्सरी तैयार कर निदेशालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम विक्रय दर टमाटर, बैगन एवं गोभी वर्गीय पौधों के लिए विक्रय दर 02 रूपये प्रति पौध (बीज विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाने पर), 1.75 रूपये प्रति पौध (कृषक द्वारा बीज उपलब्ध कराये जाने पर) तथा कद्दू वर्गीय पौधों के लिए 2.45 रूपये प्रति पौध (बीज विभाग द्वारा उपलब्ध कराये



जाने पर), 1.22 रूपये प्रति पौध (कृषक द्वारा बीज उपलब्ध कराये) की दर से कृषकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान समय में टमाटर, फूलगोभी, खीरा, कद्दू पेठा, मिर्च एवं पपीता की नर्सरी तैयार की जा रही है।

इच्छुक कृषक किसी भी कार्य दिवस में भ्रमण कर सकते है तथा निर्धारित शुल्क जमा कर हाईटेक नर्सरी से पौध तैयार करा सकते है। कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, प्रयागराज विकास भवन तृतीय तल कक्ष सं0-85 में अथवा राजकीय आलू बीज उत्पादन प्रक्षेत्र सैदाबाद में श्री अमित कुमार भास्कर, स0 उ0 नि0 मो0 नं0-9889592607 पर सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## राहुल का डरः लोकसभा में पीएम के भाषण बिना धन्यवाद प्रस्ताव पास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** संसद के दोनों सदन गुरुवार 5 फरवरी को लगभग ठप हैं। लोकसभा की कार्यवाही तो शुरू होने के बाद ही स्थगति हो गई। लेकिन लोकसभा थोड़ी देर बाद ही फिर से बुलाई गई और बजट प्रस्तावों को पास कर दिया गया। लेकिन यह सब काम प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में भाषण के बिना किया गया। पीएम मोदी बुधवार से ही लोकसभा में आना नजरन्दाज कर रहे हैं। क्योंकि वहां नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें जनरल नरवणे की किताब को भेंट करना चाहते हैं, जिसे सत्तापक्ष अप्रकाशित किताब बता रहा है। बहरहाल, पीएम मोदी अब शाम 5 बजे राज्यसभा में अपना भाषण देंगे। इस तरह मोदी लोकसभा में राहुल गांधी को किसी भी एक्शन का मौका नहीं देना चाहते। विपक्षी सांसदों की जबरदस्त नारेबाजी के बाद गुरुवार को संसद के निचले सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।विपक्षी नारेबाजी के बीच लोकसभा ने राष्ट्रपति के दोनों सदनों को संबोधित करने के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। लोकसभा का सत्र, जो सुबह 11 बजे शुरू हुआ था, इंडिया गठबंधन के सांसदों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाने के तुरंत बाद दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दोपहर 12 बजे सदन के पुनः शुरू होने के तुरंत बाद नारेबाजी जारी रही, और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को फिर से दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सत्तापक्ष का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी कल बुधवार 4 फरवरी को लोकसभा में इसलिए भाषण देने नहीं आए क्योंकि उन पर हमला हो सकता था। इसके लिए लोकसभा की फुटेज



पेश करते हुए दावा किया गया कि कांग्रेस की महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री लोकसभा में जहां बैठते हैं, उस जगह को घेर रखा था। हालांकि वहां पीएम नहीं थे। हालांकि संसद टीवी बता रहा है कि कांग्रेस की महिला सांसद नेता विपक्ष को बोलने से रोकने का विरोध कर रही थीं और उनके हाथों में पोस्टर थे। उनका इरादा पीएम मोदी पर हमले का नहीं था। लेकिन अब उसी घटना की वजह से पीएम के बुधवार को लोकसभा में न आने की सफाई दी जा रही है।

## राहुल गांधी ने संसद में जनरल नरवणे की किताब दिखाई तो पीएम मोदी का भाषण टला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** नेता विपक्ष राहुल गांधी संसद के अंदर जनरल नरवणे की किताब दिखाई और कहा कि वो इसे पीएम मोदी को भेंट करेंगे। संसद के अंदर दिखाने से पहले राहुल ने वही किताब संसद परिसर में असंख्य पत्रकारों को दिखाई थी। बाद में मोदी का संसद आना टल गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की किताब 'Four Stars of Destiny' को पहले संसद के परिसर में और बाद में लोकसभा के अंदर भी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 2020 के भारत-चीन गतिरोध के दौरान जिम्मेदारी न लेने का गंभीर आरोप लगाया है। राहुल इस मुद्दे को लोकसभा में लगातार उठा रहे हैं। हालांकि इस किताब को अप्रकाशित बताया गया है, क्योंकि सरकार और सेना ने इसकी अनुमति नहीं दी है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी शाम को जब संसद में आएंगे तो उनको किताब भेंट करूंगा। लेकिन शाम 5 बजे जब तमाम टीवी चैनलों ने मोदी के भाषण का लाइव प्रसारण दिखाने की तैयारी कर ली थी, ठीक उसी समय सरकार पीछे हट गई और मोदी सदन में शाम 5 बजे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण देने नहीं आए। राहुल गांधी ने बुधवार को सदन में किताब दिखाते हुए कहा कि पूर्व आर्मी चीफ ने अपनी किताब में लिखा है कि पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ तनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सेना प्रमुख को कोई स्पष्ट निर्देश नहीं दिया और सिर्फ इतना कहा, 'जो उचित समझो वो करो' (do what you think is appropriate)। राहुल गांधी ने दावा किया कि जनरल नरवणे ने लिखा है कि उन्हें उस समय 'really alone' (बहुत अकेला) महसूस हुआ। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि स्पीकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किताब के अस्तित्व को ही नकार दिया था, लेकिन अब वह सदन में किताब पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह किताब सरकार के लिए डर का सबब है। अगर प्रधानमंत्री लोकसभा में आएं तो मैं खुद उन्हें यह किताब सौंप दूंगा। 'कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी डर गए, इसलिए संसद में नहीं आए। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- 'वह (प्रधानमंत्री मोदी) डर गए और इसीलिए सदन नहीं आए... केंद्रीय रेल मंत्री और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बुलेट ट्रेन की तरह भाग गए...।' यह विवाद 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन के बीच हुए सैन्य गतिरोध से जुड़ा है, जहां गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई थी। राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने संकट के समय जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया और फैसले सेना पर छोड़ दिए। हालांकि राहुल ने यह भी कहा कि अब पीएम मोदी शायद ही सदन में आएंगे। एनडीटीवी और इंडिया टुडे ने खबर दी थी कि पीएम मोदी बुधवार शाम 5 बजे सदन में आ सकते हैं। लेकिन शाम 5 बजे चैनलों ने लाइव प्रसारण की तैयारी की तो ठीक उसी समय मोदी के संसद में आने और बोलने का मामला टल गया। सरकार इस बात से परेशान हुई कि अगर राहुल गांधी पीएम मोदी को किताब भेंट करेंगे तो वो भी लाइव प्रसारण होगा। अभी कल तक सरकार कह रही थी कि यह किताब अप्रकाशित है। लेकिन राहुल ने बुधवार को किताब दिखाकर सरकार को नई चुनौती दे दी।

## वरिष्ठ नेता के निधन पर शोक सभा,नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता दिनेश चंद्र श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर नैनी में एक शोक सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह शोक सभा कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्हें अपने चरणों में स्थान देने की कामना की।इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव,अजय




श्रीवास्तव, रामजी श्रीवास्तव,बाबूजी यादव, बृजेश नारायण,गुलाब कुशवाहा, जगदीश यादव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्वर्गीय दिनेश चंद्र श्रीवास्तव के सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। उनके निधन से क्षेत्र ने एक कर्मठ और जनसेवी नेता को खो दिया है। शोक सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमला

**ब्यूरो प्रयागराज।** अधिवक्ता अजय कुमार की तहरीर पर थाना सिविल लाइंस में ऋद्धस्न टायर शॉप के मालिक राहुल गुप्ता, उसके भाई और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला टायर खरीद को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार अधिवक्ताओं द्वारा टायर खरीदे जाने के बाद कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोप है कि टायर एजेंसी के मालिक और उसके भाई ने अन्य लोगों के साथ मिलकर अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से नाराज अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने थाना सिविल लाइंस में धरना दिया और तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की। लंबे दबाव और धरने के बाद देर रात पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मामला अधिवक्ताओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था से जुड़ा होने के कारण गंभीर माना जा रहा है।

## पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र बनारस में जल जीवन मिशन योजना फेल न पाइप लाइन बिछी, न घर पहुंचा पानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में विकास आसमान पर है. एक के बाद एक कई बड़ी परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं और कई पूरी होने वाली हैं. पीएम मोदी ने बनारस से परियोजनाओं की जो सौगात दी. 15 अगस्त 2019 को पीएम मोदी ने सुदूर गांव में रहने वाले लोगों को शुद्ध जल उनके घरों में नल के जरिए पहुंचने का जो संकल्प लेकर जल शक्ति मिशन के तहत हर घर नल से जल योजना की शुरुआत की। बनारस में इस योजना पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र में 2019 में शुरू हुई इस परियोजना की हकीकत भले ही कागजों में दुरुस्त हो लेकिन ग्राउंड रिपोर्ट में असलियत सामने आ गयी। अधिकारियों ने कागजों में तो हर घर तक नल पहुंचने का दावा कर लिया. ओवरहेड टैंक बन गए, घर-घर पाइपलाइन बिछ गई, लेकिन इन सारे दावों की हकीकत ग्राउंड रिपोर्ट में जब सामने आई कि सब कुछ क्लियर हो चुका है। सबसे पहले हमने वाराणसी के टिकरी इलाके से कुछ दूरी पर बसे नैपुराकला ग्राम सभा में पहुंचकर यहां की हकीकत जानी चाहिए. यहां की आबादी लगभग 4500 के आसपास है और अलग-अलग बस्तियां में छोटे-छोटे हिस्सों में लोग रहते हैं. इन बस्तियों में एक बस्ती राजभर जाति की है, जहां बड़ी संख्या में लोग आज भी पानी के इंतजार में है सबसे बड़ी बात यह है कि लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से इस इलाके में विकास कार्यों के लिए काम शुरू हुआ। हर घर नल से शुद्ध जल पहुंचने के लिए लगभग 9 महीने पहले पाइपलाइन दौड़ाई गई और घरों के बाहर नीले रंग की पाइप लगाकर छोड़ दिया गया, लेकिन आज भी इस पाइप में पानी आने का इंतजार है. हालत यह है कि गांव में लगे लगभग 40 हैंड पंप में से चार या पांच ही काम कर रहे हैं, बाकी सब खराब पड़े उनकी रि बोरिंग के




लिए भी फंडिंग हुई, लेकिन हुआ कुछ नहीं। लंबी-लंबी पाइप लोगों के घरों तक जाती दिखाई दी. हम सोचे यह पाइप सरकारी है, लेकिन पता चला लगभग 8 साल पहले लोगों ने अपने खर्चे पर डेढ़ से 2000 का चंदा इकट्ठा करके बोरिंग करवाई और इस बोरिंग के जरिए घर-घर तक लोग सुबह-शाम पानी लेते हैं, लेकिन अब यह बोरिंग भी खराब हो रही है और पानी में बालू आ रही है. जिससे यह पीने योग्य भी नहीं है. यहां थोड़ा अजीब जरूर लगा, क्योंकि दूर-दूर तक सिर्फ पाइप ही पाइप थी और यही पाइप लोगों के सबसे बड़ी जरूरत पानी का सहारा है।

## भोपाल में होगा छठवां अंतरराष्ट्रीय योगिनी कॉन्फ्रेंस एवं अवार्ड प्रोग्रामः डॉ आर एच लता

### ● योग, शोध और महिला सशक्तिकरण का वैश्विक संगम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो रीवा।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में छठवां अंतरराष्ट्रीय योगिनी कॉन्फ्रेंस एवं अवार्ड प्रोग्राम 14-15 मार्च को पं. सुंदरलाल ट्रेनिंग सेंटर फॉर वोकेशनल (एनसीईआरटी), श्यामला हिल्स में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय योगिनी महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एच लता ने बताया कि इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में न केवल भारत बल्कि सिंगापुर, जापान, नेपाल, साउथ कोरिया, अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस सहित कई देशों से ख्यातिप्राप्त योगिनियों का आगमन होगा। ये योगिनियां योग, स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़े अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगी तथा उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय योगिनी अवार्ड से सम्मानित की जाएंगी। डॉ लता ने बताया कि इस वर्ष की योगिनी कॉन्फ्रेंस की विशेषता यह है कि यह केवल अकादमिक और आध्यात्मिक मंच तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण को व्यावहारिक रूप देने की दिशा में भी एक ठोस पहल करेगी। इसी उद्देश्य से सम्मेलन के साथ रोजगारपरक कार्यक्रमों से जुड़ा विशेष एक्सपो भी आयोजित किया जा रहा है। इस एक्सपो में नॉर्थ ईस्ट और पर्वतीय राज्यों–हिमाचल प्रदेश, लेह-लद्दाख, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, मेघालय, असम, त्रिपुरा, नागालैंड आदि–से आई ग्रामीण उद्यमी महिलाएं अपने उत्पादों के स्टॉल लगाएंगी। साथ ही योग से जुड़े



उनके नवाचार, स्थानीय संस्कृति, लोकनृत्य और पारंपरिक कलाओं की झलक भी प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी। यह मंच ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता और वैश्विक पहचान की दिशा में आगे बढ़ाने का सशक्त प्रयास होगा। डॉ लता ने बताया कि यह भव्य आयोजन भारतीय योगिनी संघ के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें व्यासा सिंगापुर, योगा लाइफ ग्लोबल, आरोग्य भारती, लोटस जापान, मध्य प्रदेश योग शिक्षक संघ सहित कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की सहभागिता रहेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## विधायक ने अजमेर शरीफ जाने वाले जत्था को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह अजमेर शरीफ का जियारत करने जा रहे जायरीनों की बस को महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने बुधवार को 1:30 बजे प्रखंड के ढेकीडुबा गाँव के पास हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अजमेर शरीफ जा रहे इस बस में पाकुड़िया सहित विभिन्न स्थानों से करीब 65 जायरीन अजमेर शरीफ जा रहे है। अजमेर शरीफ जाने वाले जायरीन पाकुड़िया से उच्च निकलकर पत्थरचपड़ी, रानीगंज, बिहार शरीफ स्थित राजगीर, कछौछा शरीफ,बरेली शरीफ, निजामुद्दीन, लाल किला सहित अन्य स्थानों का जियारत करते हुए अजमेर शरीफ जाएंगे। विधायक स्टीफन मरांडी ने सभी जायरीनों को बधाई दी। जहां लोग माथा टेक परिवार, समाज सहित राज्य की उन्नति और अमन चैन की दुआ मांगेंगे। श्रद्धालुओं के रवानगी के दौरान सम्प्रदायिक सद्भाव का नाजारा कायम रहा।

## संस्कार केन्द्रों के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरण व खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** विद्या भारती द्वारा संचालित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, बरही के सौजन्य से गुरुवार दिनांक 05 जनवरी 2026 को विद्यालय के अंतर्गत संचालित सरस्वती संस्कार केन्द्र हरला एवं सिंघरावां टीटही में अध्ययनरत भैया-बहनों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया तथा बच्चों को जलपान भी कराया गया। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित संस्कार केन्द्र पड़रिमा एवं पुरहर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण किया गया। सरस्वती संस्कार केन्द्र में पाठ्य सामग्री विद्यालय की आचार्या जुली कुमारी के सौजन्य से प्रदान की गई, जबकि संघ संचालित केन्द्रों में पुरस्कार विद्यालय के माध्यम से दिए गए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय, प्रभारी सह खण्ड सेवा प्रमुख राजु कुमार, वरिष्ठ आचार्य प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी, जुली कुमारी, सुरेन्द्र कुमार, सोमनाथ कुमार, योगेश्वर साव तथा पूर्व अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बीएसएफ से सेवानिवृत्त जवान दर्शन ठाकुर का गांव आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत तिलैया बस्ती निवासी दर्शन ठाकुर देश की सेवा में सीमा सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त होकर जब अपने गांव पहुंचे, तो मुखिया मंगलदेव यादव के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। वर्षों तक देश की सीमाओं की रक्षा करने के बाद गांव लौटे जवान के सम्मान में पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया मंगलदेव यादव स्वयं उपस्थित होकर दर्शन ठाकुर का स्वागत किया और उनके योगदान की सराहना की। साथ ही सांसद प्रतिनिधि मनीलाल यादव, समाजसेवी धनेश्वर ठाकुर, यशपाल यादव, वीरेंद्र ठाकुर, बीएसएफ के उमेश चंद्रवंसी सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने दर्शन ठाकुर के देश सेवा के प्रति समर्पण को प्रेरणादायक बताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुखिया मंगलदेव यादव ने कहा कि ऐसे जवान पूरे समाज का गौरव होते हैं, जिनके कारण देश सुरक्षित है।

# बरही में जय माता दी ज्वेलर्स लूटकांड का सफल उद्भेदन, फरार अपराधी भी गिरफ्तार

**●एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने प्रेस वार्ता कर दी विस्तृत जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत जय माता दी ज्वेलर्स में हुई लूट की बड़ी घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस संबंध में बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने अनुमंडलीय अस्पताल में प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी, लूटे गए जेवरात की बरामदगी, घटना में प्रयुक्त वाहन एवं हथियार जब्त करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। एसडीपीओ श्री विमल ने बताया कि दिनांक 16 नवंबर 2025 की रात लगभग 09 बजे बरही चौक के समीप जय माता दी ज्वेलर्स के संचालक दुकान के नए व पुराने सोने-चांदी के आभूषणों को चार बैग में भरकर अपनी कार में रख रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अपराधियों ने कार का शीशा तोड़कर चारों बैग लूट लिए। भागने के क्रम में अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग भी की थी। इस मामले में वादी सुरेन्द्र कुमार के आवेदन पर बरही थाना कांड संख्या 439/25 दिनांक 17/11/25 को धारा 309(4) भा.न्या.सं. एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत चार अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार विमल के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। एसआईटी टीम ने सूचना संकलन, गुप्तचर नेटवर्क और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के मात्र 24 घंटे के अंदर कांड का उद्भेदन कर लिया। पुलिस ने लूटे गए जेवरात, हथियार एवं प्रयुक्त वाहन भी जब्त किए। छापामारी के दौरान पुलिस ने पहले ही चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जिनमें इन्द्राज चौधरी मायापुर हंटरगंज चतरा, रौशन यादव गंगटी शेरघाटी गया बिहार, धनन्जय चौधरी उर्फ छोटू लेम्बोईया गया बिहार, टोलु उर्फ अभिषेक सिंह पडरिया धनगाई गया बिहार शामिल है। हालांकि, अन्य दो अभियुक्त फरार चल रहे थे। फरार अभियुक्त रामाशीष चौधरी गिरफ्तार हुए। दिनांक 04 फरवरी 2026 को पुलिस ने फरार अभियुक्त रामाशीष चौधरी को उसके घर से विधिवत गिरफ्तार किया। वह दुर्घटना में घायल होने के कारण घर पर इलाज करा रहा था। एसडीपीओ ने बताया कि इस घटना में शामिल अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छापामारी दल में शामिल अधिकारी पुअनि मृत्युंजय कुमार बरही थाना, पुअनि सौरभ कुमार बरही थाना, आरक्षी नीरज कुमार सिंह समेत थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे। बरही पुलिस द्वारा लूट जैसी गंभीर घटना का त्वरित उद्भेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता माना जा रहा है। बरही पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। प्रेस वार्ता में बरही एसडीपीओ अजित कुमार बिमल, पुनि सह थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मृत्युंजय श्रीवास्तव, बरही थाना से गणेश यादव मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत भावलपुर में रिक्त उचित दर दुकान के लिये 6 मार्च तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह ने बताया है कि तहसील सदर के विकास खण्ड मान्धाता अंतर्गत ग्राम पंचायत भावलपुर में उचित दर दुकान रिक्त है। ग्राम पंचायत में उचित दर विक्रेता के चयन हेतु ईडब्लूएस के लिए आरक्षण निर्धारित है। उचित दर विक्रेता का चयन तहसील स्तरीय चयन समिति द्वारा लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। उचित दर दुकान आवंटन/उचित दर विक्रेता नियुक्ति/चयन हेतु इच्छुक व्यक्ति व अन्य आवेदन पत्र तहसील सदर के आपूर्ति कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में गुरुवार की सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र हेतु निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 06 मार्च को सायं 05 बजे तक निर्धारित है।

## सेवा मुहल्लों में संघ द्वारा संचालित बाल संस्कार केन्द्रों का किया गया निरीक्षण, बच्चों को किया गया प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** जहां अशिक्षा अंधकार है, वहीं ज्ञान का दीप जलाएं और संस्कार की ज्योत जगाएं जैसे प्रेरणादायक विचार को आत्मसात करते हुए, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शिवाजी व्यावसायी शाखा, बरही द्वारा समाज के वंचित, पीड़ित, उपेक्षित एवं अभावग्रस्त वर्ग के बच्चों के लिए सेवा मुहल्लों में निरंतर शिक्षा एवं संस्कार का कार्य किया जा रहा है। संघ द्वारा पिछले दो वर्षों से अधिक समय से पांच स्थानों तुरियाटोला पड़ीमा, शबरी नगर, अम्बेदकर नगर, पुरहरा एवं शिव मुहल्ला हरिजन टोला बेन्दगी-में बाल संस्कार केन्द्र सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर सेवा पर्यटन कार्यक्रम के अंतर्गत संघ के सेवाभावी कार्यकर्ता निर्धारित समय पर संस्कार केन्द्रों में पहुंचे और बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा के महत्व और अच्छे संस्कार अपनाने का संदेश दिया गया। उक्त सेवा प्रकल्प दर्शन कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी, समाजसेवी अविनाश साहु (भारत मेडिकल), सोमनाथ कुमार तथा भामाशाह विद्यालय के आचार्य बंधु सहित अन्य लोग तीन संस्कार केन्द्रों में सम्मिलित हुए और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# देवघर निकाय चुनाव में आजसू का बड़ा दाँव, सभी 36 वार्डों में निर्दलीयों को समर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंड:-** नगर निकाय चुनाव को लेकर देवघर में राजनीतिक गतिविधियाँ तेज़ हो गई हैं। इसी क्रम में आजसू पार्टी ने एक बड़ा और रणनीतिक फैसला लेते हुए घोषणा की है कि वह देवघर नगर निगम के सभी 36 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों को समर्थन देगी। पार्टी जिलाध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर इस निर्णय की जानकारी दी। आदर्श लक्ष्य ने बताया कि चूंकि इस बार नगर निकाय चुनाव पूर्णतः गैर-दलगत आधार पर हो रहे हैं, इसलिए पार्टी ने यह तय किया है कि वह उन निर्दलीय प्रत्याशियों का साथ देगी जो जनता के बीच मजबूत पकड़ रखते हों, विकास के प्रति प्रतिबद्ध हों और जिनकी छवि ईमानदार तथा जनसरोकारों से जुड़ी हो। उन्होंने कहा कि कई वार्डों में आजसू पार्टी पहले ही अपने समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है, जबकि शेष वार्डों में भी जल्द ही समर्थन का ऐलान किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य नगर निगम में अधिक से अधिक आजसू समर्थित पार्षदों की जीत सुनिश्चित करना है, ताकि निगम की निर्णय प्रक्रिया में सकारात्मक और जनहितकारी भूमिका निभाई जा सके। जिलाध्यक्ष लक्ष्य ने कहा कि आजसू पार्टी चाहती है कि देवघर नगर निगम में ऐसा नेतृत्व उभरे जो भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, पारदर्शिता और तेज़ विकास को प्राथमिकता दे। पार्टी नगर निगम को एक सशक्त और आत्मनिर्भर संस्था के रूप में विकसित करना चाहती है, जहाँ जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि इस बार डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता द्वारा नहीं, बल्कि निर्वाचित पार्षदों के माध्यम से होगा, इसलिए आजसू पार्टी रणनीतिक तौर पर अपने समर्थित पार्षदों की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि भविष्य में डिप्टी मेयर पद पर आजसू समर्थित व्यक्ति की मजबूत दावेदारी बन सके। अंत में आदर्श लक्ष्य ने देवघर की जनता से अपील की कि वे ऐसे प्रत्याशियों को समर्थन दें, जो जमीन से जुड़े हों, ईमानदार हों और नगर के सर्वांगीण विकास की सोच रखते हों। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी पूरी मजबूती के साथ अपने समर्थित उम्मीदवारों के साथ मैदान में है और जनता के सहयोग से देवघर नगर निगम में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# शराब तस्करी पर चौपारण पुलिस की बड़ी सफलता, फिल्मी अंदाज़ में पुलिस ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने एक ऑपरेशन अंजाम दिया, जिसने तस्करों की नींद उड़ा दी। गुरुवार को हजारीबाग जिला अंतर्गत चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस और शराब तस्करों के बीच जो हुआ, वह किसी एक्शन फिल्म के सीन से कम नहीं था। इस पूरे साहसिक अभियान का नेतृत्व कर रहे थे चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, जिनकी सूझबूझ, तेज निर्णय क्षमता और निर्भीक नेतृत्व ने एक बड़ी शराब तस्करी को नाकाम कर दिया। पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को मिली गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी ने बिना समय गंवाए रणनीति बनाई और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही को अवगत कराते हुए थाना गेट के समीप सघन वाहन जांच अभियान शुरू कराया। इसी दौरान बरही की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हुंडई एक्सेंट (जेएच13डी-3969) को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने बैरिकेडिंग तोड़ते हुए वाहन को भगाना शुरू कर दिया। इसके बाद थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने साहसिक तरीके से तेज गति में पीछा शुरू किया। चतरा मोड़ पहुंचते ही पुलिस के दबाव में तस्करों को वाहन यूटर्न लेना पड़ा, लेकिन वे चौथी मोड़ होते हुए गांव की गलियों में घुस गए। भागने के दौरान तस्करों की कार ने टेंपो और मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए दहशत फैलाई और कच्चे रास्ते से मनगढ़ की ओर भागने का प्रयास किया, लेकिन थाना प्रभारी की सख्त रणनीतिक घेराबंदी और ग्रामीणों के सहयोग से वाहन को आखिरकार रोक लिया गया। वाहन से उतरकर भागने की कोशिश कर रहे दो आरोपियों को थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी की सख्त निगरानी में पुलिस बल ने मौके पर ही धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू कुमार (19 वर्ष) पिता उपेंद्र यादव परसातरी थाना चौपारण जिला हजारीबाग तथा संदीप पासवान (20 वर्ष) पिता रामदेव पासवान साकिन फुलवरिया थाना नवलशाही जिला कोडरमा के रूप में हुई। वाहन की तलाशी में पुलिस को 06 पेटी रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब (750 एमएल, कुल 72 बोतल), 05 पेटी किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बीयर (500 एमएल, कुल 120 कैन) तथा तस्करी में प्रयुक्त हुंडई एक्सेंट कार (जेएच13डी-3969) बरामद हुई। बरामद सभी समानों की अनुमानित कीमत करीब 07 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में चौपारण थाना कांड संख्या 34/26 (दिनांक 05/02/26) दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 317(5), 281, 132, 109(1), 324(3), 221, 125(ए), 125(बी), 3(5) बीएनएस एवं 47(ए) एक्साइज एक्ट के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के आने के बाद से क्षेत्र में शराब तस्करों और अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। उनकी कार्यशैली, ईमानदार नेतृत्व और फील्ड में मौजूद रहकर कार्रवाई करने की आदत ने पुलिस की छवि को और मजबूत किया है। इस फिल्मी अंदाज़ वाली कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप है, वहीं आम जनता ने पुलिस के इस साहसिक कदम का खुले दिल से स्वागत किया है। इस साहसिक छापामारी दल में अजीत कुमार बिमल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही, सरोज सिंह चौधरी थाना प्रभारी चौपारण, सहायक अवर निरीक्षक बादल कुमार महतो, सहायक अवर निरीक्षक मो. कमरूद्दीन और थाना रिजर्व गार्ड एवं चौकीदार शामिल थे।

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में होगी 'भारतीय भाषा परिवार' विषय पर चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में आगामी 7 फरवरी को भारतीय भाषा समिति, दिल्ली तथा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अनेक राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार और विद्वान सहभागिता करेंगे। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारतीय भाषा समिति की ओर से राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, दिल्ली (एनबीटी) से 'भारतीय भाषा परिवार' विषय पर प्रकाशित दो पुस्तकों के विशेष संदर्भ में इस संगोष्ठी में चर्चा होगी। ज्ञातव्य है कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 की नीतियों के अनुरूप भारतीय भाषा समिति का गठन किया है, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं उनके पारस्परिक समन्वयन की दिशा में काम करना है। इसी प्रयोजन के अन्तर्गत समिति द्वारा देश-भर के मान्य भाषाविदों के सहयोग से पर्याप्त श्रम-शोध के उपरान्त दो पुस्तकों का प्रकाशन कराया गया है, जिनका उद्देश्य औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होकर भारतीय विचार-सरणियों के अनुसार ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में तार्किक ढंग से भारतीय भाषाओं का अध्ययन करना है। इसी विचार को विस्तार देने के उद्देश्य से यह संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करने हेतु दिल्ली से प्रोफेसर रमेश चंद्र शर्मा, गोरखपुर से प्रोफेसर विमलेश कुमार मिश्र एवं प्रोफेसर प्रत्यूष दुबे (दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर), प्रयागराज से प्रोफेसर अमरेंद्र त्रिपाठी तथा डॉ. विनम्र सेन सिंह (इलाहाबाद विश्वविद्यालय), वाराणसी से प्रोफेसर निरंजन सहाय (काशी विद्यापीठ) तथा डॉक्टर सत्य प्रकाश पाल (काशी हिंदू विश्वविद्यालय) एवं लखनऊ से डॉक्टर बलजीत कुमार श्रीवास्तव (बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय) सहित अनेक शिक्षक, शोधार्थी एवं अध्येता भाग लेंगे। यह जानकारी संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर हरीश कुमार शर्मा ने दी है।

# पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की एक पिकअप व चोरी की तीन मोटरसाइकिल किया बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कोतवाल दिनेश चंद्र चौधरी और स्वाट टीम प्रभारी शेषनाथ यादव, स्व शशांक सिंह की संयुक्त टीम ने किया गिरफ्तार। पुलिस ने अभियुक्तों को हर्दिया चौराहा से लगभग दो सौ मीटर आगे मनौरी की तरफ से किया गिरफ्तार। पुलिस ने अभियुक्त शाकिर अली खान उर्फ राजू पुत्र अब्दुल अनवर खान सा0 लक्ष्मीनगरग्रन्ट थाना खोडारे जनपद गोण्डा। को किया गिरफ्तार। पुलिस ने सुरेन्द्र वर्मा पुत्र रामपति वर्मा निवासी रमैया मरवटिया थाना हर्रैया जनपद बस्ती को भी किया गिरफ्तार। पुलिस ने संतराम वर्मा पुत्र वाल्मिकी निवासी हीरापुरवा कुर्दा थाना पैकोलिया जनपद बस्ती को किया गिरफ्तार। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि इस पिकअप को छपिया जनपद गोण्डा से चुराये थे।

पिकअप का ढाला खोलवा कर देखा गया तो पिकअप की बाडी के अन्दर एक पल्सर मोटरसाइकिल नम्बर प्लेट पर P51BF2215 किया बरामद। पुलिस ने अदद होन्डा शाईन मोटरसाइकिल नम्बर प्लेट P51AN4006, एक अदद बिना नम्बर प्लेट हिरो स्प्लेण्डर, व एक मोटरसाइकिल के खुले हुए पुर्जे किया बरामद। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ धारा 317(2) 319(2) 318(4) 338 336(3) 340(2) बीएनएस के तहत मुकदमा किया दर्ज। गिरफ्तारी करने वाली टीम मे अजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी सिविल लाइन, कामेश्वर कुमार मिश्र चौकी प्रभारी सोनूपार, जितेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी बड़ेबन, रामअशोक यादव चौकी प्रभारी पटेल चौक रहे शामिल। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने मे हेड कांस्टेबल मनीष गौड, रामायनधर दुबे ,कांस्टेबल धनंजय यादव, हितेश यादव , हेड कांस्टेबल अजीत यादव, अजय यादव, धीरज यादव रहे शामिल।

## सोनभद्र भरहरी शक्ति केंद्र पर भाजपा का बूथ विजय संकल्प राष्ट्रीय मंत्री दीपक गोड़ और मंडल अध्यक्ष संजय केसरी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**●संजय केसरी जनसेवा और समर्पण का दूसरा नाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चोपन (सोनभद्र)।** भारतीय जनता पार्टी, चोपन मंडल के अंतर्गत भरहरी शक्ति केंद्र पर सांगठनिक मजबूती और आगामी चुनावी रणनीतियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सोन नदी के तट पर स्थित चोपन, जो दो विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाली एक रणनीतिक कड़ी है, वहां भाजपा ने अपनी जमीनी पकड़ मजबूत करने के लिए बूथ संख्या 98 और 99 की समितियों का विधिवत गठन किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से अमित मिश्रा और सूर्यमणि सिंह को क्रमशः बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री दीपक गोड़ ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा भाजपा की असली शक्ति उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुख हैं। यदि हमारा बूथ सशक्त और सक्रिय है, तो दुनिया की कोई भी राजनीतिक शक्ति संगठन को पराजित नहीं कर सकती। बैठक के सफल आयोजन और क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित निस्तारण में चोपन मंडल अध्यक्ष संजय केसरी की भूमिका की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। कार्यकर्ताओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी संजय केसरी ने इस दौरान सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया। उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे जनता की समस्याओं को केवल सुनते ही नहीं, बल्कि तत्काल संज्ञान लेकर उनका समाधान सुनिश्चित करवाते हैं। इसी समर्पण भाव के कारण क्षेत्र में उनका कद और लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। सांगठनिक चर्चा के दौरान कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से बुधीराम बैसवार मंडल अध्यक्ष (अनुसूचित मोर्चा), सत्य केसरी मंडल मंत्री, राम कुमार भरहरी शक्ति केंद्र संयोजक, सहयोगी बनवारी खरवार, मुनीलाल खरवार, अविनाश कुमार और जोकर मिश्रा सहित भारी संख्या में पन्ना प्रमुख और कार्यकर्ता। बैठक के समापन पर सभी पन्ना प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे अपने आवंटित क्षेत्रों के परिवारों से सीधा संवाद स्थापित करें और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुँचाएं। चोपन मंडल के कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में आगामी सभी चुनौतियों का डटकर सामना करने और संगठन को अजेय बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# सोनभद्र बाल श्रम मुक्त बनेगा जनपद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यशाला में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र-** 05 फरवरी, 2026 जनपद को बाल श्रम की कुरीति से पूरी तरह मुक्त कराने के संकल्प के साथ आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शासन की नई गाइडलाइन्स के तहत बाल श्रम उन्मूलन हेतु विभिन्न विभागों को विशेष शक्तियां प्रदान की गई और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए, जिलाधिकारी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए अब केवल श्रम विभाग ही नहीं, बल्कि शासन द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों को भी प्रवर्तन (एवं अभियोजन (कानूनी कार्यवाही) हेतु सक्षम अधिकारी नामित किया गया है। उप जिलाधिकारी (SDM) एवं तहसीलदार/नायब तहसीलदार, बेसिक शिक्षा अधिकारी (BS) एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी। सहायक विकास अधिकारी (ADO) पंचायत। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि ये अधिकारी कहीं भी बाल श्रम होते हुए पाते हैं, तो वे सीधे दोषी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि ईंट-भट्ठे, होटलों, ढाबों, औद्योगिक क्षेत्रों और बाजारों में नियमित सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाए। बाल श्रम पाए जाने पर संबंधित नियोक्ता के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी (FIR) और दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। मुक्त कराए गए बच्चों को केवल छोड़ना नहीं है, बल्कि उन्हें शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और पुनर्वास की मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता होगी। निर्माण श्रमिकों के हित में बात करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि वे विभाग की लाभकारी योजनाओं का सीधा लाभ उठा सकें। श्रम विभाग की योजनाओं और टोल-फ्री नंबर 18001805160 के व्यापक प्रचार हेतु तहसील, ब्लॉक, नगर पालिका और ग्राम पंचायतों में बड़े होर्डिंग्स और बैनर लगाए जाएं। बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक अपराध है और इसे किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं किया जाएगा। यह अभियान केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बी.एन. सिंह, जिलाधिकारी। जनमानस की सुविधा के लिए जिलाधिकारी ने बताया कि श्रम विभाग से संबंधित किसी भी शिकायत या बाल श्रम की सूचना के लिए नागरिक टोल-फ्री नंबर 18001805160 पर कॉल कर सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कार्यशाला में मुख्य रूप से उप श्रमायुक्त (मिर्जापुर-पिपरी), मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल सिंह, पी.डी. डी.आर.डी.ए. एस.के. राय, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा और अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म व आईटी एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के थाना बनकटा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पीड़िता का अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर यौन शोषण किया था। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी नितेश पासवान को झुंगी सराय ढाला के पास से गिरफ्तार किया। मामले में बीएनएस व आईटी एक्ट की धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 7 फरवरी को होगा वार्षिक खेलकूद दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**महरौनी।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महरौनी में दिनांक 07 फरवरी 2026 (शनिवार) को वार्षिक खेलकूद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवं साहित्यिक कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी महरौनी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर द्वारा की जाएगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप मे, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि तथा क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। विद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वार्षिक समारोह में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी, साथ ही प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

### ई-रिक्सा ने बाइक सवार अधिवक्ता को मारी टक्कर

**दाहिने हाथ की टूटी हड्डी, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** ग्राम सीरोंन खुर्द व हाल पिसनारी में रहने वाले अधिवक्ता कैलाश नारायण पुत्र स्व.दलीप सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 2 जनवरी को सुबह करीब 11.50 बजे वह क्लेम पिटीशन ट्रिब्यूनल कोर्ट (एम.ए.सी.टी.) पुरानी तहसील जा रहा था। वह जैसे ही जजी गेट के सड़क पार कर रिमझिम होटल के रास्ते पर पहुंचने ही वाला था कि तभी वर्णी कॉलेज चौराहा की ओर से आ रहे ई-रिक्सा नम्बर यू.पी.94 ए.टी. 2407 के चालक ने तेजी व लापरवाही से ई-रिक्सा से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया और ई-रिक्सा उसके ऊपर पलट गया, जिससे उसके दाहिने हाथ की हड्डी टूट गयी और शरीर में काफी चोटें आयीं। आरोप है कि घटना को भीमनगर नदीपुरा निवासी जानकी प्रसाद एड. व गांधीनगर निवासी अनुराग सिंह एड. ने देखा और उसे ई-रिक्सा के नीचे से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्होंने निजी अस्पताल में भर्ती रहे, जहां उसके हाथ का ऑपरेशन हुआ। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर ई-रिक्सा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### नगर पंचायत कार्यालय में शोक सभा आयोजित, दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि

**महरौनी।** महरौनी नगर पंचायत कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत बड़ोनिया के पूज्यनीय पिताजी स्व श्री प्रमोद बड़ोनिया (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इसके साथ ही शोक सभा में पार्षद प्रतिनिधि उदयभानु सिंह की पूज्यनीय माताजी स्व. श्रीमती जानकी देवी तथा पार्षद जाकिर अली के अनुजभ्राता स्व श्री यूनिस अली हाजी के निधन पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर पंचायत कर्मचारियों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी और परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। शोक सभा में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी साक्षी साहू, पार्षद प्रतिनिधि उदय भानु सिंह, पार्षद जाकिर अली, मुकेश श्रीवास्तव, पवन जैन, नीलेश श्रीवास्तव, अनूप अहिरवार, रवि अहिरवार, प्रेम साहू, सौरभ, लखपति, सौरभ सेन, सुरेश अहिरवार सहित नगर पंचायत कार्यालय के समस्त कर्मचारी व स्टाफ उपस्थित रहे।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, गांव में शोक की लहर

**महरौनी।** थाना सोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत गुढ़ा निवासी मौजी कुशवाहा (46 वर्ष), पुत्र नाथूराम, की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौजी कुशवाहा रोज़ की तरह अपने खेत में पानी डाल रहा था। दिन में लगभग 11-12 बजे के बीच बिजली बार-बार आ-जा रही थी। बिजली चले जाने पर वह खेत से बाहर आ गया और सोचा कि बिजली आने पर नहाकर मोटर चालू करेगा। जैसे ही बिजली आई, उसने कपड़े उतारकर मोटर चालू करने के लिए तार जोड़े, तभी वह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आस-पास खेतों में काम कर रहे लोगों ने घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना सोजना पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विश्वास और एकता के लिए राजयोग का अभ्यास ही है, सफलता प्राप्ति की चाबी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** विश्वास और एकता के लिए ध्यान राजयोग विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन में मुख्य रूप से सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, डा.आर.एन. यादव, इंजी.हिमांशु नरवरिया, इंजी.सुरभि नरवरिया पहुंचे, जिनका स्वागत तिलक पुष्पों से किया गया। सभी को ध्यान राजयोग विषय पर व्याख्यान दिया। बीके चित्ररेखा दीदी ने बताया कि जीवन में हर कार्य की सफलता के लिए चाहे परिवार में, अपने निजी कार्यो में ध्यान अर्थात परमात्मा की याद से हमारे जीवन में कर्मेंद्रियों में एकता आती है। और आपसी विश्वास बढ़ता है जिससे हम सदा सफलता को प्राप्त करते है। तो ध्यान रखना है हमें अपने विचारों पर, वृत्ति पर, दृष्टि पर, बोल पर, चेहरे पर, व्यवहार पर यही ध्यान अर्थात अटेंशन के द्वारा हमारा जीवन सकारात्मक बनता है। सकारात्मक यानी पॉजिटीविटी ही सफलता का मूल सूत्र है। इसके साथ ही सदर विधायक ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए ध्यान के लिए सभी से आग्रह किया तथा स्वयं वरदानी भवन में आकर ध्यान मेडिटेशन करेंगे। इस कार्यक्रम में सीमा नरवरिया, रूप सिंह नरवरिया, डा.सृष्टि एवं पूरे नरवरिया परिवार ने सभी दीदीयो का तिलक माला एवं उपहार से सम्मान किया। फिर सभी को ईश्वरीय प्रसाद ब्रह्मा भोजन स्वीकार कराया। जिसमें बीके मायारानी दीदी, गीता दीदी, प्रीती दीदी, रुबी दीदी, प्रियंका दीदी, निशा बहन, पूजा बहन, शिवानी बहन एवं विद्यासागर भाई। दैवीय परिवार उमा यादव, एड.दर्शनसिंह यादव, अशोक राठौर, महेश कंचन, मनीष दुबे, रोहित श्रीवास्तव, हरिशंकर साहू, कैलाश नारायण, खुशीलाल साहू, विजय साहू, भूपेंद्र राठौर, राहुल जैन (पत्रकार), सुनील भाई, स्वर्णा कंचन, किरण साहू, मंजू साहू एवं अनेक बीके भाई-बहन उपस्थित रहे।

## विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में माधव बस्ती चांदमारी पर विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक झांसी विभाग मनोजजी एवं अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवा राजे बुन्देला रहीं। कार्यक्रम में श्रीश्री 1008 कृष्ण गिरी महाराज एवं 1008 भावनानंद गोस्वामी, चित्रलेखा ब्रह्माकुमारी आश्रम भी मंच पर उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मनोजजी ने सभी हिन्दुओं को एकजुटता से रहने का संदेश दिया और संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन जैसे कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण, स्व का भाव स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया, शिवा राजे बुन्देला ने अपने आजस्वी विचार व्यक्त कर सभी को हिदुत्व एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक वीरसिंहजी, नगर प्रचारक सुनील, जितेन्द्र वैध, सन्मति सर्राफ, संजीव जैन, मुन्नालाल जैन, डा.एस.पी.पाठक, बी.के. पाल, राहुल मोदी, पं.रविकान्त तिवारी, कुन्जबिहारी शर्मा, सजन कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार, अवधेश, सी.एल. पाल, कौशल किशोर गोस्वामी, बालकृष्ण तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, सन्तोष चौरसिया, विजय सचान, बृजबिहारी, कृष्णकान्त, सोनू कुशवाहा, रामनिवास, रामप्रकाश, एस.एस.परमार, सुरेश पटैरिया, रूपेश सोनी, प्रतिज्ञा मालवीय, सपना गोस्वामी, आशा कांकर, श्रीमति शिल्पा वैध, नीलम नामदेव, ऋतु तिवारी, रूबी कुशवाहा, लक्ष्मी देवी, संध्या पटैरिया, राजेश तिवारी, मीना बाल्मीकि, कन्हैया कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। संचालन मधुरिमा तिवारी ने व संयोजक के.एल. मालवीय ने आभार जताया।

## पति पर लाठी-डण्डों व चाकू से हमला करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह विगत 5-6 माह से दिल्ली व चण्डीगढ़ में रह रही थी। उक्त समय उसका पति जेल में था। बताया कि जेल से छूटने के बाद उसके पति ने उसे फोन करके बुलाया था। वह 10 दिन पहले ललितपुर पहुंची थी। आरोप है कि 4 फरवरी को अपराह्न करीब 3 बजे पति ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की। विरोध करने पर पति ने गालियां देते हुये लाठी-डण्डों व चाकू से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आयीं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पति ने शिकायत करने जान से मारने की धमकी देते हुये विषाक्त का सेवन कर आत्महत्या कर उसे फंसा देने की भी धमकी दी। महिला ने बताया कि उसका पति काफी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और पूर्व से उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## बाइक की टक्कर से दम्पत्ति घायल, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पठा में रहने वाले गरीबदास पुत्र थोबन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 1 जनवरी को शाम करीब 6 बजे वह अपनी पत्नी रामरती के साथ मोटर साइकिल नम्बर यू.पी.94 क्यू 0868 पर सवार होकर ललितपुर से निवाई आ रहा था। रास्ते में रिलाइंस पेट्रोल पम्प के पास मसौरा बैरियल से आगे सागर रोड ही आया था कि तभी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 7960 जिसे थाना नाराहट के ग्राम पटना जरौली निवासी राजू पुत्र द्वारका चला रहा था ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। पीड़ित ने बताया कि इस टक्कर में उसे व उसे चोटें आयीं तो वहीं उसकी पत्नी का जबड़ा व दाहिना हाथ टूट गया। उसकी पत्नी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खितवांस में शराब की दुकान में तोड़फ़ोड़ का मामला

**●उपद्रव की जांच में तीन महिलाओं को भी लिया गया हिरासत में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** विगत दिनों महरौनी क्षेत्रांतर्गत ग्राम खितवांस में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान में आक्रोशित लोगों ने भीड़ के रूप में एकत्र होकर ताला तोड़ते हुये जमकर उपद्रव करते हुये दुकान में तोड़फ़ोड़ कर अवैध रूपयों की मांग करने और शराब की पेटियां सड़क पर फेंकते हुये तोड़ दी थी। प्रकरण में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों के लाइसेंस धारक आबकारी ठेकेदारों ने एफआईआर दर्ज करायी थी। इस प्रकरण में नामजद कराये गये दस लोगों को विगत बुधवार को पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसी क्रम में जांच के दौरान गुरूवार को प्रकाश में आयीं तीन महिलाओं को भी हिरासत में लिया है। गौरतलब है कि एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के संयुक्त निर्देश व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महरौनी कोतवाली में तैनात महिला पुलिस बल ने दर्ज एफआईआर धारा 115(2), 352, 351(3), 191(2), 191(3), 126(2), 333, 119(1), 61(2), 324(5) बीएनएस व आपराधिक कानून (संशोधित) अधिनियम की धारा 7 व धारा 3 लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 में वांछित भूरि, गुडडी व गीता को हिरासत में लिया है। जांच के बाद प्रकाश में आयीं महिलाओं को पकडऩे वाली महिला पुलिस टीम में महिला कांस्टेबिल कृष्णा व महिला कांस्टेबिल सोनी गुप्ता शामिल रहीं।

## हड्डी की तकलीफ को नजरअंदाज न करें : डा.ए.के.दिवाकर

**●आनंदपुर निशुल्क हड्डी रोग निवारण शिविर में लाभान्वित हुये हजारों मरीज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** श्रीआनंदपुर साहिब अशोकनगर में एक विशाल त्रिदिवसीय हड्डी रोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ललितपुर सहित संचेती अस्पताल पुणे, सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के अलावा गवालियर, मुंबई और इन्दौर से आये चिकित्सा विशेषज्ञों ने मरीजों का परीक्षण कर परामर्श दिया और उनका उपचार भी किया। इस दौरान हजारों मरीजों ने शिविर का लाभ लिया। सिंगापुर से आये डा.कमल बोस ने भी अपनी सेवाएं दीं। इस विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ललितपुर के वरिष्ठ हड्डी रोग सर्जन डा.ए.के. दिवाकर, डा.आकाश खैरा सहित अनेक विशेषज्ञों ने भी अपनी निःशुल्क सेवाऐं दीं। इस शिविर के पहले दिन 2250 मरीजों का पंजीयन हुआ, दूसरे दिन 550 और तीसरे दिन अनेक मरीजों के परीक्षण किये गये। शिविर में हड्डी रोग के एक सैकड़ा से अधिक मरीजों को चिन्हित कर उनके ऑपरेशन किये गये। खास चिकित्सा विशेषज्ञों में ललितपुर के डा.ए.के. दिवाकर व डा.आकाश खैरा के अलावा सिंगापुर के डा.कमल बोस, डा.ध्रुवांश प्रकाश, डा.कृष्णकान्त, डा.ललित शर्मा, डा.विवेक सोढ़ाई, डा.अभिषेक कोठारी, डा.राहुल जासयवाल, डा.अमोघ बाजी, डा.सोहम कर्नावत, डा.ओमकार अवाले, डा.वारिद अल्ताफ, डा.महेश, डा.अथर्व देवोकर, डा.अरुणा अरोरा, डा.यश मुधाले आदि शामिल रहे। चिकित्सा विशेषज्ञों ने मरीजों को विशेषज्ञ सुविधाऐं दीं और उनका परीक्षण, जांच, परामर्श व उपचार किया, जिससे हजारों मरीजों को लाभ मिला। शिविर के समापन पर आयोजकों ने इन चिकित्सा विशेषज्ञों को सम्मानित किया।

**इनका कहना है-**

इस शिविर में हड्डी रोग के टेढ़ेमेढे पांव, बिगड़े पुराने मामले, विकलांगता के गरीब मरीजों का परीक्षण कर मैंने कई ऑपरेशन किये हैं। जिससे दूर दराज से आये मरीजों को काफी लाभ मिला है। संक्रमण के भी जटिल मरीजों का इलाज निशुल्क किया गया है। डा.आकाश खैरा वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ सर्जन ललितपुर।

## व्याधि से समाधि की ओर ले जाने का परम साधन है श्रीमद् भागवत कथा : मधुसूदन दास जी महाराज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोना।** ग्राम पंचायत गोना स्थित बेर के हनुमान जी महाराज के प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा में सागर राजघाट से पधारे कथा व्यास श्री मधुसूदन दास जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को सांसारिक व्याधियों से निकालकर समाधि की ओर ले जाने का परम साधन है।

कथा के दौरान उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत की रचना महर्षि वेदव्यास जी ने उस समय की थी, जब वे अत्यंत व्यथित और उद्विग्न अवस्था में थे। देवर्षि नारद के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन से उनके हृदय में श्रीमद् भागवत का प्राकट्य हुआ। जैसे ही भागवत जी का प्राकट्य हुआ, वैसे ही व्यास जी के हृदय की समस्त उद्विग्नता शांत हो गई और वे समाधिस्थ हो गए।

कथा व्यास ने बताया कि जो व्यक्ति भावपूर्वक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करता है और उसे आत्मसात करता है, वह सांसारिक विकारों और व्याधियों से मुक्त होकर अंतर्मुखी बन जाता है तथा समाधि की अवस्था को प्राप्त करता है।

श्रीमद् भागवत कथा में ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु श्रोता उपस्थित होकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। कथा व्यास श्री मधुसूदन दास जी महाराज गुरु आज्ञा से गांव-गांव में प्रभात फेरी के सुव्यवस्थित संचालन हेतु निरंतर भ्रमण कर रहे हैं। वे हरिकथा के माध्यम से लोगों को प्रभात फेरी, गौ सेवा एवं सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने का निःशुल्क कार्य कर रहे हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्पद है।

## एमएलए कप 2026: संदीप और आकाश बने मैन ऑफ द मैच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे सदर विधायक कप 2026 में गुरुवार को हुये मैचों 2 टीमों ने जीत हासिल की है। जिसमें पहला मैच में चीरा क्रिकेट क्लब व बिरौरा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते चीरा क्रिकेट क्लब ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 72 रन का लक्ष्य रखा। तो वहीं बिरौरा क्रिकेट क्लब के तूफानी शेर 11 ओवर में 52 रन पर ढेर हो गए और 27 रन से मैच हार गये। चीरा की ओर से संदीप ने धारदार बॉलिंग करते हुए 8 रन देकर 4 विकेट झटके और उनका साथ शोभाराम ने 14 रन देकर 3 विकेट लेकर दिया। दूसरा मैच चौबयाना क्रिकेट क्लब व राज एलेवन ललितपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये चौबयाना क्रिकेट क्लब ने 12 ओवर में 82 रन बनाए, जिसमें प्रदीप कुशवाहा ने 25 रन बनाए। तो वहीं राज एलेवन ललितपुर ने सिर्फ नौ ओवर में 83 रन ठोककर जीत हासिल कर ली।टीम की ओर से आकाश राठौर ने 27 रन, करन कुशवाहा ने 14 रन बनाए और टीम को आसान जीत दिलाई। गेंदबाजी/बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आकाश राठौर और संदीप को आयोजक श्रीकांत कुशवाहा द्वारा शील्ड व नगद पुरस्कार देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान दीपेश राय, देशपत कुशवाहा, अभिषेक सोनी, दीपक चौरसिया, धर्मेन्द्र राजा, दीपक राठौर, मोहन पेंटर, सौरभ नायक, रिक्की कुशवाहा, नीलू कुशवाहा, अनुराग कंचन, विनोद पाठक, धर्मवीर कुशवाहा पार्षद, करन कुशवाहा पार्षद प्रतिनिधि, राजू कुशवाहा सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

## पुराने जमीनी मामले में मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा के ग्राम बम्हौरीकलां में रहने वाले रवि कुमार नामदेव पुत्र रामकिशन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह व जितेन्द्र पुत्र जालम लोधी 1 फरवरी को बम्हौरी कलां में अपराह्न 3 बजे दीपेन्द्र राजा की टाल के सामने खड़े थे। तभी गांव के केहर व फूलसिंह पुत्रगण कलू, कलू पुत्र गोकुल एकराय होकर आये और जितेन्द्र के जमीन सम्बन्धी पुराने विवाद को लेकर गालियां देने लगे। जब दोनों ने गालियां देने से मना किया तो उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खेत में जबरन मजदूरी करने से मना करने पर मारपीट

**●धमकाते हुये पहले की मजदूरी भी नहीं देने का आरोप**

**न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खोंखरा के पोस्ट तेरा में रहने वाले सोनू अहिरवार पुत्र रतिराम ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि बीती 5 अक्टूबर 2025 की सुबह 9 बजे वह घर में था, तभी गांव के अरविन्द पुत्र निरन ठाकुर, देवीसिंह उसके घर आये और उससे कहा कि मूंगफली फसल कटाई के लिए मजदूरी करने खेत पर चलो। जब उसने कहा कि पूर्व में 15 दिन की गयी मजदूरी का 6 हजार रुपये बाकी है, जिसका भुगतान करें, तभी आगे मजदूरी कर पाउंगा। इतना सुनते ही उक्त लोगों ने जबरन मजदूरी करने की बात कहते हुये अन्यथा की स्थिति में गांव में नहीं रह पाने की धमकी देते हुये गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने आयी मां लाड़कुंवर, पिता रतिराम, नाबालिग पुत्र भी बचाने आया तो उक्त लोग धमकाते हुये गये कि खेत पर मजदूरी करने नहीं आया तो जान से मारकर फेंक देंगे। आरोप है कि उक्त लोग आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं और गांजा व शराब बेचने का काम करते हैं। पीड़ित ने आशंका व्यक्त की है कि उक्त लोग उसके व उसके परिजनों के साथ कोई भी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पीड़ित के वाद व कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दैलवारा के छपराई में पन्द्रह दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप

**●ग्रामीणों ने लामबंद होकर डीएम को भेजा शिकायती पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम दैलवारा के मोहल्ला छपराई में खराब विद्युत ट्रान्सफार्मर को बदलवाने के लिए ग्रामीणों ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि गांव के किसान व आम ग्रामीण विद्युत ट्रान्सफार्मर विगत पन्द्रह दिनों से खराब होने के कारण सम्पूर्ण गांव की विद्युत आपूर्ति ठप है। बताया कि सम्बन्धित जेई को कई बार शिकायती पत्र देने एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी है और न ही कोई ध्यान इस ओर दिया जा रहा है। बताया कि वर्तमान में फसल की सिंचाई का मुख्य समय चल रहा है और उक्त ट्रान्सफार्मर से क्षेत्र के कई किसानों के अस्थाई कनेक्शन जुड़े हुये हैं। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे खड़ी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गयी हैं और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने जिलाधिकारी से दयनीय स्थिति और खेत कार्य को महत्वता देते हुये विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय राजेन्द्र कुमार, रामसिंह बुन्देला, सूरज कुमार, हरजू, सुकलाल, भग्गू, सतीशचंद्र, राजकुमार, लल्लू, मुन्नालाल के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

## रात दस बजे के बाद डीजे बजा तो होगा जब्त : सीओ

**●डीजे संचालकों के साथ सीओ सदर ने की बैठक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** बुधवार रात ललितपुर-झांसी रोड पर एक साथ तीन-चार बारातों के एक साथ निकलने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। जाम को खुलवाने के लिए पुलिस के साथ लोगों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लिहाजा गुरूवार को क्षेत्रधिकारी सदर सुनील कुमार ने सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर सख्ती बरतने के निर्देश दिये। क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार ने कहा कि निर्धारित समय रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाया गया तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा डीजे जब्तीकरण की भी कार्यवाही की जा सकती है। सीओ को डीजे संचालकों ने अवगत कराया कि वैवाहिक कार्यक्रम करने वाले लोग समय से बारात नहीं उठाते, जिस कारण समय में देरी होती है और निर्धारित समय से डीजे बंद करने पर बारात में शामिल लोगों द्वारा गालियां तक दी जाती हैं। इस पर सीओ ने कहा कि डीजे संचालक अपनी समस्याओं के लिए तत्काल पुलिस को अवगत करायें और नियमों का सख्ती से पालन करें, जिससे कि किसी को कोई असुविधा न हो। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि सड़क को घेरकर डीजे न चलायें, वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त स्थान बनाये रखें, जिससे वाहन चालकों को भी परेशानियां न हों। सीओ ने कहा कि पुलिस जनता के लिए चौबीसों घण्टे उपलब्ध है। इस दौरान शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## मदरसे में तालीम लेकर कलाम ए पाक मुकम्मल करने वाले सात बच्चों की हुई दस्तारबंदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** शव-ए-बारात के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद मड़ावरा के मदरसा में इजलास दस्तारबंदी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें बच्चों की दस्तार बंदी की गई, जिन्होंने कलाम-ए-पाक मुकम्मल किया। रात्रि कस्बा मड़ावरा की जामा मस्जिद के मदरसे में इजलास दस्तारबंदी का कार्यक्रम हुआ, जिसमें मदरसे में तालीम हासिल करके कलाम-ए-पाक मुकम्मल करने वाले सात बच्चों की दस्तार बंदी हुई, जिनमें आलिया फातिमा, अयान, फैजान, अरशद, मु.राहत मंसूरी, उबेश, फरहान शामिल है। जलसे का आगाज मौलाना अताउत समद साहब ने कलामे पाक की तिलावत से किया एबं हाफिज व कारी जनाब शमीउल कादरी साहब ने जलसे की सदारत फरमाई। निजामत मड़ावरा जामा मस्जिद इमाम मौलाना अताउत समद साहब ने की एवं उसके बाद मौलानाओं एबं बच्चों ने नात पेश की। कलाम ए पाक मुकम्मल करने वाले सभी बच्चों की गुलपोशी की गई, बच्चों प्रमाण पत्र एबं गिफ्ट देकर सम्मानित कर हौसला अफजाई की गई। साथ ही सबालों जबाब में प्रतिभाग करने वाले बच्चों की हौसला आफजाई की गई। जलसे की सरपरस्ती मड़ावरा जामा मस्जिद इमाम मौलाना अताउत समद साहब एबं टोरिया स्थित सुन्नी मुनब्बरी मस्जिद इमाम आशिफ रजा साहब ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला विद्यालय निरीक्षक को कानपुर देहात प्रेस क्लब ने किया सम्मानित




**कानपुर।** आज कानपुर नगर के जिला विद्यालय निरीक्षक श्री संतोष कुमार राय को कानपुर देहात प्रेस क्लब की टीम द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निभाई गयी सामाजिक जिम्मेदारी, निःस्वार्थ भाव से की गयी आम लोगों की सच्ची सेवा, दूरदर्शी सोच, कुशल नेतृत्व और शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण, क्षेत्र के शैक्षणिक परिवेश में एक नई ऊर्जा के संचार और उनके द्वारा सरकार के मानक के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयास के लिए दिया गया। इस अवसर पर कानपुर देहात प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री एडवोकेट योगेंद्र अग्निहोत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के0 एम0 श्रीवास्तव, विजय कुशवाहा, अभिषेक चौधरी, उदयवीर आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रदेश के 75 जिला पुस्तकालयों में प्रतापगढ़ ने हासिल किया प्रथम स्थान

**प्रतापगढ़।** अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी 75 राजकीय जिला पुस्तकालयों एवं केन्द्रीय पुस्तकालय प्रयागराज के पुस्तकालयाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को शिविर कार्यालय शिक्षा निदेशालय पार्क रोड लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025 में किए गए कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर जनपद प्रतापगढ़ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जनपद प्रतापगढ़ के पुस्तकालयाध्यक्ष नसरत अली द्वारा अभिनव प्रयास सदस्य संख्या में वृद्धि तथा पठन-पाठन की अभिरुचि विकसित करने विषय पर एक प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसकी अपर मुख्य सचिव द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। पुस्तकालयाध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के सामूहिक प्रयासों से वर्ष 2025 में पुस्तकालय की सदस्य संख्या में 363 सदस्यों की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। बैठक को शिक्षा निदेशक महेन्द्र देव, विशेष सचिव एवं ओ.एस.डी. (पुस्तकालय) द्वारा भी संबोधित किया गया। अपर सचिव द्वारा पुस्तकालयों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया गया।

### ट्रक - डंपर की टक्कर से कानपुर सागर हाइवे पर 20 किलोमीटर तक रहा 6 घंटे जाम



**कानपुर।** यहां आज गुरुवार की सुबह बिधनू में आगे चल रहे ट्रक में पीछे से डंपर जा घुसा। हादसे के बाद कानपुर-सागर हाईवे पर जाम लगना शुरू हो गया। बिधनू पुलिस और एनएचआई ने क्षतिग्रस्त वाहन को हाइवे से किनारे नहीं कराया। इसके चलते लगभग 6 घंटे तक हाइवे पर जाम लगा रहा। इसकी सूचना मिलते ही घाटमपुर एसीपी मौके पर पहुंचे उन्होंने पुलिस बल के साथ क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवा कर हाईवे पर यातायात बहाल कराया है। इस दौरान लगभग 20 किलोमीटर तक जाम के हालात बने रहे। जानकारी के मुताबिक आज गुरुवार सुबह करीब 4 बजे बिधनू थाना क्षेत्र के रिंद नदी पुल के पास आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे अनियंत्रित डंपर ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसे में डंपर चालक पतरेठा निवासी बब्लू और क्लीनर घनश्याम घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची बिधनू पुलिस ने हाइवे पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे नहीं करवाया। पुलिस की इसी लापरवाही के चलते जाम के हालात बनते चले गए। हाइवे पर गाड़ियों की लाइन लग गई। लगभग छह घंटे तक जाम लगा रहा। जब क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवाया गया। जिसके बाद ही हाइवे पर यातयात बहाल हो सका। इस दौरान लगभग 20 किलो मीटर लंबा जाम लगने से राहगीर बहुत परेशान भी रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ बोर्ड परीक्षार्थियों का विदाई समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा लालगंज में गुरूवार को सीबीएसई बोर्ड के कक्षा बारह के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा बारह के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में बिताये गये अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होने अपने जूनियर छात्र छात्राओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कड़ी मेहनत की सलाह दी। वहीं विद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत्त आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र, शैक्षणिक नियंत्रक रीमा मिश्रा ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक सुनीता मिश्रा व प्रकाशचंद्र मिश्र ने बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन पर मेधावी छात्र पीयूष मिश्र एवं मेधावी छात्रा रिद्धि त्रिपाठी को मिस्टर व मिस फेयरवेल का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रकाशचंद्र मिश्र ने छात्र छात्राओं को कडी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का है। सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं हुआ करता है। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी व संचालन शिक्षक प्रदीप शुक्ल, छात्र अहमद रजा एवं छात्रा अनुश्री शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर शिक्षक हिमांशु शुक्ल, श्यामशंकर मिश्र, अनीता द्विवेदी, प्रकाश त्रिपाठी, राजीव रत्न त्रिपाठी, अनिल द्विवेदी, महावीर सिंह, शैलेन्द्र शुक्ल, रवीन्द्र शुक्ल, मनोज शुक्ला, विवेक पाण्डेय, श्रुति शुक्ला, मंजू शुक्ला, प्रतिज्ञा श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।

### नवागत जिला औषधि अधिकारी का फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने किया स्वागत

**देवरिया।** नवागत जिला औषधि अधिकारी राघवेंद्र सिंह के कार्यभार ग्रहण करने पर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर स्वागत किया। प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि दवा वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, सुरक्षित एवं नियमसम्मत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत नियमों के कड़ाई से पालन पर जोर देते हुए नकली, अवैध व बिना लाइसेंस दवाओं की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। फार्मासिस्टों से वैध लाइसेंस, सही बिलिंग और भंडारण नियमों का पालन करने की अपील की। एसोसिएशन ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्ण कांत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में प्रतापगढ़ ए ने प्रतापगढ़ बी को 37 रन से हराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ के क्रिकेट मैदान पर बृहस्पतिवार को प्रतापगढ़ ए और प्रतापगढ़ बी के मैच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। टॉस जीतकर प्रतापगढ़ ए ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।प्रतापगढ़ ए ने निर्धारित 30 ओवरों के 284 रन बनाए ,जिसमें संस्कार सिंह ने 78 गेंदों पर 91 और अमित विश्वकर्मा ने 75 गेंदों पर 90 रनों और बारिश ने 16 गेंदों पर 38 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतापगढ़ बी की तरफ से अनिकेत ने 1 और शुभम ने 1 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रतापगढ़ बी की टीम 25 ओवरों में 247 रनों पर ही ढेर हो गई, जिसमें शुभम 43 रन और हितेश ने 65 रनों का योगदान दिया। प्रतापगढ़ ए से वारिश ने 1 विकेट और आर्यन ने 2 विकेट और गौरव ने 3 विकेट लिए। संस्कार सिंह को उनके अच्छे खेल के लिए मैन ऑफ द के पुरस्कार से नवाजा गया। अंपायर की भूमिका में सक्षम सिंह और सैफ रहे।इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज,पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला,पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला,एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह,फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश,कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार,कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव, तलवार बाजी प्रशिक्षक लवली मिश्रा,जिला क्रिकेट संघ के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह,कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा इत्यादि उपस्थित रहे।

### रूपईडीह में फार्मर रजिस्ट्रेशन अभियान तेज, किसानों को किया जा रहा जागरूक

**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत पण्डरीपारासराय में फार्मर रजिस्ट्रेशन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्षेत्र की ग्राम पंचायत में सचिव राधेरमन प्रजापति द्वारा किसान भाइयों को जागरूक करते हुए उनका फार्मर रजिस्ट्रेशन कराया गया। अभियान के दौरान सचिव ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन के महत्व और इससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण होने से किसानों को सरकारी योजनाओं, अनुदान, बीज, खाद, फसल बीमा सहित अन्य लाभ समय पर प्राप्त हो सकेंगे। साथ ही किसानों से अपील की गई कि वे स्वयं आगे आकर पंजीकरण कराएं और अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस पहल से ग्राम पंचायत में किसानों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में किसान रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आगे आए। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे इस प्रयास की सराहना की।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद कानपुर नगर में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता एवं तार्किक दृष्टिकोण के विकास के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान आधारित मॉडल, प्रयोग एवं नवाचारी विचार प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा, प्रयोगशीलता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है, जो भविष्य के सशक्त भारत की नींव है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को नई दिशा प्रदान करते हैं। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विज्ञान एवं नवाचार वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रयोगात्मक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण से भी जोड़ें। विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ प्रश्नोत्तरी, नवाचार प्रस्तुति एवं अन्य शैक्षिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रत्येक विकास खंड से चयनित 5 विद्यार्थियों को विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत पुरस्कार प्रदान किए गए।

# कानपुर के जेसीपी बने विपिन टाडा, और संकल्प शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** शासन ने बुधवार की देर रात कानपुर के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर विनोद कुमार सिंह का तबादला कर दिया, उन्हें भीमराव अकादमी मुरादाबाद का आई जी बनाया गया है, विनोद कुमार सिंह कानपुर में ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर क्राइम एवं हेडक्वार्टर का कार्यभार देख रहे हैं ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लॉ एंड आर्डर आशुतोष कुमार एडीजी रैंक पर प्रोन्नति हो चुके हैं, जिसके बाद उन्हें पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड भेजा गया है,नई तैनाती न होने के चलते आशुतोष कुमार अभी भी कार्यभार देख रहे हैं ऐसे में लखीमपुर खीरी के एसपी संकल्प शर्मा और मेरठ के एसपी विपिन टाडा को कानपुर नगर का ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर बनाया गया है, दोनों आईपीएस अधिकारियों की जिम्मेदारी पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल तय करेंगे, मूलरूप से राजस्थान जोधपुर के रहने वाले विपिन टाडा यूपी कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं-एक जनवरी 2026 को उन्हें पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति किया गया था,आईपीएस विनोद टाडा ने पुलिस सेवा में आने से पहले एमबीबीएस की डिग्री हासिल की थीं और राजस्थान में चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य किया था,, उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट और अपराध के प्रति सख्त रवैये के लिए जाना जाता है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने?भी उनके साइकिल पर गस्त कर जनता से जुड़ने की पहल की सराहना की,, संकल्प शर्मा 2012 बैच के यूपी कैडर के अधिकारी हैं, जनवरी 2016 में उन्हें पुलिस उपमहानिरीक्षक,के पद पर पदोन्नत किया गया था, उन्होंने अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई आई आई टी रूड़की से की थी, देवरिया में एसपी के रूप में तैनाती के दौरान अगस्त 2024 में उनका एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह हाथ में डंडा लेकर और डिवाइडर फांदकर उपद्रवियों को खदेड़ते नजर आए थे इस साहसिक कार्य के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर सिंघम के नाम से जाने जाना लगा।

## SIR प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा, समाजवादी पार्टी ने प्रसासन को ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को पूर्व विधायक विजय पासवान के अगुवाई में एसआईआर फॉर्म में भरने में गड़बड़ी किए जाने को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में कहां गया है कि SIR के द्वितीय चरण में ऐसी लगातार सूचनाएं मिल रही हैं कि सिद्धार्थनगर जिले के कपिलवस्तु शोहरतगढ़ बांसी, इटवा, इमरियागंज के विधान सभाओं के बूथों पर भाजपा के लोग गलत तरीके से फर्जी लोगों के नाम से फार्म-7 भरकर (टाइप किया हुआ प्रिन्टेड) नाम काटने का बी0एल0ओ0 पर दबाव बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में इटवा विधानसभा के बूथ सं0-311, 312 गंगवल पर 163 व 69 लोगों का नाम भाजपा नेता के द्वारा फर्जी नाम से भरकर वोट काटने के लिए बी0एल0ओ0 पर दबाव बनाया गया, जो कि हमारे नेता तथा कार्यकर्ताओं के सजगता से पकड़ में आ गया. ऐसी ही शिकायतें लगातार कपिलवस्तु, बांसी, डुमरियागंज, शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्रों में फार्म-7 के जरिए फर्जी नाम से भाजपा के लोग वोट कटवाने के लिए बी0एल0ओ0 पर दबाव बनाकर किया जारहा है, जो कि लोकतन्त्र के लिए घातक है।

इसी प्रकार विगत दिनों शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अलीदापुर के प्रधान पंकज चौबे अपने सहयोगियों के द्वारा गलत तरीके से वोट काटने के लिए बी0एल0ओ0 विजय यादव के ऊपर दबाव बना रहे थे, मना करने पर उनके ऊपर प्राणघातक हमलाकर मरणासन्न कर दिया गया, उन मनबढ़ों को तत्काल गिरफ्तार किया जाये। फार्म-7 को सत्यापित कराया जाये। जो लोग मनमानी एवं फर्जी तरीके से फार्म-7 भकर कर लोगों का नाम कटवाने का काम कर रहे हैं, बूथ स्तर पर जॉच की जाए, तथा उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाये और कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाय। इस दौरान पूर्व विधायक विजय पासवान, विभा शुक्ला, जोखन चौधरी, प्रदीप, घनश्याम जायसवाल, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, लवकुश सोनी, राममिलन भारती भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बर्डपुर में ब्लाक स्तरीय स्काउट गाइड रैली आयोजित :202 बच्चों ने दिखाया कौशल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** ब्लॉक संसाधन केंद्र बर्डपुर के प्रांगण में स्काउट गाइड एवं कब बुलबुल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में स्काउट गाइड में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूड़ा , पूर्व माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर, कंपोजिट विद्यालय काशीपुर,कंपोजिट विद्यालय मधुबेनिया कब और बुलबुल में प्राथमिक विद्यालय बर्डपुर प्रथम प्राथमिक विद्यालय देबियापुर, प्राथमिक विद्यालय काशीपुर, प्राथमिक विद्यालय मधुबेनिया सहित कई विद्यालयों से कुल 202 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कब बुलबुल क्विज प्रतियोगिता में अनुज राव बर्डपुर प्रथम एवं शिवानी कंपोजिट विद्यालय काशीपुर प्रथम स्थान तथा स्काउट गाइड में दीपक यूपीएस बर्डपुर एवं रोशनी यूपीएस बर्डपुर प्रथम रहे। मार्चपास्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्काउट पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूडा तथा प्रथम स्थान गाइड पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूडा ने प्राप्त किया तीसरी प्रतियोगिता कैंप फायर में प्रथम स्थान स्काउट पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूडा तथा गाइड में प्रथम स्थान पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूडा रही तथा कब में प्रथम स्थान देबियापुर तथा बुलबुल में प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय बर्डपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान जिला स्काउट शिक्षक महेश कुमार ब्लॉक स्काउट शिक्षक अभिषेक यादव, बलवंत चौधरी, अब्दुल अजीज, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक साधुशरण चौहान, विंध्यवासिनी, नागेश्वर प्रसाद, ममता श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार, सुनील यादव, आशीष चौधरी, डिंपल सिंह, उमा, रेनू यादव आदि उपस्थित रहे।

### नाले में किशोरी की नग्नवस्था में शव मिलने से, मचा हड़कंप



**सिद्धार्थनगर।** जिले के कठेला समय माता थाना क्षेत्र के सीकरी नाले में चरवाहों ने गुरुवार की एक लावारिश किशोरी की शव देखकर पुलिस को सूचना दिया। लाश नग्नवस्था में थी। घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समय माता कठेला थानाक्षेत्र के सीकरी नाले में चरवाहों ने एक लावारिश किशोरी की नग्नवस्था में लाश देखकर पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार प्रसाद, शोहरतगढ़ सीओ मयंक द्विवेदी, एसओ अभय सिंह व फारेंसिक यूनिट भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने इकठ्ठा भीड़ से शव के शिनाख्त क़ई कोशिश की, लेकिन फिलहाल पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस सम्बन्ध में कठेला समय माता एसओ अभय सिंह ने बताया कि एक 16 वर्षीया लावारिश किशोरी की लाश मिला है। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### जेआरएफ में चयन पर जतायी खुशी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** जेआरएफ में सफलता मिलने पर परिवार व क्षेत्र के लोगों ने खुशी जतायी है। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत रघवापुर गांव निवासी गजेन्द्रमणि दुबे पुत्र शिवपवन कुमार दुबे का चयन जेआरएफ में हुआ है। मेधावी गजेन्द्रमणि की इस उपलब्धि पर परिवार के लोग गदगद हैं। लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की। इस मौके पर साहित्यकार राधेश पाण्डेय, रिटायर्ड कैप्टन घनश्याम पाण्डेय, कैप्टन शिव त्रिपुरारि पाण्डेय, अशोक शुक्ला, उमापति मिश्र, आचार्य शिवदर्शन मिश्र, श्यामशंकर पाण्डेय, उमेश पाण्डेय आदि ने खुशी साझा की।


### नवाबगंज ब्लॉक के कनिष्ठ लिपिक ने खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव पर उत्पीड़न का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नवाबगंज (गोंडा)।** नवाबगंज विकासखंड में कार्यरत कनिष्ठ लिपिक हरि माधव ने अपने ही विभाग के खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव पर मानसिक उत्पीड़न और मनमानी का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने थाना अध्यक्ष नवाबगंज को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्रार्थना पत्र में हरि माधव ने बताया कि खंड विकास अधिकारी द्वारा उन्हें लगातार अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और कार्यालयीन कार्यों में बेवजह दबाव बनाया जाता है। उनका आरोप है कि विभागीय कार्यों के दौरान उनके साथ अनुचित व्यवहार किया जाता है, जिससे उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। हरि माधव ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग में नियमों की अनदेखी कर कुछ कार्य कराए जा रहे हैं और विरोध करने पर उन्हें परेशान किया जाता है। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वहीं इस पूरे मामले में खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव से पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठ सका।इधर, पुलिस ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यूजीसी विनियम में संशोधन व आरक्षण नीति की समीक्षा की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** रुद्रपुर क्षेत्र के स्वर्ण समाज के लोगों ने यूजीसी विनियम में संशोधन एवं आरक्षण नीति की निष्पक्ष समीक्षा की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन रुद्रपुर एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी वर्गों को समान संवैधानिक संरक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा झूठी और दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर दंडात्मक प्रावधान जोड़े जाएं। ज्ञापनकर्ताओं ने कहा कि प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष जांच हो और संबंधित पक्ष को सुनवाई का पूरा अवसर मिले। आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर इसे आर्थिक आधार पर सभी कमजोर वर्गों के लिए लागू किया जाए, जिससे किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो और न्यायपूर्ण व संतुलित शैक्षणिक वातावरण बना रहे। इस दौरान डॉ. महेश्वरी सिंह, जयप्रकाश सिंह, नित्यानंद उपाध्याय, विकास मणि त्रिपाठी, अध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय, मंत्री सत्य प्रकाश सिंह सहित पंकज सिंह, आदित्य विक्रम सिंह, शंकर पाल सिंह, राजेश त्रिपाठी, वरुण विजय सिंह, कर्मवीर सिंह सोलंकी, शिवम सिंह, प्रवीण पांडेय एडवोकेट, शशि भूषण शर्मा एडवोकेट, बृजभूषण पांडेय एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 9 से 14 फरवरी तक

● 5 परीक्षा केंद्रों पर होंगे 1228 परीक्षार्थी शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया है कि उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी) तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) की परीक्षा वर्ष 2026 दिनांक 09 फरवरी 2026 से दिनांक 14 फरवरी 2026 तक सम्पन्न होनी है, जिसके लिए जनपद में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित नियमावली को ध्यान में रखते हुए एम0एच0इ0का0 बरई कुण्डा, मदरसा मुह्युल इस्लाम मकई मझवारा बाबूगज, रूबाउन निशा इ0का0 सगरा सुन्दरपुर तथा टॉस कालेज आफ फार्मेसी प्रतापगढ़ सिटी, मदरसा गुलिस्तां निस्वां मिर्जापुर चौहारी प्रतापगढ़ सहित कुल 05 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण एल0आइ0यू0 तथा सम्बन्धित एस0डी0एम0 स्तर की जाँच रिपोर्ट के आधार पर किया गया है।

उन्होने बताया है कि मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी, अरबी तथा फारसी) की परीक्षाएं प्रथम पाली प्रातः 08 बजे से 11बजे सम्पन्न होंगी, जिसमें कुल 975 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी, अरबी तथा फारसी) की परीक्षाएं द्वितीय पाली अपरान्ह 2बजे से 5 बजे तक सम्पन्न होंगी, जिसमें कुल 253 परीक्षार्थियों समेत मदरसा बोर्ड की परीक्षा वर्ष 2026 में जनपद से कुल 1228 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा सी0सी0टी0वी0/वेबकास्टिंग की निगरानी में सम्पन्न की जायेगी। परीक्षार्थीयों की सुविधा हेतु परीक्षा की समय सारणी परिषद के मदरसा पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

## चुनौती नहीं, प्रेरणा का अवसर है परीक्षा काल - डीएम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर, देवरिया खास के माधव सभागार में कक्षा 10वीं व 12वीं के बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए विदाई एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि परीक्षा चुनौती नहीं बल्कि प्रेरणा का अवसर है। यह केवल पढ़े गए ज्ञान की ही नहीं, बल्कि अचानक आने वाली परिस्थितियों से जूझने की क्षमता की भी परीक्षा होती है। संयम, समर्पण और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता से किया गया परिश्रम निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम देता है। विशिष्ट अतिथि देवरिया मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तनाव नहीं, अनुशासन और संतुलन अपनाने से सफलता मिलती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच. के मिश्र ने रहीम के दोहे का उदाहरण देते हुए लक्ष्य पर एकाग्र रहने की सीख दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष मुन्नीलाल शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### विद्यालय गया छात्र गायब, केस दर्ज



**अलालगंज, प्रतापगढ़।** घर से विद्यालय पढ़ने के लिए गया छात्र गायब हो गया। परेशान परिजन ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मिश्रपुर धनऊ का पुरवा गांव निवासी राज यादव पुत्र रामकुमार यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो फरवरी को उसका पुत्र राहुल यादव सांगीपुर स्थित एक स्कूल में पढ़ने गया था। घर न लौटने पर परेशान परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन छात्र का कहीं पता नहीं चल सका। थक हारकर पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व महापौर के सोशल मीडिया पेज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज



**ब्यूरो प्रयागराज।** यह कार्रवाई प्रयागराज की पूर्व महापौर एवं भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री अभिलाषा गुप्ता नन्दी के सोशल मीडिया पेज पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर की गई। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व धमकी भरे शब्दों का प्रयोग किया गया था। इस मामले में पूर्व महापौर की मीडिया सलाहकार पूनम अग्रवाल ने कोतवाली में तहरीर देकर संबंधित युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। तहरीर में बताया गया कि पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी एक कर्मठ, परिश्रमी और समर्पित जनसेवक के रूप में जानी जाती हैं। उनकी सामाजिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है। वर्तमान में उनके फेसबुक पेज पर लगभग 3 लाख 57 हजार फॉलोअर्स जुड़े हुए हैं, जबकि इंस्टाग्राम और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर भी लाखों की संख्या में फॉलोअर्स मौजूद हैं। शिकायत के अनुसार, बीते दो-तीन दिनों से 'शैलेश श्रीवास्तव' नामक फेसबुक आईडी से उनके विभिन्न पोस्ट के कमेंट सेक्शन में अत्यंत आपत्तिजनक और भय पैदा करने वाली टिप्पणियां की जा रही थीं। टिप्पणी में कथित रूप से मंत्री नन्दी को लेकर आपत्तिजनक भाषा और धमकी का प्रयोग किया गया, जिससे मानसिक आघात पहुंचा है। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2010 में मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी पर आरडीएक्स रिमोट बम से प्राणघातक हमला हो चुका है, जिसमें एक वरिष्ठ पत्रकार और एक सिविल गनर की मृत्यु हुई थी। उस प्रकरण का ट्रायल इस समय अंतिम चरण में है। ऐसे संवेदनशील समय में की गई इस तरह की टिप्पणियों को गहरी साजिश का हिस्सा मानते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव का नाम बना अभिशापः बलिया का 'रूपवार तवायफ' सामाजिक तिरस्कार से जूझ रहा




**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से एक ऐसी खबर सामने आई है, जो समाज की सोच और प्रशासनिक व्यवस्था–दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जिले का एक गांव अपने नाम की वजह से वर्षों से सामाजिक तिरस्कार और मानसिक पीड़ा झेल रहा है। गांव का नाम है रूपवार तवायफ। नाम में जुड़ा 'तवायफ' शब्द आज यहां के लोगों के लिए सम्मान नहीं, बल्कि एक अभिशाप बन चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि उनका गांव पूरी तरह सामान्य है, यहां रहने वाले लोग मेहनतकश, पढ़े-लिखे और सम्मानपूर्वक जीवन जीने की इच्छा रखते हैं। लेकिन जैसे ही वे अपने गांव का नाम बताते हैं, सामने वाला व्यक्ति अजीब नजरों से देखने लगता है। इससे उन्हें शर्मिंदगी और अपमान का सामना करना पड़ता है। गांव के युवाओं का कहना है कि यह नाम उनके भविष्य में बड़ी बाधा बन रहा है। नौकरी के लिए आवेदन करते समय, प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म भरते वक्त या किसी सरकारी प्रक्रिया में जब गांव का नाम दर्ज करना पड़ता है, तब कई बार उन्हें मजाक, तंज और अपमान झेलना पड़ता है। कुछ युवाओं का दावा है कि साक्षात्कार के दौरान भी इस नाम को लेकर असहज सवाल पूछे जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आधार कार्ड, वोटर आईडी, निवास प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी दस्तावेजों में गांव का नाम इसी तरह दर्ज है। लोग अक्सर पूछ बैठते हैं कि यह कैसा नाम है, जिससे उन्हें हिचकिचाहट और मानसिक पीड़ा होती है। खासकर बेटियों के लिए यह नाम और भी बड़ी समस्या बन गया है। गांव वालों का कहना है कि रिश्ते तय करने में इस नाम की वजह से कई बार बात आगे ही नहीं बढ़ पाती। ग्रामीणों का मानना है कि गांव का यह नाम शायद किसी पुराने ऐतिहासिक या सामाजिक संदर्भ से जुड़ा हो, लेकिन आज की पीढ़ी का उससे कोई लेना-देना नहीं है। यहां के बच्चे पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनना चाहते हैं तथा सम्मान की जिंदगी जीना चाहते हैं। गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव के नाम पर पुनर्विचार किया जाए और इसे बदला जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इस मानसिक बोझ और सामाजिक तिरस्कार से मुक्ति मिल सके। उनका कहना है कि नाम बदले बिना सम्मान की राह आसान नहीं होगी।

## प्रभात नमकीन एंड स्नैक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा को दुबई में मिला बिज़नेस एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली!** व्यापार को बढ़ावा देने की पहल तहत अमर उजाला बिज़नेस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2026 का भव्य आयोजन दुबई के रेडिसन ब्लू डीरा क्रीक में सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित समारोह में प्रभात नमकीन एंड स्नैक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा को उनके उत्कृष्ट व्यावसायिक योगदान के लिए बिज़नेस एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। इस समारोह में रिटेल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कुल 35 उत्कृष्ट उद्यमियों और संस्थानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमाल सईद अहमद बुजंजाल अल एवं विशिष्ट अतिथि कैप्टन प्रदीप सिंह ने पुरस्कार प्रदान करते हुए विजेताओं के उद्योग विकास और सामाजिक प्रभाव में योगदान की सराहना की।




समारोह में भारत एवं विदेशों से आए प्रतिष्ठित उद्यमी, शिक्षाविद्, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और बिज़नेस लीडर्स की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अंतरराष्ट्रीय मंच पर अमर उजाला का प्रतिनिधित्व अशोक शर्मा हेड स्ट्रैटेजी एंड प्लानिंग और सचिन नरंग एवीपी सेल्स ने किया, जिनकी सक्रिय भूमिका से आयोजन अत्यंत सफल रहा। दुबई को इस आयोजन के लिए एक आदर्श स्थल के रूप में चुना गया, जो अपनी वैश्विक कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक अवसंरचना और व्यापार-अनुकूल वातावरण के लिए जाना जाता है। बिज़नेस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स का उद्देश्य भारतीय उद्यमों को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करना, नवाचार को बढ़ावा देना और सतत विकास के साथ-साथ विभिन्न उद्योगों के बीच सहयोग को सुदृढ़ करना है। दुबई संस्करण ने एक बार फिर सीमाओं से परे उत्कृष्टता को सम्मानित करने की अमर उजाला की प्रतिबद्धता को मजबूती से स्थापित किया।

### फूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 15 बोरी(5 क्विण्टल) धान बरामद

**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-45/ 2026 धारा-305क/ 331(4) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कल्लू गिरि उर्फ अर्जुन गिरि उर्फ शंकर गिरि पुत्र कन्हैयालाल गिरि निवासी बीबीपुर उग्रसेनपुर थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-05.02.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उग्रसेनपुर के पास से मुकदमा उपरोक्त में चोरी हुए 15 बोरी धान वजन करीब 05 क्विण्टल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि दिनांक-03.02.2026 को अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर वादी मुकदमा के गोदाम से करीब 20-30 बोरी धान चोरी कर लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-45/ 2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

## चलतीं ट्रेन में चढ़ी महिला का पैर फिसलने से गिरी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन में चलतीं ट्रेन में चढ़ने के दौरान बुजुर्ग महिला हड़बड़ाहट कर नीचे गिर गई,वह मुंह के बल गिरी,उनका एक हाथ ट्रेन और प्लेटफ़ॉर्म के बीच फंस गया, वहां मौजूद आरपीएफ के जवान ने तीन सेकेंड में उसे प्लेट फार्म के नीचे जानें से बचा लिया,यह पूरा मामला स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में क़ैद हो गया,इसका वीडियो सामने आया, है यह घटना सेंट्रल रेलवे स्टेशन से रात दो बजे हुई, पटना जा रही मगध एक्सप्रेस ट्रेन पर चढ़ते समय महिला गिर गई, इसके पति की मौत हो गई है,वह पति के जनाजा में शामिल होने के लिए परिवार के साथ जा रही थी, कानपुर के मेस्टन रोड की रहने वाली अनवर जहां अपने परिवार के साथ रहतीं हैं उनके पति इकबाल कुरेशी कुछ दिन पहले पटना गए थे, वहां बुधवार को उनकी मौत हो गई,यह जानकारी कानपुर पहुंची तो परिवार में मातम पसर गया पति इकबाल कुरेशी के जनाजे में शामिल होने



के लिए अनवर जहां अपने दोनों बेटों के साथ पटना जा रही थी,रात करीब दो बजे प्लेटफार्म नंबर पांच पर मगध एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन से पटना जाने के लिए रवाना हुई,इसी दौरान अनवर जहां ने ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, इसी दौरान पायदान से पैर स्लिप हो गया,वह मुंह के बल गिर पड़ी, इससे ट्रेन और प्लेटफ़ॉर्म के बीच हाथ फंस गया,इस दौरान डियूटी में मौजूद आरपीएफ जवान विनोद यादव की नजर पड़ी, विनोद ने तत्परता से महिला को बाहर खींच लिया, जिससे महिला की जान बच गई।

## ट्रेड डील पर राज्यसभा में बोले पीएम मोदी- वोट बैंक की राजनीति से नहीं, मजबूत इकोसिस्टम से होती है डील

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

राज्यसभा में पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति और वैश्विक भूमिका पर बात की. उन्होंने कहा कि भारत हाई ग्रोथ और लो इन्फ्लेशन के साथ विश्व का सबसे बड़ा युवा टैलेंट पूल है, जो वैश्विक चुनौतियों को मात दे रहा है. भारत आज कई देशों के साथ फ्यूचर रेडी ट्रेड डील कर विश्वमित्र बन रहा है।

पीएम मोदी ने राज्यसभा में अपने भाषण में विपक्ष को जमकर निशाने पर लिया. पीएम ने कहा किहमारे पास आज दुनिया का सबसे बड़ा युवा टैलेंट है. विश्व में आज जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, भारत उनका निवारण करने वाला देश है. भारत की ग्रोथ हाई और इन्फ्लेशन लो है. ये हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है। पीएम मोदी ने ट्रेड डील को लेकर विपक्ष पर कटाक्ष किया. उन्होंने कहा कि ट्रेड डील मजबूत इकोसिस्टम होती हैं ना कि वोट बैंक की राजनीति से. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, दुनिया आज एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की ओर बढ़ रही है. सबका झुकाव भारत की ओर है. भारत आज विश्व मित्र के रूप में अनेक देशों का भरोसेमंद पार्टनर बना है. आज पूरी दुनिया ग्लोबल साउथ की चर्चा करती है, जिसके सूत्रधार के रूप में भारत बुलंद आवाज बन गया है।

**आज फ्यूचर रेडी ट्रेड डील कर रहा है भारत**

पीएम मोदी ने कहा, आज भारत अनेक देशों के साथ फ्यूचर रेडी ट्रेड डील कर रहा है. दुनिया के 9 बड़े देशों के साथ ट्रेड डील की गई है. इसमें मदर ऑफ आल डील्स भी है. पीएम ने विपक्ष पर तंज कसा- जो लोग थक गए और चले गए उनको एक दिन जवाब देना होगा कि दुनिया का कोई देश हमसे डील क्यों नहीं कर रहा था।

**वोट बैंक की राजनीति में डूबे लोगों ने कभी सोचा ही नहीं**

उन्होंने कहा, दुनिया के देश हमारे साथ ऐसे ही आज डील नहीं कर रहे हैं. जब डेवलप कंट्री डेवलपिंग कंट्री के साथ डील करती हैं तो अपने आप में ये बड़ी बात है. वोट बैंक की राजनीति में डूबे लोगों ने देश के लिए कभी सोचा ही नहीं. जहां तक कांग्रेस



का सवाल है, मैं साफ-साफ कहना चाहता हूं कि कांग्रेस की सरकारों के प्रधानमंत्रियों ने लाल किले से भाषण दिए, उन्हें देख लो. उनके पास कोई विजन नहीं था।

**बड़े-बड़े देश हमसे संबंध रखने के लिए आतुर**

पीएम मोदी ने कहा, आज के भारत की कोशिशों का नतीजा है कि बड़े-बड़े देश हमसे संबंध रखने के लिए आतुर हैं. ईयू के साथ ट्रेड डील हो या अमेरिका के साथ, पूरा विश्व ट्रेड डील की तारीफ कर रहा है.जब ईयू के साथ ट्रेड डील हुई तो पूरी दुनिया को यकीन हुआ कि वैश्विक स्तर पर स्थिरता बढ़ेगी. अमेरिका के साथ डील होने पर ये यकीन और मजबूत हुआ।

## उत्तर प्रदेश का गौरव बने प्रयागराज के डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी

**● पैरा डार्ट्स चैंपियनशिप मलेशिया के लिए चयन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण, खेल प्रतिभा और मानवीय संकल्प के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि प्रयागराज स्थित नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, जमुनीपुर के विशेष शिक्षा विभाग में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी ने पैरा डार्ट्स के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। इंडियन डिसएबिलिटी डार्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय पैरा डार्ट्स चैंपियनशिप 2026, जो दिनांक 31 जनवरी एवं 1 फरवरी 2026 को कानपुर (उत्तर प्रदेश) में संपन्न हुई, में डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से 120 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जहाँ डॉ. त्रिपाठी ने अपने कौशल, एकाग्रता और अनुशासन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनके इसी शानदार प्रदर्शन के परिणामस्वरूप वर्ल्ड डिसेबिलिटी डार्ट्स एसोसिएशन, स्कॉटलैंड द्वारा आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय पैरा डार्ट्स चैंपियनशिप (मलेशिया) के लिए उनका चयन किया गया है। इस प्रकार डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी अब वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो न केवल प्रयागराज और उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। इंडियन डिसएबिलिटी डार्ट्स एसोसिएशन के महासचिव श्री महेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. त्रिपाठी का चयन उनकी निरंतर साधना, अनुकरणीय अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. त्रिपाठी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपने प्रदर्शन से राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करेंगे। डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी केवल एक सफल खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के मार्गदर्शक, प्रेरक और सशक्तिकरण के संवाहक भी हैं। वे सदैव इस संकल्प के साथ कार्यरत हैं कि सभी दिव्यांगजन शैक्षिक एवं खेल दोनों ही क्षेत्रों में समान अवसर प्राप्त कर विश्व मंच पर आगे बढ़ें। उनका प्रयास केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों



तक सीमित न होकर, दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने की दिशा में निरंतर समर्पित है। शैक्षणिक जगत में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका और खेल के मैदान में यह उपलब्धि डॉ. त्रिपाठी की बहुआयामी प्रतिभा, दृढ़ इच्छाशक्ति और मानवीय संवेदना को सशक्त रूप से रेखांकित करती है। उनकी यह सफलता विश्वविद्यालय परिवार, प्रयागराज जनपद एवं समस्त उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय होने के साथ-साथ उन असंख्य दिव्यांगजनों के लिए आशा, साहस और प्रेरणा का संदेश है। विश्वास है कि डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी का यह अंतरराष्ट्रीय पदार्पण दिव्यांग सशक्तिकरण की दिशा में एक नई राह प्रशस्त करेगा और आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा, खेल और राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

### नए यमुना ब्रिज की तरह 150 साल से अधिक पुराना रेलवे ब्रिज भी लाइटों से जगमग होगा

**ब्यूरो प्रयागराज।** नगर निगम ने अन्य पुलों की तरह यमुना पर बने पुराने पुल पर भी लाइटें लगाने की तैयारी कर ली है। पुल पर लाइटें लगाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों ने एनसीआर के अफसरों से बात की है। बताया जा रहा है कि रेलवे के अफसरों ने पुल पर लाइट लगाने की मौखिक स्वीकृति दे दी है। लाइट लगाने को लेकर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने बताया कि दो टायर वाले शहर के सबसे पुराने पुल पर अंधेरा रहता है। ऊपरी टायर से ट्रेनें जाती हैं। पुल के लोअर टायर से छोटे वाहनों की आवाजाही होती है। सूर्यास्त के बाद पुल से वाहन अंधेरे में आवागमन करते हैं। पुल पर लाइट लगाने की लगातार मांग हो रही है। नगर निगम लाइट लगाने के लिए तैयार है। रेलवे के अफसरों से पुल की सड़क मरम्मत करने का भी आग्रह किया गया है। महापौर ने अधिकारियों को योजना बनाने का निर्देश दिया है। अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार शुक्ल ने बताया कि पुराने यमुना पुल के पास रौनक बढ़ गई है। पुल के पास ही शाम को लेजर शो देखने लोग जाते हैं। वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां बढ़ गई हैं। अब फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का संचालन भी पुल के पास हो रहा है। ऐसे में लाइट लगने से शहर के सबसे पुराने पुल की खूबसूरती बढ़ जाएगी।


## पंचायत सचिव खोजवा ड्यूटी के दौरान शराब ठेके से एक पेटी शराब लेते हुए वीडियो वायरल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत करकटी के सचिव का वीडियो हुआ वायलर , जिसमें वीडियो में साफ दिख रहा हैं कि पंचायत करकटी के सचिव खोजवा चर्मकार शराब दुकान से एक पेटी शराब ले जाते हुए दिख रहे हैं।जिनके पास ग्राम पंचायतों के शिकायतें को निराकरण करने का समय नहीं वही दूसरी ओर सचिव साहब शराब की पेटी ले जा रहे हैं। ग्राम पंचायत करकटी का यह कोई पहला मामला नहीं जो अधिकारी नजर अंदाज कर रहे हैं लगातार पत्राचार के माध्यम से सचिव व सरपंच की शिकायतों के बाद भी सचिव की जुगाड़ काम आ जाता हैं।

**दर्जनों शिकायतें से परे पंचायत पर निपटारा के लिए नहीं समय**

जनपद सोहागपुर के ग्राम पंचायत करकटी में पंचायतों में हो रहे कार्यों में भारी लापरवाही लगातार सामने आ रही जिसमें




कई तो लिखित शिकायत तक हुई हैं लेकिन कार्यवाही व जाँच के नाम पर कुछ नहीं हुआ। इसमें से आधे शिकायत तो सीएम हेल्पलाइन में हुआ था। लेकिन न जाँच न कार्यवाही बस फोर्सक्लोज कर निपटारा कर दिया जाता हैं। इनका कहना हैं जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति जब इस संबंध में जानकारी पूछा गया तो बोले वीडियो भेज दीजिए वीडियो देखने के बाद हम उचित कार्यवाही करेंग।

## 22 फरवरी 2026 को कारपेट एक्सपो मार्ट भदोही में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के प्रभावी आयोजन हेतु सीडीओ ने की बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही/** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद भदोही में दिनांक 22 फरवरी 2026 को मेगा/ वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के प्रभावी आयोजन हेतु बाल गोविन्द शुक्ल मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता मे संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुये शिविर को सम्पन्न कराने हेतु समस्त अधिकारियों के साथ विकास बैठक की गयी। बैठक में समस्त संबंधित अधिकारियों का विभागवार दायित्व निर्धारण करते हुये योजनाओं की सहभागिता, लाभार्थियों की पहचान एवं शिविर के सफल आयोजन से संबंधित बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार कारपेट एक्सपो मार्ट भदोही निर्धारित स्थल पर सभी विभाग अपने-अपने स्टाल लगायेंगे एवं अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी जनमानस को देने हेतु पम्पलेट, इत्यादि उपलब्ध रखेंगे। साथ ही विभागीय




योजनाओं में लाभ दिये गये लाभार्थी सहित अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। कार्यक्रम स्थल पर दिनांक 22 फरवरी.2026 को अम्बेडकर विशेष रोजगार योजना, वी0वी0 राम जी योजना, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री / मुख्यमंत्री आवास, आरसेटी से प्राप्त प्रशिक्षण के लाभार्थी, सी0एम0 यूवा योजना, कौशल विकास, युवा कल्याण, पयर्टन संस्कृति, बेसिक शिक्षा, विद्युत विभाग, दिव्यांग कल्याण, आयुष्मान कार्ड, सम्मानित किसान इत्यादि सहित लगभग 2000 लाभार्थी कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर लाभार्थियों एवं जनमानस की सुविधा हेतु योजनाओं के शिविर लगाये जायेंगे। योजनाओं का लाभ दिया जायेगा।

साथ ही सुरक्षा का पुक्ता इंतजाम होगा एवं आकस्मिक चिकित्सा के लिए चिकित्सक दल, एम्बुलेन्स तथा पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश संबंधितों को दिया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि मोहन लाल मिश्रा, संदीप एवं जनपद के सभी अधिकारी उपस्थित रहें।

## एपस्टीन फाइल्स पर घबरा क्यों रहे हैं? पीएम मोदी पर संजय सिंह का पलटवार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण पर पलटवार किया है. उन्होंने एपस्टीन फाइल्स पर सवाल पूछा था. संजय सिंह ने आरोप लगाया कि पीएम ट्रंप के सामने नतमस्तक हैं. उन्होंने कहा कि हम देश को अमेरिका के हाथों गिरवी नहीं रखने देंगे, चाहे इसके लिए उन्हें जेल भी क्यों न जाना पड़े। राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि सवाल पूछने पर प्रधानमंत्री जी का ऐसा बयान उनकी बौखलाहट को दिखाता है. एपस्टीन फाइल्स पर सवाल पूछा तो पीएम घबरा क्यों रहे हैं? सवाल यह है कि उन फाइलों में ऐसा क्या है जिससे सरकार असहज हो रही है? संजय सिंह ने कहा, क्या इसी दबाव में प्रधानमंत्री जी ट्रंप के सामने नतमस्तक दिखाई दे रहे हैं? देश को अमेरिका के हाथों गिरवी रखने नहीं देंगे. चाहे इसके लिए मुझे फिर जेल ही क्यों न जाना पड़े. आज प्रधानमंत्री ने मुझ पर, अरविंद केजरीवाल पर और हमारी पार्टी पर संसद में जमकर हमला किया. ये उनकी बौखलाहट दिखाता है. प्रधानमंत्री इतना ज़्यादा इसलिए बौखलाए हुए हैं क्योंकि मैंने संसद में उनसे एपस्टीन फाइल्स पर सफाई मांगी।

**एपस्टीन फाइल्स में ऐसा क्या ?**

आम आदमी पार्टी सांसद ने सवाल किया, एपस्टीन फाइल्स में ऐसा क्या है जिससे प्रधानमंत्री इतना बौखला रहे हैं? क्या इसी वजह से वे ट्रंप के सामने नतमस्तक हैं? इससे पहले आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि क्या दिल्ली में भी एपस्टीन आईलैंड जैसे हालात बन रहे हैं?

**दिल्ली में 800 से ज़्यादा लोग गायब**

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से दुनियाभर में एपस्टीन फाइल्स की चर्चा चल रही है. इस फाइल में खुलासा हुआ है कि एक प्राइवेट आईलैंड पर नाबालिग लड़कियों को रखा जाता था और उनका रेप किया जाता था.वहीं अब दिल्ली में इस साल के



पहले 15 दिनों में 800 से ज़्यादा लोग गायब हुए हैं और इसमें से ज्यादातर बच्चियां हैं. दिल्ली में तमाम सुविधाएं होने के बावजूद दिल्ली पुलिस इनका पता नहीं लगा सकी है।

**पूरे देश में बच्चों को उठाया जा रहा**

इससे इतर पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने सदन में कहा,दिल्ली समेत पूरे देश में बच्चों को उठाया जा रहा है. हर साल हजारों बच्चे गायब हो रहे हैं और इसमें 72% बच्चियां हैं. एनसीआरबी के आंकड़े के अनुसार, देश में हर 8 मिनट के अंदर एक बच्चा गायब हो रहा है. इसमें भी दिल्ली में सबसे ज़्यादा बच्चे ग़ायब हो रहे हैं।

## UP के गांव हो रहे हाईटेक, प्लास्टिक कचरे से बनाई 75 किलोमीटर लंबी सड़क

**● राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

उत्तर प्रदेश के गांव अब स्वच्छता और नवाचार की नई पहचान गढ़ रहे हैं. प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण, घर-घर कूड़ा एकत्र कर उससे खाद निर्माण और आय सृजन के प्रयोगों ने प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को हाईटेक बना दिया है. राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं।

**वेस्ट टू वेल्थ मॉडल पर काम**

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है. इसके तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुरू कर वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है. इस पहल से अब तक 3 करोड़ रुपए से अधिक की आय सृजित हो चुकी है. वहीं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों से 29 लाख रुपए की अतिरिक्त कमाई की गई है. इस योजना के तहत पंचायतीराज विभाग प्रदेश में वेस्ट टू वेल्थ मॉडल पर काम कर रहा है।

**प्रदेश के हर गांव में किया जाएगा अभिनव प्रयोग**

पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ गांव महाभियान के तहत कूड़े को संसाधन में बदला जा रहा है. प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग कर सड़क निर्माण, जैविक कचरे से खाद उत्पादन और पंचायतों की आय बढ़ाने के ये प्रयोग प्रदेश के हर गांव को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं. इस योजना के जरिए प्रदेश के हर गांव में अभिनव प्रयोग किए जाएंगे।

**प्लास्टिक वेस्ट का यूटिलाइजेशन**

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, विभाग ग्राम पंचायतों को नवाचार के माध्यम से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है. गांव-गांव स्वच्छता अभियान के साथ प्लास्टिक वेस्ट के यूटिलाइजेशन से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि करोड़ों रुपये की आय भी सृजित हो रही है।